www.navpradesh.com

अदिम्ण तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024, वर्ष-13 अंक- 73 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ के धमतरी - सक्ती की सभा में गरजे पीएम नरेंद्र मोदी

60 साल तक एक परिवार ने रिमोट से चलाई सरकार

छत्तीसगढ़ में रोड, रेल, सिंचाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी का और तेजी से विस्तार होगा, माओवाद को जड़ से समाप्त करने का वादा करता हूं- मोदी

- प्रधानमंत्री बोले- कांग्रेस के नेता सिर्फ तिजोरी भरते रहे
- सभा में पहले कहा छत्तीसगढ़, सक्ती और धमतरी की जनता से जै जोहार

रायपुर/धमतरी/सक्ती/नवप्रदेश। पीएम नरेंद्र मोदी आज से दो दिन के छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे। उन्होंने आज रायगढ़ से सक्ती के लिए रवाना हुए और वहां जनसभा को सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 60 साल तक एक ही परिवार ने खुद या रिमोट से सरकार चलाई। इस दौरान कांग्रेस के नेता सिर्फ अपना तिजोरी भरने का काम किये। कांग्रेसी पूछते थे कि राम मंदिर कब बनाएंगे? हमने मंदिर बनवा दिया। हमने निमंत्रण भी भिजवाया, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। क्या ये भगवान राम का अपमान नहीं है? क्या ये छत्तीसगढ़ के लोगों का अपमान नहीं है?

पीएम ने आगे कहा धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टिकरण में लगी हुई है। ये कांग्रेस की डीएनए में है। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक छीनना पड़े तो एक सेकंड भी नहीं लगाएंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। पीएम ने ये बातें छत्तीसगढ़ के सक्ती में सभा के दौरान कही। प्रधानमंत्री मोदी यहां सक्ती से धमतरी की सभा के लिए प्रस्थान किये। थोड़ी देर में वे सभा को संबोधित किए।

रामनामी समाज के पूर्वजों ने की थी राम मंदिर की भविष्यवाणी : प्रधानमंत्री ने कहा, आज मेरे साथ रामनामी मेहरात राम जी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी के भाषण की प्रमुख बातें

- कांग्रेस ने ओबीसी के लिए कुछ नहीं किया। साहू समाज को गाली दी। मेरी स्वर्गीय माता जी को गाली दी।
- कांग्रेस के शाही परिवार के करनी का फल है कि जो गरीब जहां था, वहीं रहा। कांग्रेस के दशकों के राज में यही रहा। उनके राज में गरीब, आदिवासी, दलित पिछड़े रह गए।

सरगुजा लोकसभा के अंबिकापुर में आज लेंगे सभा

वहीं, अगले दिन यानी 24 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे सरगुजा लोकसभा के अंबिकापुर में सभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी आज 23 अप्रैल की रात रायपुर में राजभवन में गुजारेंगे। संभवतः वह देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो छत्तीसगढ़ के राजभवन में रुकेंगे।

..तो इन्हें लोकतंत्र खतरे में दिख रहा

- अब देश में एक आदिवासी बेटी राष्ट्रपति हैं, छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री हैं, छत्तीसगढ़ के ओबीसी उप मुख्यमंत्री है, जब मध्य प्रदेश में एक ओबीसी मुख्यमंत्री है। जब ये ऐसे पदों पर पहुंच रहे हैं तो कांग्रेस को लोकतंत्र खतरे में दिखाई देने लगा है। यह लोग देश में आग लगाने का काम कर रहे हैं।
- आज मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि 4 जून को चुनाव नतीजे आने के बाद, तीसरी बार मेरी सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में रोड, रेल, सिंचाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी का और तेजी से विस्तार किया जाएगा।
- भाजपा ने गरीब कल्याण योजना चालू किया क्योंकि गरीबों का दर्द सिर्फ भाजपा ही समझ सकती है। कांग्रेस को कभी चिंता नहीं हुई गरीब, आदिवासी, दलित परिवारों के पास इलाज का पैसा कहां से आएगा। ये दर्द और पीड़ा मेरे दिल में थी।
- भाजपा ने अपना सभी वादा पूरा किया। धान का 31 सौ रुपए और दो सालों का बकाया बोनस दिया। महतारी वंदन का 1 हजार रुपए महिलाओं को दे रहे हैं।
- छत्तीसगढ़ में नक्सली माओवादी हिंसा बढ़ती रही। आखिर ये कांग्रेस और हिंसा का कौन सा कनेक्शन है? जवाब है भ्रष्टाचार। अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस इसे बढ़ावा देती रही। लोग जान गंवाते रहे, लेकिन कांग्रेस अपनी तिजोरी भरने में लगी रही।
- भाजपा सरकार ने नक्सली हिंसा और भ्रष्टाचार दोनों को काबू किया है। मैं छत्तीसगढ़ को गारंटी देता हूं कि माओवाद को, नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करके रहूंगा। मैं उन हर माता को आश्वासन देता हूं कि आपके बच्चों की जिंदगी बर्बाद न हो, वो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अभी बहुत से काम पूरे करने हैं

सभी में पीएम मोदी ने कहा कुछ महीने पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए आपसे आशीर्वाद मांगने आया था। आप सभी ने इसे स्वीकार करते हुए प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दी है। फिर से आपके पास आशीर्वाद मांगने आया हूं। बहुत सारा काम अब भी बाकी है जिसे पूरा करना है।

मेरी मदद के लिए बहन कमलेश और भाई राधेशाम को भेजना है

सभा में पीएम ने कहा आपको मोदी के लिए एक घंटा निकालना चाहिए। सात मई को वोट देने के लिए मोदी के लिए एक घंटा निकालोगे। मोदी को वोट करोगे.. पक्का करोगे। आपको जांजगीर चांपा से छोटी बहन कमलेश जांगड़े और रायगढ़ से हमारे छोटे भाई राधेश्याम राठिया को भारी बहुमत से जीताकर मेरी मदद के लिए भेजना है। एक मजबूत सरकार बनाने के लिए दिल्ली में मेरा साथ देने वाले हैं।

दस बरस में पहली बार राजभवन में मोदी करेंगे रात्रि विश्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के दो दिन के दौरे पर हैं। आज मंगलवार को वे सक्ती और धमतरी में सभा लिए तथा कल सुबह अंबिकापुर में आम सभा को संबोधित करेंगे। धमतरी की सभा के बाद प्रधानमंत्री आज शाम रायपुर आ जाएंगे। वे यहां राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 बरस में पहली बार मोदी छत्तीसगढ़ में रात्रि विश्राम करेंगे। इससे पहले कभी ऐसा मौका नहीं मिला।

पीएम प्रोटोकॉल के मुताबिक वीवीआईपी सुइट तैयार

प्रधानमंत्री के रुकने के लिए राजभवन को तैयार कर लिया गया है। वीवीआईपी सुइट को भी सुसज्जित कर दिया गया है। इसी सुइट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पिछले प्रवास में रुकी थीं। प्रधानमंत्री के अलावा उनके सचिवालय और अन्य सीनियर अफसरों के लिए सुइट से लगे 10 कमरे दिए गए हैं। बाकी लोग सर्किट हाउस में रुकेंगे।

अकेले ही करेंगे डिनर, पीएमओ से आया डिनर मेन्यू

प्रधानमंत्री के रात के भोजन के लिए पीएमओ यानी प्रधानमंत्री कार्यालय से मेन्यू राजभवन पहुंच गया है। प्रधानमंत्री रात में भोजन बेहद सिंपल करते हैं। दाल, रोटी, एक सब्जी और कुछ सलाद। इसी तरह का मेन्यू पीएमओ से आया है। रात का डिनर भी उनका तामझाम के साथ नहीं होगा।

बुजुर्ग से पीएम मोदी बोले इलाज कराइए.. खर्चा आपका बेटा देगा

रायपुर/सक्ती/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। मंगलवार को दोपहर 2.05 बजे वो रायगढ़ के जिंदल एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से हेलीकाप्टर के माध्यम से वो सक्ती पहुंचे और जनसभा को संबोधित किए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- किसी भी बुजुर्ग को तकलीफ नहीं होनी चाहिए, अच्छे से हास्पिटल में इलाज कराइए.. खर्चा आपका बेटा देगा।

उन्होंने प्रदेश की जनता को आश्वस्त किया कि 70 साल से ऊपर की उम्र के हर व्यक्ति का

इलाज कराएगी सरकार। कहा- अपना नाम पता लिखकर मेरे सुरक्षा वालों को दे दो.. मैं आपको पत्र लिखूंगा। वहीं हाथ में मोदी की तस्वीर लिए खड़ी बच्ची से पीएम ने मंच से ही बात की।

महतारी वंदन योजना की देशभर में चर्चा: कहा- छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना की देशभर में चर्चा है। बहनों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग दे रहे हैं। तेंदूपत्ता का बढ़ा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कहा- छत्तीसगढ़ के लोग बहुत उदार हैं

पीएम ने शुरू किया भाषण- हमर बहिनी-भाई, ददा सबो झन ल मोर जय जोहार। इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने मंच से गिनाए कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार। कहा मोदी की गारंटी भाजपा सरकार सांय-सांय पूरा कर रही है, पीएम नरेंद्र मोदी से सीएम विष्णुदेव साय ने रामनामी संप्रदाय के प्रतिनिधियों से मंच पर ही मिलवाया, इस दौरान पीएम मोदी उनसे बड़े ही अपनत्व से मिले और चर्चा भी की।

आज बेबाक

इसे ही कहते है सिर मुड़ाते ही ओले पड़ना। कांग्रेस पार्टी ने बड़ी मसक्कत के बाद अपना चुनावी घोषणा पत्र बनाया और कई क्रांतिकारी कदम उठाने का ऐलान किया। जाती जनगणना के साथ ही उसने सभी का आर्थिक सर्वे कराने की घोषणा कर दी। नतीजतन नया बवाल खड़ा हो गया। पीएम मोदी सहित भाजपा नेताओं ने इस घोषणा को लेकर कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया है। यहां तक कि मंगलसूत्र छीने जाने के खतरे तक बात पहुंच गई है। इसीलिए सयाने कह गए है कि बीना विचारे जो करें वो पाछे पछताये। काम बिगाड़े आपनो जग में होत हसाये ।

शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने का विरोध कर रही हैं ममता : शाह

मालदा, (वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए उन पर पड़ोसी देश बंगलादेश से आकर यहां बसे हिन्दू, बौद्ध, ईसाई और सिख शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने का विरोध करने का आरोप लगाया।

शाह ने मालदा दक्षिण से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार श्रीरूपा मित्रा चौधरी के पक्ष में एक विशाल रोड शो करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी उन हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों और ईसाइयों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता देने से नहीं रोक सकता।

राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर : उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है और विकास निधि की हेराफेरी की गयी है। यहां तक कि राज्य के मंत्रियों के घरों से 50 से 75 करोड़ रुपये जप्त किये गये हैं। गृह मंत्री ने लोगों से 'कमल' के चिह्न के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

हनुमान जयंती : हवन पूजन के साथ जगह-जगह भण्डारे ...

रायपुर/नवप्रदेश। हनुमान जन्म उत्सव पर मंदिरों में हवन पूजन के साथ जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। - फोटोः महादेव तिवारी

गरमा-गरम

विडंबना... तेज धूप गर्मी में मतदान के लिए पहुंचेंगे छोटे-छोटे बच्चों को लेकर ग्रामीण, ..इन ग्रामों में कोई भी राजनीतिक पार्टी चुनाव प्रचार में नहीं पहुंची

कमार आदिवासियों को 25 किमी पैदल चल करना होगा मतदान

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के गरियाबंद जिले अंतर्गत आदिवासी विकाखण्ड मैनपुर के दुरस्थ वनांचल पहाडी के उपर बसे ग्रामों के विशेष पिछडी जनजाति के सैकडो कमार आदिवासियों को आजादी के सात दशक बाद भी मतदान करने के लिए 25 से 30 किलोमीटर दुर्गम पहाडी रास्ता को पैदल तय कर कुल्हाडीघाट आना पडता है ग्रामीण इस उम्मीद के साथ मतदान करने आते है कि उनके चुने हूए जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद उनके गांव तक पहुचने के लिए पक्की सडक, पेयजल, शिक्षा,

बिजली, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाए उपलब्ध करायेंगे लेकिन आजादी के 75 वर्षो बाद भी पहाडी के उपर बसे इन ग्रामो में न तो पक्की सडक का निर्माण हो पाया है और न ही पेयजल स्वास्थ्य शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधाए पहुच पाये है बावजूद इसके ग्रामीण हर पांच वर्ष में चाहे ग्राम पंचायत का चुनाव हो या विधानसभा या फिर लोकसभा का चुनाव हो पुरी ईमानदारी के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए परेशानियों को झेलते हूए पहुचते है इन ग्रामों के ग्रामीणों को मतदान करने के लिए दो से तीन दिन का समय लगता है चुनाव के एक दिन पहले पुरें गांव के मतदाता पैदल पहाड़ी रास्ते के सहारे कुल्हाडीघाट लगभग 25-30 किलोमीटर पैदल सफर कर आते है और रात्रि विश्राम कुल्हाडीघाट में करते है साथ ही मतदान करने के बाद दुसरे दिन फिर पैदल अपने ग्रामों के तरफवापस जाते है इस तरह उन्हे आना जाना लगभग 50 से 60 किलोमीटर पड जाता है दिलचस्प यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहाड़ी ऊपर के ग्रामीण राशन सामग्री लेकर पहुंचेंगे

मैनपुर विकासखंड के पहाड़ी ऊपर बसे ग्रामों के ग्रामीण मतदान करने के लिए जहां एक और पैदल आएंगे वहीं दूसरी ओर अपने साथ राशन सामग्री लेकर भी पहुंचते हैं और खुद भोजन बनाकर भोजन ग्रहण करते हैं उनके लिए किसी भी तरह की कोई व्यवस्था नहीं किया जाता लेकिन ग्रामीणों में मतदान को लेकर गजब को उत्साह देखते बनता है आज भी हमारे आदिवासी क्षेत्र के ग्रामीण लोकतंत्र पर आस्था जताते हुए अपने मत देकर लोकतंत्र को मजबूत किए हुए हैं।

360 के आसपास मतदाता हैं

कुल्हाडीघाट पहाडी के उपर ताराझर मटाल कुर्वापानी भालूडिग्गी में 360 के आसपास मतदाता है जो मतदान करने के लिए पैदल कुल्हाडीघाट पहुंचेंगे। इसी तरह मैनपुर विकासखंड अमली ग्राम के ग्रामीण 15 किलोमीटर पैदल चलकर मतदान करने इंदागांव पहुंचते हैं, डूमरघाट ग्राम के ग्रामीण 12 किलोमीटर बरदुला बोरीगांव मतदान करने पहुंचेंगे , मैनपुर ब्लॉक में दर्जनों ऐसे ग्राम है जहां की ग्रामीणों को आज भी मतदान करने के लिए 5 से 10 किलोमीटर पैदल ही आना पड़ता है।

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
लोकतंत्र का महापर्व 2024

एक क्लिक और करोड़ों लोगों तक राजनीतिक पार्टियों का संदेश..

राजनीतिक दलों का आईटी विभाग कर रहा है कमाल

- 7 देशों के प्रतिनिधियों को भाया भाजपा का तरीका
- राजस्थान, मध्यप्रदेश में देखा प्रचार टेक्निक

नीरज उपाध्याय/नवप्रदेश

एक दशक में चुनाव प्रचार का तरीका कितना बदल गया है... दीवार लेखन, पांपलेट वितरण, पोस्टर तैयार करने के दिन बीते दिनों की बात हो चुकी है। अब तो जनता तक पहुंचने के हाईटेक माध्यम ने काम आसान कर दिया है। हर काम छोटे-छोटे प्रोजेक्टरों से कार्यालय में बैठे-बैठे हो जा रहा है। इसीलिए आज के समय में राजनीति भी प्रोफेसनल की तरह हो चुका है। अधिक तामझाम, लाव लस्कर के साथ प्रचार की बजाय एक कमरे में हाईटेक टेक्निकल सिस्टमों ने देश हो या विदेश.. कहीं भी मतदाताओं तक पहुंच बनाने में आसानी हो रही है। हर व्यक्ति तक हैंड सेट में मैसेज पहुंचाने में समय बिल्कुल नहीं लगता। इसी को कहते हैं हिंग लगे न फिटकरी और रंग भी चोखा.. वाकया सटिक बैठता है।

सभी राजनीतिक पार्टियों ने यह अत्याधुनिक टेक्निक अपनाकर अपने संपर्क को जनता के बीच आसान बना दिया है। अपनी बात रखने में उन्हें आसानी हो रही है। इसके लिए राजनीतिक पार्टियां अलग से बजट तैयार कर अपने कार्यालयों को प्रचार के आधुनिक सिस्टमों से लैस कर दी हैं। इसके लिए बाकायदा आईटी विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। इसमें काम करने वाले युवा जो कि ऐसे काम के टेक्निकल में माहिर हैं उन्हें जिम्मेदारी दी गई है। बड़ा पैकेज.. या फिर कहीं-कहीं तनख्वाह पर नियुक्ति भी की गई है। इससे राजनीतिक पार्टियां कम समय में अधिक लोगों तक अपनी बात जनता तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। प्रचार के दौरान पार्टियां एक-दूसरे का खाल निकालने में पीछे नहीं रहतीं। अपने विपक्ष को नुकसान पहुंचाने पार्टियां उनकी कमजोरियां निकालकर आईटी की टीम के माध्यम से बड़ी क्षति पहुंचाने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ते। ऐसे मैसेज कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों के पास आसानी से पहुंच जाता है।

दूसरी ओर देखें तो इस सुविधा से पार्टियों का बड़ा समय बचता है, तो वहीं पार्टियों के खिलाफ फैलाए गए किसी गलत मैसेज से बड़ा नुकसान भी होता है। सालों की मेहनत पर कुछ ही समय में पानीफिर जाता है। जनता के बीच फैले भ्रम से राजनीतिक पार्टियों के बड़े-बड़े दिग्गज भी धराशायी होते देखा गया है, तो वहीं दशकों से छुपी गलत बातों के सामने आने पर अनेक पार्टियों की गलत नीतियां भी उजागर होती हैं। इससे किसी पार्टी को लाभ.. तो किसी राजनीतिक दलों को बड़ा नुकसान होता है।

टेक्निकल टीम तगड़ी

जो भी हो.. पर एक दशक पहले की जो स्थितियां चुनाव के दौरान देखने को मिलती थी उससे अब काफी भिन्नता आ चुकी है। कम समय में अधिक जनता तक जनप्रतिनिधि पहुंच जा रहे हैं। इस काम की समीक्षा करें और देखा जाए तो भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस काफी आगे है। उनका आईटी विभाग तगड़ा है। प्रचार में वक्तव्य, भाषण, योजनाएं जनता तक पहुंचाता है।

बीजेपी ने विदेशों में बनाया पैठ

भारतीय जनता पार्टी का आईटी विभाग इतना मजबूत है कि विदेशों में भी पैठ बना लिया है। विदेश की राजनीतिक दलों को बीजेपी के प्रचार सिस्टम ने इतना प्रभावित किया कि उसकी समीक्षा करने बाकायदा एक प्रतिनिधिमंडल भारत पहुंचा है। जनता के बीच अपनी बात रखने के तरीके, योजनाओं का प्रचार, जनता की बातों को सुनकर आगे का प्रोजेक्ट तैयार करने की टेक्निक व आधुनिक सिस्टमों को समझने पहुंचे हैं।

सात देशों के राजनयिकों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा

हाल ही में मिली जानकारी अनुसार भारत के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं अध्ययन करने के लिए रूस एवं बंगलादेश सहित सात देशों के राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल राजस्थान में जोधपुर की तीन दिन की यात्रा पर आया है।

राजस्थान के दौरे में कर रहे अध्ययन

भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने यहां एक बयान में कहा कि भारत में विभिन्न मिशनों से राजनयिकों का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से 22 से 24 अप्रैल, तक राजस्थान में जोधपुर की यात्रा पर रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में बंगलादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, रूस और सूरीनाम के राजनयिक प्रतिनिधि शामिल हैं।

पिछली बार मध्य प्रदेश पहुंचे थे

डॉ. चौथाईवाले के अनुसार पहले भी इसी तरह के प्रतिनिधिमंडलों ने भाजपा के चुनाव प्रचार अभियानों के सफलतापूर्वक संचालन का अनुभव हासिल किया है। वर्ष 2022 के आखिर में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में राज्य चुनावों के दौरान अभियान तथा नवंबर 2023 में मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कई देशों के राजनयिक प्रतिनिधि 'भाजपा को जानो' पहल के तहत गये थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर शुरू की गई पहल के अंतर्गत इन प्रतिनिधियों का दौरा हो रहा है। भाजपा की योजना आम चुनाव के आगामी चरणों के दौरान इसी तरह के प्रतिनिधिमंडल ले जाने की है।

लोकसभा चुनावी वॉच

पहली प्राथमिकता यमुना को निर्मल बनवाना : मुकेश धनगर

मथुरा लोकसभा सीट से सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी मुकेश धनगर का वादा

मथुरा, (वार्ता)। मथुरा लोकसभा सीट से सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी मुकेश धनगर ने मंगलवारको कहा कि विजयी होने पर उनका पहला काम यमुना को निर्मल बनवाना होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले को वे लगातार संसद में उठाएंगे तथा कुछ भी नही होने पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाते हुए धरना या आंदोलन करेंगे। वे तब तक शांत होकर नही बैठेंगे जब तक यमुना के निर्मल होने का काम पूरा नहीं हो जाता। उन्होंने इस धारणा को गलत बताया कि केन्द्र में भाजपा सरकार ही बनेगी। उनका कहना था कि यदि चुनाव निष्पक्ष होता है तो कोई दल चुनाव के पहले 400 पार की बात नही? करता। निर्णय तो जनता को करना होता हैं। ईडी और सीबीआई के डर से भले ही लोग खुलकर न आ रहे हों मगर लोगों में भाजपा सरकार के खिलाफजबर्दस्त आक्रोश है।

मंहगाई और बेरोजगारी दो बड़े मुद्दे

मंहगाई और बेरोजगारी ऐसे दो मुद्दे है जिससे हर परिवार संबंधित है। मंहगाई ने गरीब की थाली से दाल और सब्जी गायब कर दी है। दाल वह कभी खा भी लेता है पर सब्जी तो उसे त्योहारों पर ही मिलती है। बेरोजगारी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। गठबंधन प्रत्याशी ने दावा किया कि केन्द्र में इस बार गठबंधन की ही सरकार बन रही है।उत्तर भारत में भी लोग परेशान हैं मगर दक्षिण भारत में भाजपा को सूपड़ा एक बार यदि साफहो जाय तो आश्चर्य न होगा।

मुफ्त राशन देकर सरकार गरीबों को गरीब ही बनाए रखना चाह रही

उन्होंने आरोप लगाया कि मुफ्त राशन देकर सरकार गरीबों को हमेशा गरीब ही बनाये रखना चाह रही है। यदि इसकी जगह इन गरीबों को बैंक से ब्याज रहित कर्ज दिलाकर डेरी या अन्य कोई रोजगार शुरू करा दिया जाता तो यह वर्ग आत्मनिर्भर बन जाता।यही हाल गैस के सिलिन्डर का है, चुनाव के समय सुविधा देकर या इसे सस्ता कर देने से साल भर का खाना सिलिन्डर पर नही बन पाता। धनगर ने कहा ÷'सांसद ऐसा चाहिए जो जनता को हर समय आसानी से उपलब्ध हो और जनता उससे अपनी परेशानी को कह सके।

भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट पर उतारा नया चेहरा

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लद्दाख की लोकसभा सीट पर नया चेहरा उतारा है। पार्टी की आज यहां जारी 14वीं सूची में लद्दाख में श्री ताशी ग्यालसन को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वर्ष 2019 में इस सीट पर भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल को जीत हासिल हुई थी।

बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति

- निर्दलीय विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी भाजपा के साथ खड़ी नजर आ रही

बाड़मेर, (वार्ता)। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में सीमांत बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में इस बार विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में उतर जाने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी और कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल के साथ त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार नजर आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को इस क्षेत्र में होने वाले चुनाव में इन तीनों प्रत्याशियों के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी लीलाराम एवं आजाद समाज पार्टी (कांसीराम) के उम्मीदवार प्रभूराम एवं अन्य छह निर्दलीय प्रत्याशियों सहित कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन मुकाबला श्री चौधरी, श्री भाटी एवं श्री बेनीवाल के बीच ही माना जा रहा है।

इस क्षेत्र में 8 विधानसभा

इस क्षेत्र में जैसलमेर, शिव, बाड़मेर, बायतू, पचपदरा, सिवाना, गुडामालानी एवं चौहटन (सु) आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं जहां पांच विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक है जबकि दो में निर्दलीय और एक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक है। इनमें भी बाड़मेर से निर्दलीय विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी भाजपा के साथ खड़ी नजर आ रही हैं। ऐसे में राजनीतिक रुप से भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है।

पीएम ने ली थी सभा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में बाड़मेर में जनसभा कर चुके हैं। इसके अलावा फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत भी बुधवार को बाड़मेर एवं जैसलमेर में रोड़ शो करेगी। इसी तरह श्री बेनीवाल के समर्थन में कांग्रेस नेता प्रचार कर रहे हैं। गत विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर शिव से निर्दलीय चुनाव लड़कर विधायक बने श्री भाटी ने लोकसभा चुनाव में भी निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में ताल ठोक देने से यहां त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई हैं।

आजादी के बाद सत्रह चुनावों में नौ बार कांग्रेस का रहा कब्जा

बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में आजादी के बाद से अब तक हुए सत्रह चुनावों में सर्वाधिक नौ बार कांग्रेस ने बाजी मारकर अपना राजनीतिक दबदबा कायम किया वहीं भाजपा के उम्मीदवार यहां से तीन बार चुनाव जीत पाये हैं जबकि दो निर्दलीय एवं एक-एक बार जनता पार्टी, जनता दल एवं राम राज्य परिषद पार्टी का उम्मीदवार चुनाव जीतकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया हैं।

भाजपा का खाता 2004 में खुला

इस क्षेत्र में भाजपा का खाता वर्ष 2004 के चुनाव में खुला जब पार्टी प्रत्याशी मानवेन्द्र सिंह चुनाव जीते। इसके बाद भाजपा का उम्मीदवार 2014 में कर्नल सोनाराम एवं वर्ष 2019 के चुनाव में कैलाश चौधरी चुनाव जीतकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

दुनिया के सबसे बड़े नेता पीएम मोदी की प्राथमिकता गरीब कल्याण- भजनलाल

- टोंक जिले के उनियारा में भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में सभा

टोंक, (वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब, महिला, युवाओं के कल्याण के लिए लगातार काम कर रहे हैं और उनके प्रयासों से राजस्थान में योजनाओं को लगातार मूर्त रूप दिया जा रहा है। शर्मा मंगलवार को टोंक जिले के उनियारा में भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में श्री मोदी की मौजूदगी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अजमेर-सवाईमाधोपुर रेल परियोजना की लम्बे समय से मांग थी, जिसे श्री मोदी ने स्वीकृत कर दिया तथा अब इस पर काम भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे का 150 किमी क्षेत्र टोंक-सवाईमाधोपुर क्षेत्र में शामिल है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों का सुगम आवागमन संभव हो सका है।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी श्री मोदी 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में लगे हुए थे। उस वक्त तत्कालीन राजस्थान की कांग्रेस सरकार मिड-डे मील के घोटालों में लगी हुई थी। श्री शर्मा ने आश्वस्त किया कि मिड-डे मील घोटाले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने ईआरसीपी को केवल लटकाने, अटकाने और भटकाने का काम किया है जबकि श्री मोदी ने इस परियोजना का क्रियान्वयन कराया। इस परियोजना से टोंक-सवाईमाधोपुर-दौसा सहित पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में पेयजल तथा दो लाख 80 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो पाएगा।

90 दिनों में ही संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत वादे पूरे

मुख्यमंत्री ने कहा सरकार के गठन के 90 दिनों में ही संकल्प पत्र में किए गए 45 प्रतिशत वादे हमने पूरे किए हैं। हमने किसान सम्मान निधि की राशि छह हजार से बढ़ाकर आठ हजार, गेंहू की एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2400 रुपये प्रति क्विंटल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी जैसे निर्णय जनहित में लिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की दरों में विसंगति को दूर किया गया।

कोरबा संसदीय निर्वाचन में 27 अभ्यर्थी मैदान में

- 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 तक होगा मतदान
- जिले के दो लाख से अधिक मतदाता लेंगे भाग
- मतदाता जागरूकता अभियान तेज करें- कलेक्टर श्री लंगेह

कोरिया/नवप्रदेश। तृतीय चरण में होने वाले लोकसभा निर्वाचन की तिथि 7 मई को है। इसके लिए पहले लगातार जिला निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव को लेकर बैठक, प्रशिक्षण, दिशा-निर्देश, डाक मतत्रप, ड्यूटी चार्ट, रूट चार्ट, वाहन व्यवस्था जैसे कार्यों में अधिकारी-कर्मचारी पूरी तैयारियों में जुटे हैं।

कोरबा संसदीय निर्वाचन में 27 उम्मीदवार मैदान में

कोरबा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा 2024 के लिए 27 उम्मीदवार मैदान में है। रिटर्निंग अधिकारी, लोकसभा निर्वाचन, कोरबा से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत-इंडियन नेशनल कांग्रेस, दूजराम बौद्ध-बहुजन समाज पार्टी, सरोज पाण्डेय- भारतीय जनता पार्टी, कमल देव-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, प्रशांत डेनियल-सर्व आदि दल, प्रियंका पटेल- रिपब्लिक पार्टी ऑफइंडिया (ए), रेखा तिवारी- छत्तीसगढ़ गंगा राष्ट्रीय पार्टी, श्याम सिंह मरकाम- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, सुशील कुमार विश्वकर्मा- भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी, अमरीका करपे-निर्दलीय, कल्याण सिंह तंवर-निर्दलीय, राजगुरू केवल गोस्वामी-निर्दलीय, कौशल्या बाई पोर्ते-निर्दलीय, जयचन्द्र सोनपाकर-निर्दलीय, दिलीप मिरी-निर्दलीय, निर्दोष कुमार यादव-निर्दलीय, पालन सिंह-निर्दलीय, पुरूषोत्तम मानिकपुरी-निर्दलीय, प्रताप भानू-निर्दलीय, महेन्द्र कुमार श्रीवास (मंजू)-निर्दलीय, रमेश दास महंत- निर्दलीय, राजेश पाण्डेय-निर्दलीय, शांति बाई मारावी-निर्दलीय, शिवपूजन सिंह-निर्दलीय, शेख रउफनिर्दलीय, शोबरन सिंह सैमा-निर्दलीय तथा संतोष शर्मा-निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र जमा किए हैं। कोरिया जिले से एक अभ्यर्थी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र जमा किया है।

कोरबा संसदीय सीट में 8 विधानसभा हैं शामिल

कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत 4 जिले के 8 विधानसभा शामिल हैं। कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर, एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के मरवाही विधानसभा सीट है।

पांच अभ्यर्थियों के नामांकन हुए अस्वीकृत

बता दें राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य राजनैतिक दलों से तीन प्रत्याशी हैं, वहीं पंजीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों की संख्या छह है जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 18 है। इन अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दी गई है, वहीं नामांकन पत्र की संवीक्षा उपरान्त पांच अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र निरस्त किए गए हैं। जिन अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत हुए हैं, रीतेश्वरी गढ़वाल, मो. सागीर अंसारी, चरणदास महंत, संतोष खुंटे तथा वेदलाल धनवार है। इन अभ्यर्थियों द्वारा निक्षेप राशि जमा नहीं, 2-बी में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर नहीं प्रस्तावकों का नाम एवं हस्ताक्षर अप्राप्त, प्रारूप-26 अप्राप्त तथा नाम निर्देशन पत्र में प्रत्याशी के नाम सहित कई प्रविष्टियां काट दी गई है, इस वजह से नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया।

जिले में है महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

बता दें इस बार बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 228 तथा सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 78 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 1 लाख 70 हजार 663 मतदाता हैं, तो सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 36 हजार 552 मतदाता है। महिला-पुरुष मतदाताओं की बात करें तो बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 85 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 572 है। इसी तरह सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में पुरुष मतदाताओं की संख्या 18 हजार 230 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 321 है। इस तरह 2 लाख 7 हजार 215 मतदाता स्वस्थ लोकतंत्र के सहभागी होंगे।

पांच साल में बैकुण्ठपुर में करीब 4 तो सोनहत में 11 प्रतिशत मतदाता बढ़े

बता दें विगत लोकसभा निर्वाचन-2019 में बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के 1 लाख 25 हजार 872 (76.58 प्रतिशत), (सोनहत) विकासखण्ड के 28 हजार 667 (87.20 प्रतिशत), मतदाताओं ने मतदान किए थे। विगत लोकसभा निर्वाचन में बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में पुरूष मतदाता 77.59 प्रतिशत रहा तो महिला मतदाताओं की प्रतिशत 75.57 प्रतिशत थीं, इसी तरह सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में पुरूष मतदाता 88.59 प्रतिशत रहा तो महिला मतदाता की प्रतिशत 85.81 प्रतिशत रही। जानकारी के मुताबिक इस बार बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 3.84 प्रतिशत व सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 11.15 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

नए युवा मतदाता पहली बार करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

जानकारी के मुताबिक 6 हजार 920 नए युवा मतदाता, 2 हजार 188 दिव्यांग मतदाता हैं तो 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 640 वहीं 7 तृतीय लिंग मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

न्यूज गैलरी

सीएम निवास में श्रद्धा के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। भगवान हनुमान की जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सपरिवार मुख्यमंत्री निवास में पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों के लिए मंगल कामना की। पूरे देश में हनुमान जन्मोत्सव की धूम है। देश के हनुमान मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी हुई है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित श्री सालासर बालाजी धाम में भी भव्य रूप से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। सालासर बालाजी मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक कई अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर द्वारा कैंसर रोग ओपीडी आज बिलासपुर में

रायपुर/बिलासपुर। प्रदेश भर में उच्चतम गुणवत्ता के साथ किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रसिद्ध एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा आज 24 अप्रैल को बिलासपुर में कैंसर रोग परामर्श ओपीडी आयोजित की जा रही है। इस ओपीडी में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ यशवंत कश्यप अपनी सेवाएं देंगे। इस ओपीडी का आयोजन बिलासपुर नेहरू नगर, मेन रोड में स्तिथ श्री मंगला हॉस्पिटल में प्रातः 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक किया जा रहा है । जिन मरीजों को मुंह में ना ठीक होने वाले छाले, स्तन कैंसर, पेट आंत का कैंसर, स्तन में गांठ होना, शरीर में गांठ होना और त्वचा के बाहर से महसूस होना, खून का कैंस0र, फेफड़े का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, कीमोथेरपी, टारगेटेडथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, संबंधित या अन्य शिकायत को वे आज अग्रिम पंजीयन कर इस क्लीनिक का लाभ ले सकते हैं।

हरपाल सिंह अध्यक्ष मनोनित

रायपुर/नवप्रदेश। समाज के प्रति सेवा भावना व देशभक्ति राष्ट्र के प्रति वफादारी व सच्ची निष्ठा को देखते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के निर्णयानुसार हरपाल सिंह झास पिता पूरन सिंह झास को जन सूचना एवं मानवाधिकारी मिशन ने छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष एवं प्रभारी मनोनित किया गया है। वे पीड़ित व्यक्तियों की जनहित एवं न्यायहित में सहायता करते हुए समर्पित भावना से मिशन हेतु कार्य करेंगे।

अमिटी यूनिवर्सिटी बूटकैम्प का आयोजन करेगी 29 से

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल ऑफ एआईसीटीई ने देशभर इनोवेशन डिजाईन और उद्यमिता बूटकैम्प के तीसरे चरण की शुरूआत प्रारंभ कर दी है। इसी कड़ी में अमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर 29 अप्रैल से 03 मई तक 9 चयनित शहरों में बूटकैम्प का आयोजन कर रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति पीयूषकांत पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष प्रोफेसर रोशन मैथ्यू ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त आयोजन में 225 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे, जिसमें 100 विद्यार्थी विश्वविद्यालय के होंगे। अन्य विश्व विश्वविद्यालयों में ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी देहरादून, श्री नारायण कुरूकुलम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, एर्नाकुलम केरल, नेशनल इंस्टयूटी ऑफ गोवा, एएलई टेक्नालॉजिकल यूनिवर्सिटी हुबली कर्नाटक, एसएसएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग बारामुला कश्मीर, कलासलिंगम अकादमी ऑफ रिसर्च एंड एजेकेशन तमिलनाडु, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी सोलन एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वराणसी उत्तर प्रदेश के विद्यार्थी शामिल होंगे।

चाकू से युवकों पर जानलेवा हमला, एक की गई जान

रायपुर/नवप्रदेश। बोरियाखुर्द में चाकूबाजी की घटना हुई है। पुलिस के मुताबिक 22 अप्रैल की रात 10.30 बजे पुराने आपसी विवाद को लेकर आरोपी शुभम् गिरी, जयेश गिरी, रवि तोण्डे, सूरज नंदे ने संगम पैलेस के पास बोरियाखुर्द में चाकू से आर्यन तोमर, शुभम् चंद्राकार, समीर साहू, सिद्धांत निषाद पर चाकू से हमला कर दिए। जिसमे आर्यन तोमर निवासी बोरिया खुर्द की मौत हो गई है। और शुभम् चंद्राकर, समीर साहू, रवि घायल है जिनका इलाज चल रहा है। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सुरक्षाघेरा तोड़ा, राजभवन के पास दौड़ाई बाइक

रायपुर/नवप्रदेश। राजभवन के पास 3 लेयर सुरक्षा को तोड़ एक बाइक तेज रफ्तार आगे बढ़ गया। जिसमें 3 युवक सवार थे। बता दें कि जांजगीर के बाद प्रधानमंत्री आज धमतरी का दौरा करेंगे, जिसके बाद वे वापस रायपुर लौट आएंगे। वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। बता दें कि उनकी सुरक्षा को लेकर रायपुर में अभूतपूर्व तैयारियां की गई हैं। राजभवन के आसपास और समूचे रायपुर में बड़े पैमाने पर सुरक्षाबलों की तैयारी की गई हैं। दुसरे जिलों से जुड़ने वाली सड़के, रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे में गहन जांच की जा रही हैं। इसके साथ ही वाहनों की भी जाँच की जा रही हैं। शहर के लॉज और होटलों में रुकने वालों की भी जानकारी ली जा रही हैं।

निधन

मृदुला दुबे

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे की धर्मपत्नी मृदुला दुबे का 23 अप्रैल मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। मंगलवार को दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार 23 अप्रैल को ही सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। उनके स्वर्गवास की खबर से पूरे विश्वविद्यालय परिवार में शोक की लहर है।

मतदाता जागरूकता का संदेश देने महिलाओं ने थामा कार की स्टीयरिंग..

■ **जज्बा, उत्साह और एक स्वर में हर वर्ग को मतदान करने की अपील**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए महिलाओं के द्वारा निकाली गई कार रैली में महिलाओं का जज्बा और जोश देखते ही बन रहा था। महिलाएं खुद कार की स्टेरिंग थामकर रैली में निकली। सबसे आकर्षण खुली जीप में महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता का स्लोगन और विभिन्न तरह के नवाचारी से मतदाता जागरूकता का कार्य किया गया। इस कार रैली में कई समूह की महिलाएं शामिल हुई और एक स्वर में मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए मतदान का संदेश दिया। स्वीप के इस नवाचारी कार्य के लिए जिला प्रशासन को कार रैली में शामिल हुई महिलाओं ने धन्यवाद दिया और सराहना भी की।

मजबूत लोकतंत्र के लिए हर वर्ग को मतदान जरूरी: रायपुर की प्रियंका मिश्रा गृहणी है। मतदाता जागरूकता के लिए रैली में शामिल श्रीमती मिश्रा बताती हैं कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में मतदान सबसे आवश्यक है। अधिक से अधिक मतदान से लोकतंत्र मजबूत होगा। 18 की उम्र से अधिक के युवाओं और बुजुर्गों भी अपील है कि 7 मई को मतदान के लिए अवश्य मतदान केंद्र जाएं और मजबूत लोकतंत्र बनाने में सहभागी बनें।

मतदान में महिलाओं की बड़ी जिम्मेदारी : रायपुर की श्रीमती शारदा सिंह ने महिलाओं के द्वारा निकाली गई कार रैली को महत्वपूर्ण बताते हुए कहती हैं कि लोकतंत्र के पर्व के लिए एक दिन समय निकालकर अवश्य मतदान करें। महिलाओं की जिम्मेदारी बड़ी होती है और महिलाएं बढ़-चढ़कर मतदान का हिस्सा बनें और कार रैली जैसे आयोजन के लिए जिला प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद।

सभी धर्म लोकतंत्र के पर्व में निभाए सहभागिता : रायपुर की इंदिरा गांधी कहती है कि जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता के लिए भव्य कार रैली का आयोजन किया। हमने कार रैली में अलग-अलग धर्म के लोगों को लोकतंत्र के पर्व में सहभागिता निभाने का संदेश दिया। जोश, उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता के लिए कार रैली निकाली गई। इसके लिए प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद करते है।

रायपुर लोस क्षेत्र के अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 8 के लिए 38 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं और उन्हें चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है।

इनमें भारतीय जनता पार्टी से बृजमोहन अग्रवाल को कमल छाप, बहुजन समाज पार्टी से ममता रानी साहू को हाथी छाप, इंडियन नेशनल कांग्रेस विकास उपाध्याय को हाथ, राईट टू रिकॉल पार्टी से अनिल महोबिया को प्रेसर कुकर, भ्रष्टाचार मुक्ति पार्टी से मो. अमिन को टायर, आप सबकी अपनी पार्टी से आशीष कुमार तिवारी को कमल की निब सात किरणों के साथ, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दयाशंकर निषाद को बासुरी, धूं सेना से नीरज सैनी पुजारी को अनूठी, आजाद समाज पार्टी (कांशी) से पिताम्बर जांगड़े को केतली।

इसी प्रकार सुन्दर समाज पार्टी पीलाराम अनंत को कांच का गिलास, भारतीय बहुजन कांग्रेस से भंजन जांगड़े (अधिवक्ता) को ऑटो-रिक्शा,

आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से याशुतोष लहरे को कोर्ट, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से लखमू राम टंडन को नारियल फार्म, इंजी लाल बहादुर यादव गोडवाना गणतंत्र पार्टी से आरी छाप, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया (कम्यूनिस्ट) सेव् विश्वजीत हरोडे को बैटरी टार्च।

इसी तरह शक्ति सेना (भारत देष) से सविता शैलेन्द्र बंजारे को गैस-सिलेंडर, हमर राज पार्टी से सुरेश कुमार नेताम को बाल्टी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (।) से हीरानंद नागवानी (अशोक भैया) को सिलाई की मशीन, निर्दलीय अमरनाथ चंद्रकार को डिश एंटीना, डॉ. ओमप्रकाश साहू को भालाफेक , मो. इमरान खान को तरबूज, मो. नासीर को ट्रक, नुरी खॉ को कारपेट , नंदिनी नायक को लेडी पर्स, प्रविशान्त सालोमन को हेडफोन, प्रवीण जैन को गैस का चूल्हा, बोधन लाल फरिकसा को सीसीटीवी कैमरा, इंजी. भानु प्रताप टाण्डे को लैपटॉप।

मनोज वर्मा को सेब, याकुब खान को हीरा, राजेश ध्रुव को पानी का जहाज, राधेश्वरी गायकवाड़ को एयर कंडीशनर, रामकृष्ण वर्मा को कड़ाही, रामप्रसाद प्रजापति को अलमारी।

इसी तरह रोहित कुमार पाटिल को प्रेस, विनायक धमगाये को गन्ना किसान, सुधांशु भूषण को ब्लैक बोर्ड, सैययद इरशाद को बेबी वाकर का चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है।

रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से तीन अभ्यर्थियों ने वापस लिए नामनिर्देशन पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 08 में निर्वाचन हेतु दिनांक 12.04.2024 से 19.04.2024 तक प्राप्त नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा उपरांत कुल 46 विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची जारी किया गया था। जिसमे मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनैतिक दलों से तीन अभ्यर्थी, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों से 16 अभ्यर्थी एवं 26 निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलाकर रायपुर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 8 से नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा उपरांत विधिमान्य कुल 46 अभ्यर्थियों की सूची जारी किया गया था। आज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 2024 में विधिमान्य रूप से नामनिर्देशित अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ली हैं।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देहात में शराब दुकानें रहेंगी बंद

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मद्देनजर देहात के इलाकों में शराब दुकान बंद करने नया आदेश जारी कर दिया गया है। आगामी मतदान दिवस के चलते 24 अप्रैल की शाम 4 बजे से लेकर 26 अप्रैल को देहात की दुकानों को बंद रखा जाएगा। जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह ने आदेश जारी कर व्यवस्था लागू की है। आदेश के बाद नवापारा, गुल्लू और आरंग स्थित शराब दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर के आदेश के बाद आबकारी विभाग ने इन दिनों को बंद करने की तैयारी की है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए देहात के कुछ हिस्सों को ड्राय डे घोषित किया है। ड्राय डे वाले हिस्सों की संख्या आगे बढ़ सकती है।

आब्जर्वर रोहन चंद ठाकुर ने जानी मतदान केंद्रों की स्थिति

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्रमांक 08 आब्जर्वर रोहन चंद ठाकुर द्वारा आज ग्राम पंचायत निमोरा, बेन्द्री केन्द्री, अभनपुर एवं ठेलकाबांधा के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने सुगम मतदान के लिए ज़िला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस

दौरान अभानपुर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रवि सिंह सहित राजस्व अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

जनता अब भाजपा सरकार को देगी राम-राम बोल कर विदाई : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक धरमजीत सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जनता अब भाजपा सरकार को राम-राम बोलकर विदाई देगी. भाजपा सरकार 10 साल में रामकाज नहीं कर पायी, हर वर्ग को हताशा और प्रताड़ना मिला है. रसोई से लेकर सड़क तक भाजपा सरकार का एक ही मकसद था जनता से सिर्फ पैसा वसूलना. महंगाई की मार जनता को पड़ी है रोजगार छिना गया है, आम जनता की आय तो बढ़ी नहीं बल्कि परेशानियां चार गुना बढ़ी है, यह रामराज नहीं है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा को राम-राम कर जनता अब कांग्रेस का बटन दबाकर रामराज की मार्ग में चलकर काम करने वाली सरकार बनाएगी।

आजादी के बाद जब इस देश में दो वक्त का भोजन भी नहीं था, ना बजट था, ना सुविधा थी तब कांग्रेस की सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से देश को मजबूत किया था. आधुनिक किया था, सेना को मजबूत किया था. एम्स हॉस्पिटल, केंद्रीय विद्यालय और नवोदय जैसे स्कूल, कॉलेज, आईआईटी, एचएमटी, भेल, आईआईएम, एनडीआई, डीआरआई, सेल, इसरो, ओएनजीसी स्टील प्लांट रेलवे के कई कारखाने भाखड़ा नांगल, हीराकुंड जैसे बांधों का निर्माण किया था। हरित क्रांति श्वेत क्रांति संचार क्रांति पंचवर्षीय योजनाएं बनाई।

शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, सूचना का अधिकार, मनरेगा जैसे योजना लाकर लोगों को सशक्त बनाया। भारत का सम्मान विश्व में बढा। अनेक संस्थाओं का निर्माण किया था. यह राम काज कांग्रेस की सरकार ने किया था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार यदि जनता से किये वादा को पूरा करती तो भाजपा नेता मंच के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियां का बखान करते। दुर्भाग्य की बात है 10 साल सरकार में रहने के बाद भाजपा के पास मंच से बताने के लिए मोदी सरकार की उपलब्धि कुछ भी नहीं है।

पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में ओछी और घटिया टिप्पणी नहीं करनी चाहिए : रंजीत रंजन

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि आज 23 तारीख है कल दूसरे चरण का चुनाव खत्म होने वाला है। तीन चरण में छत्तीसगढ़ में चुनाव है। बहुत दुखद है प्रधानमंत्री जो भारतीय जुमला पार्टी के है पूरे देश के प्रधानमंत्री है। पहले राजस्थान फिर अलीगढ़ में झूठ बोला अब छत्तीसगढ़ में रात रूकने वाले है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह भी रूक चुके है। सत्ताधारी लोग घबराये हुये है।

आज तक के इतिहास में किसी कोई प्रधानमंत्री के बारे में इतनी ओछी और घटिया टिप्पणी नहीं की थी। प्रधानमंत्री की गरिमा को उस तरह से देखा नहीं कि एक प्रधानमंत्री के पद में रहते हुये दूसरे प्रधानमंत्री जिनका पूरा वर्ल्ड लोहा मांगता था के बारे में स्तरहीन टिप्पणी करें। 2008 में पूरा वर्ल्ड में आर्थिक मंदी थी उस समय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह थे, जिन्होंने ने अपने देश को बचाने का काम किया था। आज देश का प्रधानमंत्री झूठ बोल रहा है उनके बारे में इससे ओछी हरकत आज से पहले हमारे देश के किसी प्रधानमंत्री ने नही किया है।

प्रधानमंत्री की गरिमा की रक्षा करनी चाहिये और इस तरह के झूठे और इस तरह के ओछी बाते पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में नहीं कहनी चाहिये। जो उन्होंने मंगलसूत्र-मंगलसूत्र का बयान दिया वह उनकी सोच को बताता है वह महिलाओं को हेय दृष्टि से देखते है।एक महिला होने के नाते मैं इसकी निंदा करती हूं। देश की मजबूत महिलाये है जो 1962 से इंदिरा गांधी ने ज्वेलरी और गहने तक आर्मी वाले को दे दिये थे। आर्मी वाले के नाम पे समर्पित किये थे। प्रधानमंत्री का बयान बहुत ही छोटी और ओछी हरकत है। आप किसी का मंगलसूत्र के नाम से कम्पेय कर रहे है और मंगलसूत्र एक महिला का सुहाग होता है और महिला को हेय दृष्टि से देखने का अधिकार पूरे हिंदुस्तान में किसी को भी नहीं है न ही प्रधानमंत्री को है।

10 सालों में मोदी की गारंटी फेल साबित हुई एक भी वादा पूरा नहीं किया : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 10 सालों में मोदी की गारंटी फेल साबित हुई एक भी वादा पूरा नहीं किया। मोदी सरकार ने 10 सालो में एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने 2014 के घोषणापत्र में 25 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में, केंद्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड़ नौकरियां निर्मित हुई हैं। यह मूल गारंटी का बीसवां हिस्सा भी नहीं है । वर्तमान में, 25 से कम आयु के दस में से चार स्नातक बेरोजगार हैं। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल बेरोजगारों में से 83 परसेंट बेरोजगार युवा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी ने कहा था किसानों की आय दोगुनी होगी। इस लक्ष्य को 2022 तक प्राप्त करने के लिए 2015 से किसानों की आय में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता थी । वास्तविक वृद्धि 3.5 प्रतिशत ही रही है। इस गति से गारंटी 2035 में ही पूरी हो सकेगी। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, हर दिन 30 किसान आत्महत्या करते हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार की नोटबंदी योजना नासूर साबित हुई।

कलिंगा विवि में स्ट्रेस बस्टर इवनिंग जैमिंग सत्र

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग ने अपने छात्रावास के छात्रों के लिए इवनिंग जैमिंग सेशन÷ का आयोजन किया, जिससे परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को परीक्षा-तनाव से राहत मिली। इस कार्यक्रम को उल्लेखनीय प्रतिक्रिया मिली, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और संगीत समारोह का आनंद लिया।

छात्र कल्याण प्रभारी अधिष्ठाता - लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर की विचारशील पहल के तहत, जैमिंग सत्र का उद्देश्य परीक्षा के दबाव और चिंता को कम करना था। कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए, लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने कहा, ÷छात्रों को परीक्षा के दबावों के बीच ब्रेक लेना अत्यंत आवश्यक होता है। शाम के जैमिंग सत्र ने हमारे छात्रावास के छात्रों को आराम करने, मौज-मस्ती करने और संगीत के साथ जुड़ने का एक अवसर प्रदान किया।

शाम का मुख्य आकर्षण अनुराग जेम्स (संगीत कलाकार) की मनमोहक संगीत प्रस्तुति थी, जिनके साथ प्रतिभाशाली छात्रों ने भी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भावुक गानों से लेकर फुट-टैपिंग तालों तक, प्रदर्शनकर्ताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और एक आनंद और एकजुटता का वातावरण बनाया। इस कार्यक्रम ने न केवल एक तनाव निवारक के रूप में कार्य किया, बल्कि छात्रों के बीच सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा दिया, जिससे शैक्षणिक वातावरण में समग्र कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कलिंगा विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, अभिषेक शर्मा - निदेशक-मार्केटिंग, डॉ. लिन्सी रॉय - उप रजिस्ट्रार और मानव संसाधन प्रमुख, राजेश सैनी - लेखा अधिकारी, सु सोनम दुबे - सहायक निदेशक-मार्केटिंग, सु आकांक्षा दुबे, सु सिमरन थिरानी, जगन मोहन, क्षितिज द्विवेदी, विशाल सिंह, हर्ष खरे, महेश साफी और अन्य ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्र बिक्की झा, पार्थ दुबे, सु कनक, मन्नू कुमार एवं अंकुर कुणाल द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियां दी गयीं. छात्र कल्याण विभाग (डीएसडब्ल्यू) टीम में शेख अब्दुल कादिर-डिप्टी डीएसडब्ल्यू, सु निकिता जोशी-सहायक डीएसडब्ल्यू और तोशन तारक - कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल थे।

स्वीप संध्या 26 अप्रैल की शाम मरीन ड्राईव में होगी

■ **मॉडल अधीर-जया भगवानानी के साथ सीनियर सिटीजन, कपल्स, युवा वोटर करेंगे रैम्प वॉक**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने संचालित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार 26 अप्रैल की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ÷स्वीप संध्या÷ का आयोजन किया जा रहा है। प्रख्यात मॉडल अधीर भगवानानी और जया भगवानानी का रैम्प वॉक इस अवसर पर होगा, यही नहीं अविवाहित, विवाहित, वरिष्ठ मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही साथ तीन पीढ़ियों के सदस्य रैम्प वॉक कर सभी को मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या की शुरूआत मरीन ड्राईव तेलीबांधा में शाम 06:30 बजे होगी।

युवा वोटर्स, अविवाहित, नववधू, तीन पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करने वाले दादी, माँ, बेटी और दादा-दादी एवं पोता, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरूष व महिला मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग इस स्वीप

संध्या में के रैम्प वॉक के प्रतिभागी होंगे। इसके लिए निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष के अविवाहित मतदाता, 01 वर्ष की नवविवाहिता मतदाता के साथ महिला पुरूष मतदाता वर्ग में पृथक-पृथक एक साथ तीन पीढ़ियां व ट्रांसजेंडर्स एवं दिव्यांग मतदाता रैम्प वॉक कर मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या में भाग ले रहें प्रतिभागियों को शाम 05 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए कहा गया है। रायपुर जिला प्रशासन के इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में कोई भी प्रतिभागी पंजीयन करा सकते है।

सुविचार

एक अच्छी किताब हजार दोस्तों के बराबर होती है जबकि एक अच्छा दोस्त पूरा पुस्तकालय होता है। - अज्ञात

आर्थिक सर्वे की घोषणा पर बवाल

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में किये गए आर्थिक सर्वे की घोषणा पर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। कांग्रेस की इस घोषणा को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर अपने हमले तेज कर दिये हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी चुनावी सभाओं में इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए उस पर जमकर निशाना साध रहे हैं। पीएम मोदी का आरोप है कि देश की संपत्ति को लूटना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझने वाली कांग्रेस पार्टी की नजर अब महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। उनका कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए बयान दिया है कि यदि उनकी सरकार बनी तो कौन कितना कमाता है.. किसके पास कितनी संपत्ति है इसकी जांच करायी जायेगी। और इन संपत्तियों को सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। पीएम मोदी का कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर यह सबसे बड़ा जुबानी हमला है। पीएम मोदी के इस बयान के बाद गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेता भी कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। वे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का भी उल्लेख कर रहे हैं जिसमें मनमोहन सिंह ने यह कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। भाजपा के इस हमले का जवाब देते हुए कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर वोटों के ध्रुवीकरण का आरोप लगाया है। पीएम मोदी के बयान को लेकर कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। इधर भाजपा नेताओं ने भी कांग्रेस के खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस का आरोप है कि पहले चरण के मतदान में आईएनडीआईए को भारी सफलता मिल रही है इस बात की जानकारी होने के बाद अब अपनी संभावित हार से बौखलाकर भारतीय जनता पार्टी के नेता और खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने किसी भी संपत्ति को जप्त करने की और उसे एक समुदाय विशेष में बांटने की कोई घोषणा नहीं की है। महिलाओं के मंगलसूत्र को लेने की बात तो कपोल कल्पना है। भाजपा नेता इस बारे में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं और हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल अब लोकसभा चुनाव में जुबानी जंग लगातार तेज होती जा रही है। आरोप-प्रत्यारोप लगाने का सिलसिला जोर पकड़ता जा रहा है। ज्यों-ज्यों मतदान के चरण आगे बढ़ते जाएंगे यह जुबानी जंग और तेज होती जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब कांग्रेस पर यह भी आरोप लगाया है कि जिस कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है वहां हिन्दू त्यौहार मनाने पर अड़ंगे लगाये जा रहे हैं। उन्होंने गैर भाजपा शासित राज्यों में हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का भी आरोप लगाया है। अयोध्या में राम मंदिर के लोकार्पण समारोह में न आने वाले विपक्षी नेताओं पर भी भाजपा के नेता अपनी चुनावी सभाओं में कांग्रेस को निशाने पर ले रहे हैं। पहले जाति और अब धर्म के नाम पर इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप उचित नहीं है। इससे सभी राजनीतिक दलों को परहेज करना चाहिए।

नक्सलवाद के खिलाफ शाह का शंखनाद

छत्तीसगढ़ की कांकेर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के चुनाव प्रचार में आए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का शंखनाद कर दिया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान बस्तर में नक्सलियों ने बड़ी हिंसक घटना को अंजाम देने का मनसूबा बनाया था। किन्तु पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों ने एक मुठभेड़ में 29 नक्सलवादियों को मार गिराया था। इसके बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है, ताकि दूसरे चरण के मतदान के दौरान कांकेर में नक्सली संगठन किसी हिंसक घटना को अंजाम न दे सकें। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सली संगठनों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दे दी है कि वे आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा यह बात समझ ले कि आने वाले दो साल के भीतर बस्तर से नक्सलियों को उखाड़ फेकेंगे। नक्सलियों के खिलाफ अब निर्णायक लड़ाई लड़ी जायेगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद पिछले चार महिने के भीतर 90 नक्सली मारे जा चुके हैं। और लगभग 250 नक्सलवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा लगातार यह कहते रहे हैं कि बस्तर के विकास के लिए वहां शांति जरूरी है। इसलिए सरकार नक्सली संगठनों के साथ खुले दिल से बातचीत के लिए तैयार है। वे बंदूक छोड़कर सरकार के साथ बातचीत के लिए आगे आएं, अन्यथा सरकार नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी, किन्तु नक्सली संगठन हिंसा का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इसलिए अब सरकार नक्सली उन्मुलन अभियान को तेज कर रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नक्सली संगठन सरकार के साथ वार्ता के लिए आगे आयेंगे।

प्रेरक प्रसंग

सादगी में विद्वता

भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व. श्री राजेंद्र प्रसाद ने प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश लिया। सादगी उनके व्यक्तित्व की अपनी एक महत् विशेषता थी। जब पहले दिन वे कक्षा में गये तो अचकन, पाजामा और टोपी पहने हुए थे। शेष सब लड़के कोट, पतलून तथा टाई में थे। वे सब लड़कों को देखकर समझे कि इनमें अधिकांश एंग्लो इंडियन होंगे। और उन्हें देखकर सब लडकों ने ऐसा भाव व्यक्त किया, जैसे पूछ रहे हो, कहाँ से रस्सा तुड़ाकर भाग आए हो ?

बहुत मजाक बनाया सबने उनका।

जब कक्षा में अध्यापक आए और सबका नाम व परिचय सबको मिला तो दोनों ही आश्चर्य में थे। राजेंद्र बाबू इसलिए आश्चर्यचकित थे कि उन्हें मालूम पड़ा कि सभी विद्यार्थी भारतीय ही थे और शेष विद्यार्थी इसलिए आश्चर्यचकित थे कि राजेंद्र बाबू ने जिन्हें वे निरा गँवार ही समझ रहे थे'- विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया था।

विद्यार्थी अब आश्चर्यचकित थे। उनकी सादगी तथा भारतीय वेशभूषा में छिपी ज्ञान गरिमा पर और राजेंद्र बाबू दयार्द हो उठे थे, उन विद्यार्थियों की पाश्चात्य सभ्यता की नकल करने में गौरव की अनुभूति करने वाली प्रवृत्ति पर।

योगेश मिश्रा

बोलो जी तुम क्या क्या खरीदोगे?

अब कहें तो क्या कहें, जब चुनाव में इस हद तक स्थिति बन गई है कि ड्रग्स लेकर मतदान किया जाने लगे हैं तो फिर बाकी बचा क्या है। अभी तो लालच चल रहा है, कल को पता नहीं क्या नया आ जाये। किसी अन्य देश में शायद ही सुना देखा जाता हो। क्या वोट इतना सस्ता हो गया है या इस कदर चुनावी लोकतंत्र के प्रति मायूसी और बेज़ारी है कि वोट जैसी अमूल्य चीज बिकाऊ आइटम बन चुकी है? दो वक्त का खाना, कुछ देर का नशा और कुछ नोट, बस इतने पर बिके जा रहे हैं लोग। ये बहुत गंभीर सवाल है। वोट बेचने वाले ये तो एकदम ही नहीं जानते कि वोटों के सौदागर एक एक पाई वसूलेंगे। कुछ भी मुफ्त नहीं होता, सबकी कीमत होती है जो किसी न किसी रूप में वसूली जाती है। वोटर को बताए भी कौन? सब तो शत प्रतिशत वोटिंग कराने की कोशिश में लगे हैं। जबकि यहां अभी लोगों को वोट की वकत पढ़ाने और विक्रेता न बनने का पाठ रटाने की दरकार है। लोकतंत्र का उत्सव है, डांस ऑफ डेमोक्रेसी है। लेकिन ड्रग्स, शराब, पैसे पर चलते कुछ लोगों के उत्सव और डांस को आप क्या कहेंगे, जरा सोचिए जरूर।

दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव, सबसे महंगा चुनाव और सबसे हैरतअंगेज चुनाव, धन्य हैं हम देशवासी जो इसके हिस्सेदार हैं, इसके गवाह हैं। जरा सोचिए, 140 करोड़ जनसंख्या, 98 करोड़ से ज्यादा वोटर, तीस करोड़ निष्क्रिय वोटर, एक विशाल क्षेत्र, हजारों प्रत्याशी। इनको मैनेज करते हुए चुनाव करा लें जाना कोई मजाक नहीं है। ये एक करिश्मा ही है।

करिश्मा यह भी है कि एक अमीर देश न होते हुए भी हम 2024 के आम चुनाव में 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का खर्च कर रहे हैं। करिश्मा यह भी है कि पार्टियां अपने को ठनठन गोपाल घोषित कर रही हैं। आम आदमी पार्टी कहती है कि उसके पास पैसा नहीं है। कांग्रेस अपने खाते फ्रीज़ होने का रोना रो रही है। देश की वित्त मंत्री कह चुकी हैं कि उनके पास चुनाव लड़ने का पैसा नहीं है। जनता से पूछिए तो चुनाव लड़ने के नाम पर सब जेबें पलट देते हैं। सब महंगे चुनाव से सहमे हुए हैं।

लेकिन वहीं दूसरा पहलू कुछ और ही है। वोटरों को खरीदने के लिए देश में कैश, ड्रग्स, शराब, गिफ्ट्स की सुनामी सी आई हुई है। जरा सोचिए, देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में इस साल अब तक की सबसे अधिक ÷प्रलोभन जब्ती÷ हो चुकी है। प्रलोभन जब्ती यानी वोटरों को लालच देने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली चीजों को जब्त करना।

हमारे चुनाव आयोग ने खुद बड़े फख्र से ऐलान किया है कि उसने 1 मार्च से 13 अप्रैल के बीच नकदी, ड्रग्स, शराब, सोने-चांदी जैसी कीमती धातुएं और जो मुफ्त की गिफ्ट्स जब्त की हैं, जिनकी वैल्यू 4,650 करोड़ रुपये की है। पिछले आम चुनाव से यजब्ती 34 फीसदी ज्यादा है। नकदी में तो 114 फीसदी की वृद्धि देखी गई, जबकि शराब और कीमती धातु की जब्ती में क्रमशः 61 फीसदी और 43 फीसदी की वृद्धि हुई। मूल्य के हिसाब से सबसे अधिक वृद्धि नशीली दवाओं की जब्ती में हुई। यह 62 फीसदी बढ़कर 2,068 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

ये तो कुछ नहीं। चुनाव आयोग ने तो यह भी बताया है कि इस साल की शुरुआत में यानी जनवरी और फरवरी में देश भर में नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातुओं और मुफ्त वस्तुओं में कुल 7,502 करोड़ रुपये की जब्ती हुई। इससे अब तक कुल जब्ती 12000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है, जबकि चुनाव पूरा होने में अभी भी छह हफ्ते बाकी हैं।

आयोग बताता है कि पकड़ा पकड़ी में 'पधारो म्हारे देस' राजस्थान टॉप पर है। इसके बाद गुजरात और तमिलनाडु हैं। पूरे देश में वोटों की कीमत इन्हीं राज्यों में सबसे ज्यादा है। बाकियों के बारे में अब क्या ही कहा जाए।

जरा गोवा के बारे में जानिए। मात्र दो लोकसभा सीटों वाले इस नन्हें से राज्य में नकदी, ड्रग्स, शराब और मुफ्त गिफ्ट्स की बारिश हो रही है। चुनाव आयोग का ही कहना है कि उसने गोवा में एक लाख लीटर से ज्यादा शराब, 15.64 करोड़ नकद, 3.23 करोड़ की ड्रग्स और 1.18 करोड़ तक की मुफ्त वस्तुएं जब्त की हैं।

यही नहीं, गुजरात और बिहार जैसे ड्राई यानी टोटल शराबबंदी वाले राज्यों में चुनावी मौसम झूम कर छाया है। गुजरात मे 7,60,062 लीटर शराब पकड़ी गई वहीं बिहार में 845,758 लीटर की जब्ती दर्ज की गई।

ये है वोटों की कीमत और जीतने का दांव। चुनाव आयोग ने अपनी मेहनत और सतर्कता का गौरवशाली बखान तो कर दिया । लेकिन एक सवाल पर मौन है। सवाल यह है कि जो 12,000 करोड़ रुपये का माल पकड़ा वो था किसका? जरा हम भी तो जानें उस पार्टी, प्रत्याशी, समर्थक का नाम। लेकिन आयोग यह नहीं बताता। धरपकड़ वाली टीमें भी नहीं बतातीं।कभी नहीं बतातीं। पिछले कोई चुनाव उठा कर देख लीजिए, इस रहस्य का खुलासा हो ही नहीं पता। जब्ती तो ड्रग्स, शराब, नकदी और तमाम तरह की चीजों की होती है । लेकिन ये समान किसका था ये जानकारी सामने नहीं आती। जिनके कब्जे से जब्ती की गई है उनके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, किसी को क्या सज़ा हुई ये भी रहस्य बना रहता है। कितना ही अच्छा हो अगर चुनाव आयोग इन रहस्यों से भी पर्दा हटा दे।

एक बात और, ऐसा माना जाता है कि किसी भी चीज की जब्ती 100 फीसदी नहीं होती। यानी जितना माल पकड़ा जाता है उसका कई कई गुना पकड़ में आ ही नहीं पाता। नकदी से भरी एक कार पकड़ी जाती है । लेकिन कितनी पकड़ में नहीं आतीं। उनका क्या? ये तो डाल डाल पात पात का खेल है। यह खेल भी तभी है जब निर्वाचन आयोग अपने आँख पर गांधारी की तरह पट्टी बाँध रखा है। देश का बच्चा बच्चा जानता है कि तमाम दलों के टिकट बिकते हैं। तमाम ऐसे दल चल रहे हैं जिनका आधार जाति है।जिनका काम जातीय वैमनस्य फैलाना है। विधायक का चुनाव लड़ने के लिए कम से कम एक से दो करोड़ और सांसदी के लिए पांच करोड़ रुपये का खर्च भी जीतने की गारंटी नहीं है।यह धनराशि केवल जीत की रेस में बने रहने के लिए है। पर बेचारा निर्वाचन आयोग यह मान लेता है कि एक करोड़ रुपये से कम खर्च करके लोग सांसद बन जाते हैं। किसी भी चुनाव के समय किसी भी शहर में केवल शराब। डीजल पेट्रोल की खपत और गाड़ियों की बिक्री के आंकडे उठा लिये जायें तो किसी के भी होश फ़ाख्ता हो सकते हैं। इन की केवल चुनाव के समय की बिक्री पूरे साल की बिक्री को शर्मिंदा करने के लिए पर्याप्त होती है।

अब कहें तो क्या कहें, जब चुनाव में इस हद तक स्थिति बन गई है कि ड्रग्स लेकर मतदान किया जाने लगे हैं तो फिर बाकी बचा क्या है। अभी तो लालच चल रहा है, कल को पता नहीं क्या नया आ जाये। किसी अन्य देश में शायद ही सुना देखा जाता हो। क्या वोट इतना सस्ता हो गया है या इस कदर चुनावी लोकतंत्र के प्रति मायूसी और बेज़ारी है कि वोट जैसी अमूल्य चीज बिकाऊ आइटम बन चुकी है? दो वक्त का खाना, कुछ देर का नशा और कुछ नोट, बस इतने पर बिके जा रहे हैं लोग। ये बहुत गंभीर सवाल है। वोट बेचने वाले ये तो एकदम ही नहीं जानते कि वोटों के सौदागर एक एक पाई वसूलेंगे। कुछ भी मुफ्त नहीं होता, सबकी कीमत होती है जो किसी न किसी रूप में वसूली जाती है। वोटर को बताए भी कौन?

सब तो शत प्रतिशत वोटिंग कराने की कोशिश में लगे हैं। जबकि यहां अभी लोगों को वोट की वकत पढ़ाने और विक्रेता न बनने का पाठ रटाने की दरकार है।

लोकतंत्र का उत्सव है, डांस ऑफडेमोक्रेसी है । लेकिन ड्रग्स, शराब, पैसे पर चलते कुछ लोगों के उत्सव और डांस को आप क्या कहेंगे, जरा सोचिए जरूर।

आज का इतिहास

24 अप्रैल 1858 में आज ही के दिन स्वतंत्रता सेनानी कुंवर सिंह का निधन हुआ था। 1877 में रूस ने 24 अप्रैल को ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की थी। 1898 में स्पेन ने अमेरिका के खिलाफयुद्ध की घोषणा की थी। 1915 में जर्मनी की सेना ने बेल्जियम के फ्लेमिस प्रांत के आइपर क्षेत्र में क्लोरोफॉर्म गैस छोड़ी थी। 1920 में पोलैंड की आर्मी ने यूक्रेन पर हमला किया था। 1954 में आज ही के दिन ऑस्ट्रेलिया और सोवियत संघ ने राजनयिक संबंध समाप्त किए। 1960 में दक्षिण पर्सिया में आए भयंकर भूकंप में 500 लोगों की मृत्यु हो गई थी। 1972 में ही आज के ही दिन जाने-माने चित्रकार जैमिनी राय का निधन हुआ था। 1973 में भारत रत्न से सम्मानित क्रिकेट के भगवान सचिन रमेश तेंदुलकर का मुंबई में जन्म हुआ था। 1974 में आज ही के दिन प्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर का निधन हुआ था। 1975 में जैन धर्म के अनुयायियों ने भगवान माहवीर के निर्वाण की 2500वीं जयंती मनाई थी। 1998 में भारतीय क्रिकेट टीम ने शारजाह में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर कोका-कोला कप जीता था। 2011 में आध्यात्मिक गुरु सत्य साईं बाबा का निधन आज ही के दिन हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

धरती पर कोलाहल

धरती पर कोलाहल कितना,भोग-योग रत जगत सकल है। नदियां सूखी - पर्वत भूखे, लहू - लुहान हुआ जंगल है! उज्र नहीं खुदगर्ज़ जहाँ को, बुर्ज बनाता हुआ मगन है । आओ ,ऊपर रास रचाएं! प्रणय नगर अब एक गगन है।

– पंकज कुमार बसंत

करें प्रेस कॉन्फ्रेंस नित

करें प्रेस कॉन्फ्रेंस नित, देते झूठ परोस। इसका होता भी नहीं, इन्हें कभीअफसोस ।। चोरी मक्कारी ठगी, झूठ सुबह से शाम। बदल गए क्या वाकई, जीवन के आयाम।।

– रमेश शर्मा वशिष्ट

खास पाती

तुम कह रहे हो उसका बदलना

तुम कह रहे हो उसका बदलना ही रुक गया। तो शहर की हवा का महकना ही रुक गया । इक आग ने हरेक को अपनी गिरफ़्त में लेकर कहा कि मेरा गुज़रना ही रुक गया। नादाँ परिंदे फँस गए थे जबसे जाल में फ़र्श-ए-ज़मीं पे उनका उतरना ही रुक गया। तुमने कहा था आएँगे अबके उजाले दिन फिर क्या हुआ कि रात का ढलना ही रुक गया। उसने मुहब्बतों में भी कर दी सियासतें फिर हिज्र में दिलों का बिखरना ही रुक गया।

– सृष्टि सिंह

जबीं सुर्खरू है जुल्फनागिन, नज़र कहर

जबीं सुर्खरू है जुल्फनागिन, नज़र कहर कुछ यूं ढा रही है! लवों पे कलियां खिली हुई हैं, हवा से खुश्बू सी आ रही है ! हजारों आशिक़ हुए हैं घायल, कमर यूं बल पे बल खा रही है ! शिगुफ्ता रू और बयां शिगुफ्ता, दिलों में हलचल मचा रही है ! खुदा ने बख्शी है ऐसी दौलत, कि हूर चेहरा छुपा रही है!

– कुलदीप मिश्रा

रहे कभी गम या रहे खुशियाँ सफर ज़िंदगी का

रहे कभी गम या रहे खुशियाँ सफर ज़िंदगी का सुहाना भी है। छोटा ही सही पर घोंसला तो है परिंदों का बनाया ठिकाना भी है। यूं रुठना भी है ,मनाना भी है रस्म-ए-मुहब्बत निभाना भी है। बातों ही बातों में कहना भी है दिल के जज्बात जताना भी है। अजनबी की तरह कबतक रहें थोड़ी तो पहचान बढ़ाना भी है।

– सपना चन्द्रा

जीवन क्या है, मिट्टी का खिलौना है

जीवन क्या है ,मिट्टी का खिलौना है, मिल जाये तो रद्दी है, खो जाये तो सोना है। रिश्ते और नाते हैं, आते और जाते हैं, दौलत की कीमत में, इक सपन सलोना है। सुख-दुख के मेलें हैं,करमों के खेले हैं, साँसों की कीमत तो, उम्रों का बिछौना है। नदिया की किस्मत तो,सदियों से प्यासी है, मिल जाये समन्दर से, फिर भी तो खोना है। बदली को देखा था, किस्मत का लेखा था, खुद को खाली करके,धरती को भिगोना है। अहसासों की नगरी में, प्रेम की ज्योति जले, मन क्या इक मन्दिर है,कान्हा तेरी होना है।।

– किरण मिश्रा

मेरी लघुता, तेरी प्रभुता जीवन पालनहारा

मेरी लघुता, तेरी प्रभुता जीवन पालनहारा तेरे आगे एक चले ना, कोशिश करके हारा करे सदा ही तू मनमानी, मैं ठहरा अज्ञानी इस दुनियाँ में मेरा लेकिन तू ही एक सहारा बारम्बार पुकारूँ तुझको, दिन देखूँ ना रात चाहे घर की चौखट हो या फिर हो गलियारा मनमंदिर में तुम्हें बिठाया रोज करूँ मैं पूजा कई बार होती झुंझलाहट,नाम न लूँ मैं दोबारा जीवनभर का तू ही साथी और परिवार हमारा भूल मेरी जो भी हो जावे, करना नहीं किनारा।

– जे डी कुदाल

खत्म हुए सारे इम्तहान खत्म हुई पहचान भी

खत्म हुए सारे इम्तहान खत्म हुई पहचान भी जिंदगी की शाम है लक्ष्य अब श्मशान है जिंदगी तमाम है कुछ नहीं अब चाहिये बस इत्मीनान है। झूठ है ये नाम -वाम झूठ ये पहचान है झूठा -सा गुमान ही जिंदगी का नाम है। कुछ नहीं अब चाहिए जिंदगी की शाम है।

– तनु देहलवी

QUIZ TIME

1) न्यायाधीश जाँच अधिनियम में कितनी धाराएँ हैं?

2) भारत में लोकहितवाद को प्रारम्भ करने का श्रेय किसको है?

3) असहयोग आंदोलन शुरू करने के समय भारत का वायसराय कौन था?

4) दुनिया का ऐसा कौन सा पक्षी है जो रात भर रोता रहता है?

5) शोधकर्ताओं ने हाल ही में किस टाइगर रिजर्व में एक नई पौधे की प्रजाति की खोज की है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 7 (2) न्यायाधीश पी.एन.भगवती तथा न्यायाधीश कृष्ण अय्यर (3) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (4) चकोर (5) कलक्कड़ मुंडनथुराई (इम्पेतिन्स करूप्पुसाम्यि)

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:51, सूर्यास्त : 06:47, चन्द्रोदयः : 18:25, चन्द्रास्तः :29:45,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : स्वाती, योग : सिद्धि, प्रथम करण : विष्टि (16:25 तक), द्वितीय करण : बव (29:18 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : तुला (09:15 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 15:27 से 17:14, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:50 से 19:12, सायाह्न सन्ध्या : 18:52 से 19:57, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:41, राहुकाल : 12:00 से 13:00, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:03 से 10:41, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी, भद्रावास : पाताल (16:25 तक), चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 09:19 से), शिववास : श्मशान में (29:18 से गौरी के साथ)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन से आप कुछ विशेष आशाएं लगाए रहेंगे। अपने दम पर कार्य करे तो थोड़ा बहुत धन लाभ अवश्य हो जाएगा।

वृषः आज के दिन आप जो भी योजना बनाएंगे उसमे कई लोग बिना मांगे ही सलाह देंगे।

मिथुनः आज आप सार्वजनिक कार्यो में अपनी बुद्धि विवेक का परिचय देंगे लेकिन जहां बात व्यक्तिगत स्वार्थ की आएगी वहां वाणी और धैर्य दोनो जवाब दे जाएंगे।

कर्कः आज के दिन आपको अपनी वाणी पर विशेष नियंत्रण रखना होगा। माता भूमि वाहन संबंधित सुख में कमी आएगी।

सिंहः आज के दिन आप मन ही मन बड़ी बड़ी योजनाए बनायेगे लेकिन किसी अन्य के ढुलमुल रवैये के कारण इनको आगे नही बढ़ा सकेंगे।

कन्याः आज के दिन आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे आरम्भ में आनाकानी करेंगे लेकिन एक बार हाथ मे लेने के बाद उसी में मगन हो जाएंगे।

तुलाः आज के दिन आपके दिमाग मे चंचलता हावी रहेगी। किसी गंभीर रोग अथवा झगड़े का भय सताएगा।

वृश्चिकः आज के दिन किसी ना किसी रूप में हानि होने की संभावना है। पिता अथवा पैतृक कार्य मे अतिआत्मविश्वास से बचे अन्यथा परिणाम आशा के एकदम विपरीत ही मिलेंगे।

धनुः आपके लिये आज का दिन लाभदायक रहेगा सार्वजनिक क्षेत्र पर पूर्व में की गई मेहनत और व्यवहारिकता का शुभ फल किसी न किसी रूप अवश्य मिलेगा।

मकरः आज के दिन आपको पारिवारिक प्रतिष्ठा अथवा सहयोग से कुछ ना कुछ लाभ अवश्य मिलेगा।

कुंभः आज के दिन पिछले पुण्य उदय होने से आपकी धार्मिक भावनाएं जागृत होंगी। ठंडे पदार्थ विशेष कर जल में ज्यादा समय ना बिताएं।

मीनः आज दिन के आरम्भ से ही सेहत संबंधित समस्या लगी रहेगी शरीर मे दर्द अकड़न कमजोरी अनुभव करेंगे। यात्रा से नए संबंध विकसित होंगे लेकिन झंझट भी बढ़ेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -036

(भागवत साहू)

बायें से दायें : 1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गीरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे 1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 035 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कैं	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

न्यूज गैलरी

विधायक ललित ने की पूजा अर्चना

भिलाई। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गृह ग्राम दोनर के बजरंग चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में विधायक ललित चंद्राकर ने सहपरिवार सम्मिलित होकर सुखदायक और शोकनाशक श्रीहनुमत महाप्रभु की विधि विधान से पूजा आराधना की और खिचड़ी प्रसाद वितरण कर सभी प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान परिवार जन संग ग्राम के नंदकिशोर, गणेश, डिकेश्वर, राजू, छन्नू, कोमल प्रदीप, पन्नालाल, गंगा राम जी, सोहन, दिलीप, सोप, रमेश कुमार, गौतम चंद्राकर, मोहन घृतलाहरे, गयाराम, कार्तिक,राजू पाण्डे एवं ग्रामवाशी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

युवक की सड़क हादसे में मौत

दुर्ग। रायपुर से भिलाई ससुराल जा रहे युवक की भिलाई 3 क्षेत्र में बीती रात दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक भिलाई से अपने ससुराल जा रहा था। तेज बारिश के चलते वो सामने खड़ा ट्रक देख नहीं पाया और उसके पीछे तेज रफ्तार में टकरा गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान मोतीलाल बघेल (35 साल) निवासी रायपुर के रूप में हुई है। नेहरू नगर बाम्बे आवास में उसका ससुराल है। वो क्रेन ऑपरेटर था। सोमवार रात को वो रायपुर से बाइक लेकर अपने ससुराल के लिए निकला था।

आज उड़नदस्ता दलों की बैठक

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन हेतु दुर्ग जिला अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अंतर्गत गठित उड़नदस्ता दल (एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के दल प्रभारियां की बैठक 24 अप्रैल 2024 को दोपहर 12 बजे से कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित की गई है। निर्वाचन व्यय प्रेक्षक द्वारा आयोजित इस बैठक में पुलिस प्रेक्षक एवं पुलिस अधीक्षक दुर्ग, सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और नोडल/सहायक नोडल अधिकारी ईईएम अपने एफएसटी एवं एसएसटी के दल प्रभारियों सहित बैठक में उपस्थित रहेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीनाबाबा साहेब कंगाले ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई और इसमें दुर्ग लोकसभा सीट के तहत जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र और 3 आंशिक विधानसभा क्षेत्रों की गतिविधियों को शामिल किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सुचारू एवं सफल चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए शुरू से ही प्रभावी तैयारियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी और परेशानी मुक्त तरीके से कराने के लिए समन्वय से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हर एक नागरिक का मतदान सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि गर्मी का विशेष ध्यान रखते हुए पेयजल, छाँव में बैठक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पड़ने पर 1000 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए। बैठक में चुनाव तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, मतदान दलों की तैनाती और वापसी, मतदान केंद्रों की स्थापना, मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण, डाक मतपत्र, ईवीएम और वीवीपैट मशीनें और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिले में मतदान जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए लगातार नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने निर्वाचन एवं मतदान केंद्रों की तैयारियों से संबंधित जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आश्वस्त किया साथ ही कलेक्टर सुश्री चौधरी ने सभी बीएलओ को घर-घर जाकर पर्ची बांटने निर्देशित किया ताकि कोई भी मतदाता वोट देने से न चुके।

बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरिवंश मिरी, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम दीपक निकुंज, एसडीएम सोनल डेविड एवं एसडीएम प्रफुल्ल कुमार उपस्थित थे।

35 नारी शक्तियों का भाजपा में प्रवेश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जन सेवा राष्ट्र सेवा को समर्पित संगठन भाजपा समर्थक मंच द्वारा 18वीं लोकसभा चुनाव के समय में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत भाजपा समर्थन मंच छत्तीसगढ़ की दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को पूर्ण समर्थन देने एवं भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा समर्पित करने 35 नारी शक्ति जिसमें अधिवक्ता चिकित्सा के एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकरे के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष भानु राव की अनुशंसा पर भाजपा नेत्री नीता चौरसिया की प्रेरणा से एवं प्रदेश सचिव प्रशांत क्षीरसागर के योगदान से नारी शक्ति ने भाजपा में प्रवेश किया। उक्त जानकारी भाजपा समर्थक मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकरे ने देते हुए बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय महामंत्री अभिमन्यु सिंह पटेल के मार्गदर्शन में पूरे भारत के 28 राज्यों में भाजपा तीसरी बार और नरेंद्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए अबकी बार 400 पार के नारे को फलीभूत करने भाजपा समर्थक मंच के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता सभी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा लोकसभा सांसद प्रत्याशी के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

आज किसी कड़ी में लोकसभा प्रत्याशी बघेल दूसरी बार भारी मतों से विजयी बनाने नारी शक्ति भाजपा समर्थक के माध्यम से प्रचंड विजय दिलाने एकत्रित होकर आज बघेल के निवास पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। आयोजन का संचालन भाजपा नेत्रीय नेता चौरसिया में किया। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं भाजपा द्वारा केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के हित में किया जा रहे हैं कार्यो से प्रभावित होकर आज भाजपा प्रवेश कर रहे हैं इसमें अयोध्या में राम का मंदिर ट्रिपल तलाक, नारी शक्ति वंदन योजना आयुष्मान भारत योजना से नारी शक्ति के नेतृत्व में विकास को होता देखते हुए आज भाजपा में प्रवेश कर रही है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल द्वारा सभी नारी शक्ति को भगवा अंग वस्त्र पहनकर उनका सम्मान किया एवं पार्टी में प्रवेश करने पर बधाई।

प्रत्याशी राजेन्द्र ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। जिसमें हथखोज बस्ती, जरवाय, उमदा, चरोदा, भाढा, दादर, मोरिद, सोमनी एवं अन्य गांव का दौरा किया। उन्होने अपने दौरे में भाजपा के सांसद पर हमला बोलते हुए कहा कि आज 5 साल में किसी भी समाज या किसी भी सार्वजनिक कार्य हेतु अपनी सांसद निधि से कुछ भी राशि नही दिए है। आज 3 सालों से ट्रेनें रद्द हो रही है, विलंब से चल रही है उस पर आज तक भाजपा सांसद ने सदन में मामला नही उठाया और अपने क्षेत्र के किसी मुद्दे को सदन में नही उठाए। दुर्ग की जनता ने उनपर विश्वास किया और उन्हें भारी वोट से जिताया भी परन्तु उन्होने जनता के साथ विश्वासघात किया। जनता की समस्या कभी

नही सुनी। अब जनता की बारी है जनता अपने साथ हुए विश्वासघात का बदला जरूर लेगी। श्री साहू ने आज कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भोजन किया और अपने झूठे बर्तन कार्यकर्ताओं से ना साफकराते हुए खुद बर्तन साफ किये। जिसे देख कार्यकर्ताओ में जोश आया सभी ने कहा कि यह होता है जमीनी कार्यकर्ता। अहिवारा दौरे में जिला अध्यक्ष निर्मल कोसरे से सभी महिलाओ को कांग्रेस के घोषणा पत्र एवं कांग्रेस की 5 गांरटी की बात बताई और सभी को उसका लाभ मिले इसके लिए कांग्रेस को विजय दिलाने की बात कही। इस दौरान कृष्णा चन्द्राकर, तुलाराम साहू, हीरालाल वर्मा, महेंद्र तिवारी, रेवती साहू, द्रोपती वर्मा, संतोषी निषाद, पुनीत साहू, उधो यादव, भीखू बंछोर, दीप्ति वर्मा, सुमित्रा देवांगन, त्रिवेणी कामता साहू, निर्मला साहू, भूपेंद्र वर्मा, गजेंद्र देवांगन, जोहर ठाकुर, गज्जू देवांगन टेनेद्र साहू वीरेंद्र वर्मा, खोमलाल साहू मौजूद थे।

हनुमान जन्मोत्सव पर दर्शन के लिए मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हनुमान जन्मोत्सव शहर में मंगलवार को पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंगलवार के दिन को हनुमान जी का दिन कहे जाने से मंदिरों में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड के पाठ व हनुमान भजनों की धुन में नाच-गाकर श्रद्धालुओं ने जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। हनुमान जन्मोत्सव पर कसारीडीह स्थित श्री पंचमुखी बजरंग मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। इस अवसर पर मंदिर में सुरधारा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालु श्रीराम व हनुमान जी के भक्ति गीत-संगीत में रमे रहे। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। इसके अलावा लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार, किल्ला मंदिर तमेरपारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर ब्राम्हणपारा, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर नया बस स्टैण्ड, हनुमान मंदिर अग्रसेन चौक, मारूति मंदिर बनियापारा के अलावा अन्य हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिरों में दर्शन के लिए जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। यहां उन्होने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर शहर समेत प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशियाली के लिए कामना की। मंदिरों में दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

जयकारे के साथ विहिप, बजरंग दल व समिति की निकली शोभायात्रा

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर संपूर्ण नगर हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धा भक्ति भाव में डूबा रहा। नगर के अनेक स्थानों में मंदिरों में हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई श्रद्धालुओं और भक्तों ने भोग प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड कुम्हारी एवं हनुमान मंदिर समिति कांजी हाउस के संयुक्त तत्वावधान में सर्वप्रथम लिंगेश्वर मंदिर तालाब पार में श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना पश्चात बड़ी संख्या में नगर वासी, भक्तजन, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जय-जय श्रीराम के गगन भेदी जय घोष करते हुए शोभायात्रा नगर भ्रमण प्रारंभ किया और कांजी हाउस स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचे । हनुमान मंदिर से भक्त हनुमानजी की शोभायात्रा में सम्मिलित हो कर बाजे- गाजे के साथ स्टेशन चौक से होते हुए बाजार चौक बस्ती पहुंचे, जहां हनुमान भक्तों व विशाल शोभायात्रा में सम्मिलित लोगों का अनेक स्थानों पर शीतल पेय जल, चना और बून्दी वितरण कर स्वागत किया गया।

भुगतान रोकने आयुक्त वर्मा के निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। गीला और सूखा कचरा को अलग अलग कर उसे डिस्पोज करने के एवज में निगम से मोटी रकम लेने के मामले में कार्यवाही शुरू हो गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मेसर्स रविन्द्र भगत के भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए है। ठेकेदार मानव संसाधन में भी कटौती कर रखा है। शहर के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर एसएलआरएम में कचरा छटाई करने का दावा करना खोखला साबित हुआ। आयुक्त के वार्डो की भ्रमण की और पाया कि अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड में वही कचरा फेका जा रहा है जो एस एल आर एम सेंटर में एक किनारे छटाई के लिए रखते है। ठेकेदार को भुगतान रोकने आदेश दिए है।

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाया मकान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर निगम की टीम ने सोमवार को स्मृति नगर वार्ड 2 और चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज कुरुद के पास अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। टीम ने इस दौरान शासकीय जमीन पर कब्जा करके मकान बनाने और अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 2 मकानों में नोटिस भी चस्पा किया गया है। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि उन्हें लगातार अवैध प्लॉटिंग की शिकायत मिल रही थी। इस पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने जोन कमिश्नर व भवन अनुज्ञा अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। साथ ही इन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया था कि पूरे क्षेत्र का भ्रमण करें और जहां भी नियम विरुद्ध निर्माण हो रहा है या अवैध प्लॉटिंग हो रही है तो उस पर कार्रवाई करें। आज टीम जुनवानी क्षेत्र के स्मृतिनगर इंपीरियल होटल के पीछे शासकीय भूमि (खसरा नंबर 318/1,2 एवं 3) के 1.25 एकड़ भूमि में अवैध प्लाटिंग बुलडोजर चला दिया।

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411218502

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी पुनाराम पिता/पति हसनदास पता इंदिरा चौक ग्राम व पो. खोपली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 726/103 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दिव्यांश मारकण्डेय पिता/पति हरिश कुमार मारकण्डेय पता केलाबाड़ी वार्ड 41 तह. व जिला दुर्ग, हरिश कुमार मारकण्डेय पता केलाबाड़ी वार्ड 41 तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242411218235

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी प्रमिलाबाई देवांगन पिता/पति स्व. कुंवर सिंग पता शंकर नगर वार्ड 11 दुर्ग, रम्हीनबाई पिता/पति स्व. कुंवर सिंग पता शंकर नगर वार्ड 11 दुर्ग, रुपा देवांगन पिता/पति स्व. कुंवर सिंग पता शंकर नगर वार्ड 11 दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1277/71 (0.0053) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता दुर्गेश देवांगनस्व. कुंवर सिंग पता शंकर नगर वार्ड 11 दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00010 ननकट्ठी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430102000008

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00010 के अंतर्गत ग्राम ननकट्ठी के वर्तमान भूमिस्वामी कौशिल्या पिता/पति बेवा बृजलाल सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1295(0.0500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चेतनदास साहू पिता/पति स्व. धनाजीराम साहू पता ननकट्ठी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.05.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202404101000065/अ-6/सन्- 2023-24
मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045
(2628/63(0.0200 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती किरण मिश्रा,
अनावेदक पक्षकार- संतोष कुमार मिश्रा आ.

ईश्तहार

आवेदक श्रीमती किरण मिश्रा पिता/ पति/ विभाग आनंद मिश्रा पता कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 2628/63 रकबा 0.020 हे. 2323.8 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 20.02.2016 को विक्रेता संतोष कुमार मिश्रा आ. पिता/पति/ विभाग आर.पी. मिश्रा पता सेक्टर-6 भिलाईनगर से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 06.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202404101400115 /अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सेवाराम वर्मा पिता स्व. डे साहब वर्मा निवासी क्वा.नं.23 जे, रिसाली सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता डे साहब वर्मा पिता स्व. चोवाराम वर्मा के नाम से मौजा डूमरडीह प.ह.नं. 51 स्थित भूमि खसरा नंबर 612/36 रकबा 0.010 हे. अर्थात् 1050 वर्गफीट है, जिसका ऋणपुस्तिका कमांक पी- 3323843 के समस्त भू-अभिलेखों मे मृतक डे साहब वर्मा पिता स्व. चोवाराम वर्मा भूमिस्वामी दर्ज है। आवेदक के पिता डे साहब वर्मा पिता स्व. चोवाराम वर्मा का मृत्यु दिनांक 02/11/2022 को एवं आवेदक की माता मेहतरीन वर्मा पति स्व. डे साहब वर्मा की मृत्यु दिनांक 31/05/2023 को जिला दुर्ग छ.ग. में आकस्मिक रूप से हो गई है। मृतक डे साहब वर्मा पिता स्व. चोवाराम वर्मा एक मात्र वारिस आवेदक सेवा राम वर्मा पिता स्व. डे साहेब वर्मा है मृतक का वारिस सेवा राम वर्मा पिता स्व. डे साहब वर्मा के नाम पर उक्त भूमि को अपने नाम पर दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 18/04/2024 को यह उ?द्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अजय चौबे पिता स्व. देवीप्रसाद चौबे निवासी ग्राम विद्युतनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 142/112, 142/132, 142/155 रकबा कुल 0.061 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202404100900018 /ब-121/वर्ष 2023-24

एदत द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सिपकोन्हा प.ह.नं. 37 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक पुष्कर सिंह पिता मानसिंह निवासी सिपकोन्हा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदक के नाम पर दर्ज मौजा ग्राम सिपकोन्हा प.ह.नं. 37 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित सिंगल खाते की भूमि आवेदक पुष्कर सिंह पिता मानसिंह के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 752, 790, 793 रकबा क्रमशः 0.56, 0.95, 1.00 हे. दर्ज होने किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक पुष्कर सिंह पिता मानसिंह निवासी सिपकोन्हा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 23.04.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.04.2024 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202404101400013 /अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता स्व. सुखीराम निवासी इंदिरा नगर डुण्डेरा तह0 व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक एवं उसकी माता विश्वासा पति सुखी राम एवं अन्य खातेदारों के सामिलात खाते में हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा डूमरडीह प.ह.नं. 51 स्थित भूमि खसरा नंबर 111/1 रकबा 0.28 हे. लगान 0.91 पैसे राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। वर्तमान में आवेदक की माता जी सहखातेदार विश्वासा की मृत्यु दिनांक 19.08.2023 को हो चुकी है। उसके वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख मे पूर्व से दर्ज है। मृतक सहखातेदार की फौती दर्ज कर शेष प्रविष्टियाँ यथावत् रखे जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी दिनांक 29.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411317362

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी फिरोज खान पिता/पति मोहम्मद इस्माइल खान पता सांई नगर कातुलबोर्ड वार्ड 58 तह. व जिला दुर्ग, खालिद हुसैन पिता/पति मोहम्मद अब्दुल हदी पता क्वा.नं. 1/जे सड़क नं. 02 सेक्टर-6 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1/290(0.0011) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रौशन आर्य पिता/पति फिरोज खान पता सांई नगर कातुलबोर्ड वार्ड 58 तह. व जिला दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
01 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00052 उतई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411218770

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00052 के अंतर्गत ग्राम उतई के वर्तमान भूमिस्वामी दल्लूराम पिता/पति शिवदयाल पता आदर्श नगर उतई दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 586/1 (0.0201) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता योगेश कुमार साहू पिता/पति भूपेन्द्र साहू पता कुनापारा नवागांव पोस्ट दमना तह. पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 01 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430110400038

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वर्तमान भूमिस्वामी चंद्रिका साहू पति खोरबाहर साहू पिता/पति- पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 847(0.0400), 1474/2(0.8200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेश कुमार साहू पिता/पति-स्व. खोरबाहरा साहू पता-गायत्री नगर डुण्डेरा, भूषण कुमार पिता/पति-स्व. खोरबाहरा साहू पता-गायत्री नगर डुण्डेरा, दयाराम पिता/पति-स्व. खोरबाहरा साहू पता-गायत्री नगर डुण्डेरा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430110400041

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी जेठू अघनू, जुगनू पिता/पति बल्दू पता डुण्डेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 780(0.0100), 1177 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता बरातु यादव पिता/पति स्व. जेठूराम यादव पता डुण्डेरा, अघनू, जुगनू पिता/पति बल्दू पता डुण्डेरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5106424012024026

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वर्तमान भूमिस्वामी DULESHWARI पिता/पति LATE HEMLAL पिता/पति GAYATRI NAGAR DUNDERA, TAH. AND DIST. DURG CG, DURPAT पिता/पति LATE HEMLAL पता GAYATRI NAGAR DUNDERA, TAH. AND DIST. DURG CG के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 642 (0.2880) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता KULESHWAR पिता/पति- LATE HEMLAL पता GAYATRI NAGAR DUNDERA, TAH. AND DIST. DURG CG, TIKENDRA SAHU पिता/पति LATE HEMLAL पता- GAYATRI NAGAR DUNDERA, TAH. AND DIST. DURG CG, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
05 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411217365

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी हौसला प्रसाद पिता/पति भवानी राम पता म.न. 127 भोलानगर डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 619(0.0202) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पल्लवी देवांगन पिता/पति प्रभात देवांगन पता म.न. 99 राधा कृष्ण मंदिर गली तह. सोरदी नगर वार्ड 19 तह. व जिला धमतरी के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 05 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5106424012024026

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी अजय कुमार गुप्ता पिता/पति रविप्रकाश गुप्ता पता म.न. 130 टिचर्स कालोनी सरस्वती नगर फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश, मीना गुप्ता पिता/पति अजय कुमार गुप्ता पता 130/2 टिचर्स कालोनी सरस्वती नगर फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 80/335 (0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता हरिशंकर मिश्रा पिता/पति स्व. हुबनाथ मिश्रा पता 417/1 मीलपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411317347

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी फिरोज खान पिता/पति मोहम्मद इस्माइल खान पता सांई नगर कातुलबोर्ड वार्ड 58 तह. व जिला दुर्ग, एस.जी. दस्तगिर पिता/पति एस.ए. रहमान पता सीएच 24 आदित्य नगर तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1/287(0.0011) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रौशन आर्य पिता/पति फिरोज खान पता सांई नगर कातुलबोर्ड वार्ड 58 तह. व जिला दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का किया आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को गोंदवारा स्थित हनुमान मन्दिर द्वारा शीतला मन्दिर प्रागण में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने निःशुल्क भोजन किया। इससे पूर्व भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान जी महाराज की प्रतिमा पर विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा हवन भी किया गया। जय श्री राम और जय हनुमान के जयघोष से आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। आसपास चारों ओर हनुमान ध्वजा लहरा रहे थे। पूजा अर्चना के बाद भंडारा में श्रद्धालुओं को पूरी, सब्जी और खीर का भोजन कराया गया। पंडाल में जगह-जगह स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई थी। भंडारे में गोंदवारा बस्ती के श्रद्धालुओं के साथ-साथ बसंत विहार कॉलोनी के श्रद्धालुगण भी मौजूद रहे। इस बीच पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। भंडारे में मंदिर समिति के अलावा ग्रामीण वासियों ने भी पूर्ण सहयोग किया और सक्रिय रूप से शामिल रहे।

स्वच्छता दीदियों ने संभाली शत प्रतिशत मतदान कराने की कमान

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम महासमुंद जिले में कई हफ्तों से जारी है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल एस.आलोक के मार्गदर्शन में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष स्वीप अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वीप अभियान के तहत आज महासमुंद नगरीय निकाय सहित अन्य निकायों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नेतृत्व में बीएलओ सहित स्वच्छता दीदीयों ने घर-घर जाकर मतदान कराने सम्पर्क किया।

हनुमान मंदिरों में उमड़े भक्त, राजधानी में गूंजा सुंदरकांड-चालीसा का पाठ

■ पीपल और मदार के पत्तों पर श्रीराम लिख-फलों से श्रृंगार, शाम को शोभायात्रा-भंडारा

रायपुर/नवप्रदेश। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा यानी आज (23 अप्रैल) हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। रायपुर में भी हनुमान जन्म उत्सव के मौके पर मंदिरों में महा आरती, भंडारा, सुंदर कांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और राम चरित मानस पाठ किया जाएगा।

गुढ़ियारी के प्राचीन हनुमान मंदिर में सीता राम पत्तों पर लिखकर माला से भगवान का श्रृंगार किया गया। यहां सुबह हनुमान जी की शोभायात्रा, मंदिर से निकाली गई। यहां तड़के 4.30 बजे मंदिर खुलने के बाद 101 किलो दूध से भगवान का अभिषेक किया गया है। गुढ़ियारी हनुमान मंदिर में सीता राम पत्तों पर लिखकर माला से भगवान का श्रृंगार किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्नी के साथ हनुमान जन्मोत्सव पर पूजन-अर्चन किया। हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया है। रायपुर के राजेंद्र नगर स्थित श्मशान काली मंदिर में हनुमानजी की विशेष पूजा की गई। सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान जी को सवामणी भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूलों और फलों से सजाया गया है। मंदिर में भजन-कीर्तन चल रहा है। समिति की ओर से दोपहर 3.30 बजे सुंदर कांड का पाठ, शाम 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है। दूधाधारी मठ के महंत राम सुंदर दास ने बताया कि संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दुग्धाभिषेक के साथ ही विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। आज दिनभर श्रद्धालुओं के लिए मठ खुला रहेगा। राजेंद्र नगर स्थित श्मशान काली मंदिर में भी हनुमान जी की विशेष पूजा की गई।

डाक मतपत्र के माध्यम से डाले जा रहे वोट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्य में तैनात अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य अनिवार्य सेवा में कार्यरत व्यक्तियों ने कलेक्टोरेट स्थित सुविधा केन्द्र में आज डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन कार्य के अनिवार्य सेवा में लगे ड्राइवर कोमल यदु, हरि यादव, कृष्णा पटेल, दिनू राम साहू और दिलीप साहू ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। कोमल यदु, हरि यादव, कृष्णा पटेल, दिनू राम साहू और दिलीप साहू ने बताया कि वे स्कूली वाहन चलाते हैं। जिनकी ड्यूटी निर्वाचन के अंतर्गत वाहन चालक के रूप में लगी है। सभी ड्राइवरों ने कहा कि डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का अवसर मिला है, हमें बहुत खुशी हो रही है। लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने का मौका मिला है, हमें बहुत अच्छा लग रहा है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने आए शिक्षा विभाग जिला बालोद के लक्ष्मण साहू ने बताया कि उनका कार्यक्षेत्र बालोद जिले में हैं। उनकी निर्वाचन ड्यूटी मतदान अधिकारी-2 के रूप में लगी है। उन्होंने बताया कि उनका नाम संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के मतदाता सूची में है।

श्री साहू ने कहा कि वे डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है। डाक मतपत्र नहीं होने से वे मतदान प्रक्रिया से वंचित हो जाते, लेकिन डाक मतपत्र के माध्यम से उन्हें मतदान करने का मौका मिला। इसी तरह जिला बालोद में सेवा दे रहे मनथीरराम साहू, दिलीप कुमार साहू और कमल किशोर वैष्णव ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। डाक मतपत्र डालकर सभी कर्मचारियों ने नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य निर्वाचन कार्य में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है।

पीएम मोदी केवल चुनाव प्रचार करने आते हैं माथुर-मांडविया को खोज रहे लोग: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिनों के लिए छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। पीएम के दौरे से पहले कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पीएम मोदी को अबकी बार दूर से नमस्कार। सोशल मीडिया के इस पोस्ट को लेकर PCC चीफ दीपक बैज ने कहा कि पीएम मोदी केवल चुनाव प्रचार करने और वोट मांगने छत्तीसगढ़ आते हैं। बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री छग में चुनावी प्रचार करने आ रहे हैं, इसलिए उन्हें अबकी बार दूर से नमस्कार।

प्रदेश की योजनाओं के लिए कभी 10 मिनट भी नहीं ली बैठक

आप दस साल केंद्र में रहते हुए छत्तीसगढ़ की योजना के लिए 10 मिनट बैठक नहीं कर सके। धान का पैसा रोका, पीएम आवास का पैसा रोका, कई योजना के पैसे रोकने का काम किया। छत्तीसगढ़ में विकास ना हो, जनता को प्रताड़ित किया। अब चुनावी सभा लेने आ रहे हैं तो किस नैतिकता से जनता को वोट मांगेंगे, इसलिए कहा कि दूर से नमस्कार।

माथुर-मांडविया को ढूंढ रहे हैं लोग-बैज

भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रभारियों को लेकर सवाल खड़ा करते हुए बैज ने कहा कि वो बताएं ओम माथुर कहां है? मनसुख मांडविया कहां है? राज्य के लोग उन्हें ढूंढ रहे हैं।

4 महीने का फेलियर छुपा रहे सीएम साय

सीएम साय के ट्वीट पर पलटवार करते हुए बैज ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री के पास विजन है तो महंगाई, बेरोजगारी दूर क्यों नहीं करते। प्रधानमंत्री की एक भी सभा में बताइए कि वह महंगाई कम करने, काला धन वापस लाने की बात करते हों। छग के मुख्यमंत्री अपने चार महीने का फेलियर छुपाने ऐसा बयान दे रहे हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 10758 दिनांक 18.04.2024
वार्ड का नाम - 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR663ABT119 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ASK FREEHOLD REALTY PVT LTD (ABT) DIRECTOR - ANURAG NATHANI पिता/पति श्री/श्रीमती KRISHNA KUMAR NATHANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KU. NEHA VAISHNAW पिता/पति श्री/श्रीमती OMPRAKASH VAISHNAW ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिका निगम, रायपुर (छ.ग.)

करणी सेना ने की खारुन गंगा महाआरती

■ श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

रायपुर/नवप्रदेश। मंगलवार को चैत्र पूर्णिमा की संध्या पर महादेव घाट रायपुर में एक बार फिर करणी सेना एवं खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति ने समिति प्रमुख एवं करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में खारुन गंगा महाआरती संपूर्ण विधि विधान से की गई। बनारस की तर्ज पर प्रत्येक माह की पूर्णिमा को होने वाली यह महाआरती निरंतर क्रम में 18वीं बार की गई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस महाआरती में समस्त श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं भारत की सभी नदियों को स्वच्छ रखने की सौगंध ली। तत्पश्चात् प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा खारुन गंगा मैया की महाआरती वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। आरती के पश्चात् आगंतुक श्रद्धालुओं ने दीप दान किए एवं समस्त आगंतुकों को प्रसादी का वितरण किया गया। श्री तोमर द्वारा शुरु की गई खारुन गंगा महाआरती की यह परम्परा 18 महीनों की इस यात्रा में देश भर में प्रसिद्ध हो चुकी है साथ ही कई विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी है। श्री तोमर का यह कहना है कि यह आरती सनातनी हिन्दू बहनों भाइयों को एकजुट करने एवं सामान्य जनमानस में पर्यावरण की सफ़ाई के प्रति जागरुकता के प्रसार में महती भूमिका निभा रही है।

पीएम के प्रवास के बीच रायपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता के बेटे की चाकू मारकर हत्या

■ मैदान में पड़ी भीगती रही लाश, बैज बोले- पीएम दौरे के बीच चाकूबाजी, कानून व्यवस्था फेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर में सोमवार देर शाम एक कांग्रेस कार्यकर्ता के बेटे की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव रात तक मैदान में पड़ा पानी में भीगता रहा। चाकूबाजी में युवक के 3 दोस्त भी घायल हुए हैं। उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाने का आरोप लगाया है। PCC चीफदीपक बैज ने कहा कि, PM मोदी के दौरे से पहले इतनी सुरक्षा के बीच चाकूबाजी होना, ये दर्शाता है कि कानून-व्यवस्था फेल हो गई है।

पुलिस के मुताबिक टिकरापारा के बोरियाखुर्द से देर शाम हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली जा रही थी। इसमें शुभम गिरी, रवि तोड़े, जयेश गिरी, सूरज नंदे और एक नाबालिग भी शामिल थे। इन लोगों ने यात्रा निकालने के लिए रास्ता बंद कर रखा था। तभी कांग्रेस कार्यकर्ता कौशल्या तोमर का बेटा आर्यन तोमर अपने 3 अन्य दोस्तों के सिद्धांत निषाद, शुभम चंद्राकर और समीर साहू के साथ पहुंच गया। इन लोगों ने रास्ता बंद करने का विरोध किया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा।

नाबालिग सहित 4 आरोपी हिरासत में- आरोप है कि बात इतनी बढ़ी कि शुभम गिरी, रवि तोड़े, जयेश गिरी, सूरज नंदे और नाबालिग ने चाकू से आर्यन और उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। इसमें आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी भाग निकले। आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि सूचना देने के काफी देर बाद पुलिस पहुंची। इस दौरान आर्यन का शव मैदान में ही पड़ा भीगता रहा। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

60 साल तक एक परिवार...
मंच पर विराजमान हैं। अपनी भक्ति अपने भजन से जाने जाते हैं। कहते हैं रामनामी समाज के पूर्वजों ने डेढ़ सौ साल पहले ही बता दिया था कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कब होगी। मुझे प्राण प्रतिष्ठा का सौभाग्य मिला। अयोध्या के मंदिर की उम्मीद देश छोड़ चुका था। उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया है। कमल वालों ने किया है।

पीएम से राज्यपाल के अलावा मुख्यमंत्री साय ही मिलेंगे
राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के साथ प्रधानमंत्री की मुलाकात है। उस दौरान राज्यपाल अगर प्रधानमंत्री से आग्रह किए और वे मान गए तो डिनर में राज्यपाल भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इससे पहले प्रधानमंत्री चुनाव के दौरान दूसरे राज्यों के राजभवनों में रुके हैं, वहां अकेले ही भोजन किए हैं। पीएम मोदी से राज्यपाल के अलावा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की राजभवन में मुलाकात हो सकती है। बाकी किसी मंत्री और नेता को अभी तक मिलने का टाईम नहीं मिला है।

ब्रह्म मुहूर्त में उठ कर योग करते हैं प्रधानमंत्री
प्रधानमंत्री सुबह बहुत जल्दी उठ जाते हैं। एकदम ब्रह्म मुहूर्त में। सुबह योग और पूजापाठ के बाद हल्का नाश्ता लेते हैं और फिर चुनावी सभाओं के लिए रवाना हो जाते हैं। कल राजभवन से वे सुबह आठ बजे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। वहां से वे अंबिकापुर जाएंगे।

..तो इन्हें लोकतंत्र ...
बंदूकें लेकर जंगल में भटकने को मजबूर न हो जाएं, मैं वादा करता हूं कि नक्सवाद को जड़ से उखाड़ दूंगा। जब नीयत सही होती है तो नतीजे भी सही मिलते हैं। कांग्रेस सरकार कहती थी कि एक रुपए दिल्ली से चलेगा तो 15 पैसा पहुंचेगा। उनके प्रधानमंत्री कहते थे। जब एक रुपए चलते थे तो रास्ते में 85 पैसे कौन सा पंजा लूट लेता था। जब आपने मोदी को अवसर दिया तो मैंने इनकी लूट की दुकान पर ताला लगा दिया। पीएम मोदी बोले- छत्तीसगढ़ के पास स्टील की ताकत और कोयले की शक्ति है। यहां की खनिज संपदा से राज्य के साथ देश के विकास में तेजी आएगी। छत्तीसगढ़ ने कभी निराश नहीं किया, मेरी झोली भर दी।10 साल में महासमुंद सहित छत्तीसगढ़ में 5 नए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए हैं। भाजपा ने हर घर तक बिजली पहुंचाई है। सस्ते गैस सिलेंडर वाला कनेक्शन दिया है। बैलसोंडा, महासमुंद, अरण्य के बीच रेलवे का दोहरीकरण हो रहा है। रायपुर, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, कोरापुट से होते हुए इकोनॉमी कॉरिडोर बन रहा है। बेटी आप कबसे ये फोटो लेकर खड़ी हो, थक जाओगी। क्या करोगी, मुझे देना चाहती हो। इस फोटो को लेकर सुरक्षाकर्मियों को दे दीजिए। उसके पीछे अपना नाम और पता लिख देना, तुमको चिठ्ठी भेजूंगा।

बुजुर्ग से पीएम मोदी बोले ..
हुआ पैसा भी आदिवासियों को समय पर दिया। हमारी सरकार ने धान का पैसा समय पर दिया, पिछला बकाया भी दिया। मोदी ने नारा नहीं दिया आपसे नाता जोड़ा, हमने राम मंदिर बनाया, न्योता भी भेजा.. लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया। आज पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार।

तुष्टिकरण कांग्रेस के डीएनए में
पीएम ने कहा- तुष्टिकरण कांग्रेस के डीएनए में है, कांग्रेसी नेता जब जब सरकार में आये उन्होंने पिछड़ों, आदिवासियों का हक छीना। उन्होंने जनता से अपील की और बोले- जांजगीर से कमलेश जांगड़े और रायगढ़ से राधेश्याम राठिया को मेरे साथ काम करने के लिए दिल्ली भेजिए। वोटिंग के दिन एक घंटे का समय मोदी के लिए निकालने का वादा करने को भी कहा।

कमार आदिवासियों को 25...
है कि घने जंगलो और पहाडियों के कारण सरकारी योजनाओ का लाभ यहा के ग्रामीणों को नही मिल पा रहा है बडे जनप्रतिनिधि तो दुर शासन के आला अफसर भी इन पहाडी ग्रामों में नही पहुच पाते जिसके कारण इन ग्रामों में विकास की रौशनी अब तक नही पहुच पाई है। पहाडी के उपर बसे ग्रामीणों ने बताया - ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट पहाडी के उपर बसे इसके आश्रित ग्राम जो दुर्गम पहाडियों के उपर बसा है ताराझर,कुरूवापानी, मटाल , भालूडिग्गी जैसे ग्रामो के ग्रामीण आज सरकारी राशन दुकान कुल्हाडीघाट मे राशन लेने के लिए पहुचे थे ग्रामीण जयसिंह कमार, राजमन कमार, चरणसिंह कमार, परमेश्वर कमार, सुंदर कमार, सीताराम कमार, दुलेश्वरी मरकाम, जगनी बाई सोरी, मोहनी सोरी एंव भागवती ने बताया कि हर चुनाव में मतदान करने के लिए पैदल आते है और उन्हे तीन दिन का समय लग जाता है, ग्रामीणों ने बताया कि अब तक कोई भी राजनीतिक पार्टी के नेता तो बहुत दुर कार्यकर्ता भी हमारे गांव में वोंट मांगने के लिए नही पहुचे है, ग्राम पंचायत के सचिव प्रेम ध्रुव और बीएलओ सुखराम नागेश पिछ्ले दिनों पहुचे थे, उन्होने ग्रामीणों को बताया कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव है जिसके मतदान के लिए ग्रामीण 25 अप्रैल को पैदल ग्राम कुल्हाडीघाट शाम तक पहुचेंगे और 26 अप्रैल को मतदान करने के बाद 27 अप्रैल तक अपने ग्राम वापस लौटेंगे ग्रामीणो ने बताया कि मतदान हमारा अधिकार है और हम लोग हर चुनाव में मतदान करने आते है साथ ही अपने साथ भोजन की भी व्यवस्था लेकर आते है, कोई व्यवस्था नही किया जाता उन्होने बताया कि कई लोग अपने रिश्तेदारों के यहा रूक जाते है कई लोग पेड के नीचे तो कुछ लोग स्कूल आंगनबाडी में आश्रय लेते है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी व दूर्गम स्थानो मे बसे कमार ग्रामो के लोगो को इस 21 वी सदी मे राशन सामाग्री ले जाने के लिये घोड़े का उपयोग करना पड़ रहा है दूर्गम रास्ता व सड़क के अभाव मे पिछ्ले कई वर्षो से राशन सामग्री के लिये आदिवासी कमार जनजाति के लोगो का एकमात्र सहारा घोड़े ही है, कुल्हाड़ीघाट के शासकीय राशन दुकान मे चावल दाल मिटटी तेल लेने पहुचते है और उनके गांव आने जाने के लिये कोई भी सड़क का निर्माण अब तक नही किया गया है, सुबह से जब राशन लेने के लिये कुल्हाड़ीघाट के लिये निकलते है तो शाम चार बजे पहुंचते है और उन्हे पैदल घोड़े के साथ आना पड़ता है गांव तक न तो सायकल पहुंच सकती है और न ही कोई अन्य वाहन इसलिये यहां के ग्रामीण घोड़े पाले हुए है। पहाड़ी के ऊपर बसे इन ग्रामो में आज तक बिजली नही लगी है सौर ऊर्जा लगाया गया है लेकिन उसकी स्थिति बेहद खराब है कही कही तो 2 -3 माह से बंद है देखने वाला कोई नही है स्कूल भवन नही है बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ाई करते है। सबसे ज्यादा समस्या ग्रामीणों के सामने पेयजल की है। सचिव ने बताया-ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के सचिव प्रेमलाल ध्रुव ने बताया ग्रामीण मतदान करने 20 से 25 किलोमीटर पैदल आते हैं उन्हें दो-तीन दिन का समय लग जाता है पहाड़ी के ऊपर गांव में लगभग 350 मतदाता हैं।

केनरा बैंक Canara Bank — A Government of India Undertaking — Syndicate
बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण	संपत्ति का विवरण
श्री मोहित कुमार पिता- ओमप्रकाश, 109, नयापारा आजाद चौक, बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़-493332. श्रीमती पिंकी देवी पति- मोहित कुमार, 109, नयापारा आजाद चौक, बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़-493332.	FUND BASED ₹ 40,73,542.89/- 02.04.2024 से कुल देय धनराशि ₹ 40,73,542.89/- एनपीए तिथि 26.03.2024	पुराने क्र.सं. 1240/1 का भाग, 1240/2 नया नं. 1240/12, बलौदा बाजार, प.ह. नं.- 15, आर.आई.सी. व तह.- बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल का क्षेत्रफल 0.012 हे. या 122 वर्गमीटर. (1350 वर्गफुट) में स्थित भूमि एवं भवन का ईएमटी। चौहद्दी: उत्तर- पटेल का मकान, दक्षिण- सड़क, पूर्व- बंजारे का मकान, पश्चिम- सड़क।

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर केनरा बैंक, बलौदा बाजार शाखा (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांक: 23.04.2024 स्थान: बलौदा बाजार (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महाप्र/गेवरा क्षेत्र/भू.रा./2024/07 **सूचना** दिनांक– 03.04.2024

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि गेवरा परियोजना गेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम नरईबोध के निम्नलिखित भू–विस्थापितों द्वारा दावा किये गये पात्र रोजगार के एवज में एकमुश्त राशि प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

क्र.	ग्राम का नाम	राज्य शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाणित पत्रक V/VI में खातेदार का नाम	रोजगार के एवज में एकमुश्त राशि हेतु दावा किये गये आवेदन एवं शपथ–पत्र के अनुसार खातेदार का नाम	खसरा नं0 (सीबीए के तहत) पत्रक अनुसार	रकबा भुगतान व्हाउचर अनुसार
1	नरईबोध	हरजीत सिंह, रणजीत सिंह पिता कल्याण सिंह	हरजीत सिंह, रणजीत सिंह पिता कल्याण सिंह	533/1, 533/3, 559/2, 623, 723/2	1.412 हे0/ 3.49 एकड़

खातेदार/सहखातेदार के नाम में भिन्नता का विवरण

भूमि के दस्तावेज पी–2 वर्ष 2008–09 से 2013–14 में नाम	भूमि के दस्तावेज बी–1 वर्ष 2007–08 में नाम	भूमि के दस्तावेज ऋण–पुस्तिका एवं नामांतरण पंजी में नाम	मुआवजा व्हाऊचर में नाम	निवास प्रमाण पत्र में नाम	आधार कार्ड में नाम
हरजीत सिंह, रणजीत सिंह पिता कल्याण सिंह	हरजीत सिंह, रणजीत सिंह पिता कल्याण सिंह	हरजीत सिंह, रणजीत सिंह पिता कल्याण सिंह	हरजीत सिंह, रणजीत सिंह पिता कल्याण सिंह	हरजीत सिंह राजपाल, रणजीत सिंह राजपाल पिता कल्याण सिंह	हरजीत सिंह राजपाल, रणजीत सिंह राजपाल पिता कल्याण सिंह

(1) अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजी प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा। (2) प्रस्तुत रोजगार के एवज का एकमुश्त राशि के प्रस्ताव में खातेदार के नाम/उपनाम भिन्न–भिन्न दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न दर्ज हैं, जो एक ही व्यक्ति का होना दर्शाया गया है, इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें।

SECL/24-25/25 महाप्रबंधक,एसईसीएल,गेवरा क्षेत्र

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

अवैध शराब बिक्री करते आरोपी को किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव -दिनांक 23.04.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये दिनांक 23.04.2024 को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सुचना के आधार पर टीम गठित कर आरी कोनारी चौंक के पास ग्राम आरी, थाना डोंगरगांव के पास घेराबंदी कर रेडकार्यवाही किया गया , जिसमे अपराध धारा- 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता जैतराम वर्मा , उम्र-38 साल, पता- तेलीटोला टप्पा ओपी तुमढीबोढ ,थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव,छ0ग0, के पास से काले रंग के एक बैग मे रखा शोले देशी प्लेन शराब 25 नग पौवा 4.500 बल्क लीटर किमती रकम 2250/- रूपये बिक्री रकम 300/- रूपये जुमला रकम 2550/- रूपये,को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया जाकर गिर0 किया जाकर अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया है । थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी

मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल बठेना में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, भावनाओं की अभिव्यक्ति, तथा किशोरों में होने वाली मानसिक समस्याओं एवं उनके उपाय के बारे में विभिन्न खेल गतिविधियों के जरिए समझाया गया। इस अवसर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव, सुश्री कल्पना ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी जांगड़े, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मंडल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिया कंवर, एनसीडी कंसलटेंट श्रीकांत चंद्राकर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ रचना पदमवार, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चांडक सहित योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

दूसरे जिले में काम करने गए मजदूरों को घर आकर मतदान की अपील

धमतरी/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा सिहावा के लिए आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने नित नये कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत नगरी ब्लॉक के ऐसे श्रमिक, जो दूसरे जिले में कार्य कर रहे हैं, उन्हे उनके परिजन फोन के माध्यम से सूचति कर रहे है कि 26 अप्रैल को मतदान है।

कार्यकर्ताओं के साथ विधायक बोहरा ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

- **भाजपा का हर कार्यकर्ता हनुमान जी की सेवा और समर्पण भावना से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कर रहा काम : भावना बोहरा**

कवर्धा/नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर भाजपा की जीत की कामना कर जनता से समर्थन व आशीर्वाद माँगा। उड़ियाखुर्द, कारेसरा, हथलेवा, गोछिया, बगदई, ढोरली, दरिगंवा, पटपर, ढोढमा नवापारा, बीजा बैरागी, मजगाँव और झाड़ूटोला में जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों को नरेंद्र मोदी की योजनाओं और विष्णु देव सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देकर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर ढोढमा नवापारा में भावना बोहरा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्रामवासियों ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि

पवनपुत्र का समर्पण भाव समस्त रामभक्तों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बना रहेगा। उनकी कृपा से भारत के प्रधानमंत्री विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी कृपा और आशीर्वाद हम सभी के साथ हैं और लोकसभा चुनाव में हनुमान जी और जनता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर हम जीत का परचम जरुर लहरायेंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद इस वर्ष रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर देश में एक अलग ही उत्साह और आनंद दिखाई दे रहा है। इस उत्साह और आनंद की वजह अयोध्या में निर्मित राम लला के भव्य-नव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण है जिसके लिए नरेंद्र मोदी जी के साथ करोड़ों कार्यकर्ता, देशवासी और कारसेवक समर्पित रहे। भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज हम सभी ने इस उत्सव को भव्य बनाने के लिए यहां हनुमान चालीसा का पाठ भी किया, जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र की जनता का भी अपार उत्साह देखने को मिला। प्रभु श्रीराम के प्रति जनमानस में आस्था और हनुमान जी के प्रति उनकी निष्ठा से अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हम जरुर पूरा करेंगे और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भारत को निरन्तर विकास पथ पर गतिमान करेंगे। अयोध्या में निर्मित राम मंदिर हमारे लिए आस्था का वह केंद्र बिंदु है जिसके लिए स्व अटल जी से लेकर लाल कृष्ण आडवानी जी ने हमेशा प्रयास किया और आज उनके मार्गदर्शन एवं संकल्पों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरा किया। उन्होंने आगे कहा कि हनुमान जी का जीवन आज भी हमें भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देते हैं।जब लक्ष्मण जी पर संकट आया तब हनुमान जी पूरा पर्वत ही उठाकर ले आए।

दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए जिले में चलाया जाएगा दिव्यांग मतदाता रथ

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में दिव्यांगों एवं 85 आयु के वृद्धजन मतदाताओं को मतदान

दिवस को केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक पहुंचाने के लिए ÷दिव्यांग मतदाता रथ÷ चलाया जाएगा। यह पूरी तरह निःशुल्क होगा। विगत दिनां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो जिले के 04 विधानसभाओं में प्रचार-प्रसार हेतु चलेगी। यह दिव्यांग रथ मतदान दिवस के दिन विधानसभा के मुख्यालय जनपद पंचायतां मे 02 नगर पालिका मुख्यालय 02 एवं नगर पंचायत मुख्यालय में 01 कुल 21 वाहन मौजूद रहेगी। दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाताओं द्वारा 1950 नम्बर पर फोन लगाकर अपने आवास पर बुला सकते है, तथा मतदान केन्द्र तक सुगमता से पहुंचकर मतदान करने के उपरांत अपने आवास में सकुशल वापस हो सकते है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिक से अधिक दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को वाहन बुक कर शत् प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई है। इस अवसर पर स्वीप नोडल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस. आलोक, दिव्यांग रथ के जिला प्रभारी एवं उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के संबंध में कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी में इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुश्री सविता चंद्राकर व्याख्याता (एल.बी.) द्वारा शामिल अतिथियों (राजनीतिक पृष्ठभूमि) के साथ मंच साझा किया गया। जिसमें अतिथियों से इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण फोटो का विभिन्न दैनिक समाचारों पत्रों में कवरेज किया गया। प्रभारी प्राचार्य सुश्री सविता चंद्राकर द्वारा व्हाट्सअप संदेश के माध्यम से अतिथियों को कार्यक्रम के लिए अवगत कराया गया था।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा सुश्री सविता चंद्राकर व्याख्याता

औरांसी में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व संसदीय सचिव शकुन्तला

पलारी/नवप्रदेश। आज श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर पलारी विकासखंड अन्तर्गत ग्राम औरांसी में ओमनारायण वर्मा द्वारा अपने पिता स्व. थानुराम वर्मा की स्मृति में श्री हनुमान मंदिर एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रखा गया जिसमें पूर्व संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू भी शामिल हुई।इस दौरान उन्होंने बजरंगबली की आराधना कर समस्त क्षेत्र के सुख एवं समृद्धि की कामना की, प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त संकट मोचन हनुमान जी के जन्मउत्सव की समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा की हनुमान जी की कृपा समस्त क्षेत्रवासियों पर बनी रहे और हमारा क्षेत्र इसी प्रकार

प्रफुल्लित सुखमय वातावरण में आगे बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि मैं कृतज्ञ हूँ इस गाँव के समस्त ग्रामवासियों एवं ओमनारायण वर्मा के पूरे परिवार का जिन्होंने धार्मिक कार्य में याद किया और यह हनुमान जी के आशीर्वाद से ही संभव हुआ। इस अवसर पर खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी मोतीलाल वर्मा पूर्व सरपंच चुचरुंगपुर एवं पूर्व महामंत्री ज़िला कांग्रेस कमेटी ब.बा. महेंद्र वर्मा शगुन वर्मा ओम नारायण वर्मा दुकालू वर्मा महेश निषाद अधीन निषाद चेतन ध्रुव हूमेश्वर वर्मा श्रीमती प्यारी निषाद सोहन निषाद अजू यादव तथा समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

400 सीट का दावा और मोदी की गारंटी पूरी तरह से फेल साबित होगी : अशोक सोम

नगरी/नवप्रदेश। हल्बा समाज भवन नगरी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सिहावा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं कांकेर लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सदस्य अशोक सोम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी शिव कुमार परिहार ने की। विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष भूषण साहू,जिला पंचायत सदस्य मीना बंजारे, जनपद सदस्य द्वय उमेश देव, कीर्ति नेताम, पूर्व जनपद सदस्य अंजोर निषाद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रवि ठाकुर, शैलेन्द्र धेनुसेवक, अजीत सिंह वर्मा, शत्रुघ्न साक्षी उपस्थित थे। पूर्व विधायक अशोक सोम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता आगे आकर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अधिकृत प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को जिताने के लिए एकजुट हो जाएं।श्री सोम ने आगे कहा कि मोदी ने किसान की आय दुगुना करने,2 करोड़ रोजगार देने,कालाधन वापस लाने की गारंटी दी थी। मोदी की 400 सीट का दावा और मोदी की गारंटी पूरी तरह से फेल साबित होगी।आज मोदी देश में गिने चुने 8 - 10 उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से काम कर रहे है। उनको देश के किसानों, मजदूरों और युवाओं से कोई लेना देना नहीं है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कांग्रेसी शिव परिहार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पास संसाधन की कमी है लेकिन इस कमी को ध्यान ना देकर सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे। कांकेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने सभी एकजुट हो जाएं। हमारे कार्यकर्ता ही कांग्रेस की शान है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी भानेंद्र ठाकुर,पेमन स्वर्णबेर, जावेद मेमन, कैलाश बिसेन, टेश्वर ध्रुव, मिलेश्वर साहू, पिंकी यदु, कुंजबिहारी देव, आसिफ खान,युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नदीम अली, युवा कांग्रेस के सिहावा विधानसभा अध्यक्ष सोनू चौहान, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष अंकुश देवांगन,भरत लहरे, किशन गजेन्द्र, आदित्य तिवारी, जितेन्द्र ध्रुव, दिनेश यादव, टिकेश्वर ध्रुव, ईशु अली आदि मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता का संदेश देते दिव्यांगजनों ने बनाई आकर्षक पेंटिंग्स

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जनसामान्य के मध्य मतदाता जागरूकता लाने के उददेश्य से स्थानीय मकई गार्डन में श्रवण बाधित, अस्थि बाधित तथा मानसिक दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। दो दिवसीय इस पेंटिग प्रदर्शनी में अस्थिबाधित एवं मूकबधिर दिव्यांग चित्रकार गौकरण पाटिल के द्वारा अपने पैरों से मतदाता जागरूकता संबंधी पेंटिंग बनाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी तथा अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा दिव्यांग चित्रकार गौकरण पाटिल को शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी के मूकबधिर छात्राओं, सार्थक, गौरीशंकर श्रीवास्तव सेवा समिति धमतरी के मानसिक दिव्यांग बच्चे तथा एक्जेक्ट फाउंडेशन दिव्यांग आवासीय विद्यालय रूद्री के मूकबधिर छात्र द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का भी प्रदर्शन किया गया।

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के 17 लाख 62 हजार 477 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

महासमुंद/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत द्वितीय चरण के निर्वाचन में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 09 में शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 07:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक वोट डाले जायेंगे। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2146 मतदान केन्द्र बनाए गए है। 2146 मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत महासमुंद, गरियाबंद और धमतरी के कुल 8 विधानसभाओं में मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 62 हजार 477 है। जिसमें 08 लाख 66 हजार 670 पुरुष मतदाता, 08 लाख 95 हजार 773 महिला मतदाता और 34 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 17 हजार 383 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 06 हजार 223 एवं सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 1221 है।

ये है जिले की जानकारी

महासमुंद जिले के चारों विधानसभाओं में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 1080 है, जिसमें सहायक मतदान केन्द्र शामिल है। जिसमें 8 लाख 66 हजार 837 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन केन्द्रों के निरीक्षण के लिए 112 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है व माइक्रो ऑब्जर्वर 111 नियुक्त किए गए हैं। 1080 मतदान केन्द्रों के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान दल अधिकारी 1, 2, 3 सहित पुलिस कर्मचारी की संख्या 6604 और 1333 रिजर्व कर्मचारी नियुक्त किया गया है। कुल 235 रूट चार्ट बनाए गए है। सभी मतदान केन्द्रों में रैम्प, पेयजल, विद्युत व शौचालय की व्यवस्था की गई है। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए प्रत्येक मतदान केन्द्रों में छाया की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में सुचारू और सुगम मतदान सम्पन्न कराने कुल 85 केन्द्रों में महिला कर्मियों द्वारा मतदान कराया जाएगा। यहां चारों महिला अधिकारी होंगे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
नोटिस

रा.प्र.क्र. /अ-06अ/ वर्ष 2023-24

प्रति,
जरीलवह आ. भयाराम
पता भिलाईनगर

आवेदक गन्टी सुब्रहमण्यम आ. गन्टी कामयूया साकिन विशाखापट्नम द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 773/86 रकबा 0.022 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 19.11.1970 को आपसे क्रय किया था, जिसका नामांतरण हो गया था परंतु अभिलेख में आपका नाम दर्ज हो गया था। जिसे सुधार किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 30.04.2024 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-05/ वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गन्टी सुब्रहमण्यम आ. गन्टी कामयूया साकिन विशाखापट्नम द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि बंदोबस्त पूर्व खसरा नं. 773/86 रकबा 0.022 हे. था जो बंदोबस्त पश्चात 1607/83 रकबा 0.022 हे. हो गया है एवं नक्शा में त्रुटि हो गई है के सुधार के संबंध में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः बंदोबस्त पूर्व अभिलेख के अनुसार नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.04.2024 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 19.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशवन कुमार साहू पिता रुपराम साहू निवासी ग्राम बांधा तालाब दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/125 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता रुपराम साहू के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 17.10.2017 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी.नं. 2024041100600115 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अरविंद कुमार साहू आ./पति श्री रामविशाल साहू निवासी ग्राम ग्राम घुघवा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम घुघवा प.ह.न. 12 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 729/1 रकबा 0.1300 हें/ वर्गफीट भूमि पर औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 26.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मै कुणाल उपलप, (KUNAL UPLOP) उम्र 37 वर्ष, पिता श्री किशोर कुमार उपलप निवासी- एल.आई.जी. 11, पद्मनाभपुर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ0ग0) का रहने वाला हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ तथा मेरे पुत्र अद्वय उपलप पिता श्री कुणाल उपलप, का जन्म स्थान स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, भिलाई, जिला दुर्ग में दिनांक - 29.07.2019 को हुआ है जिसका जन्म प्रमाण पत्र लोक सेवा केन्द्र, नगर निगम भिलाई जिला दुर्ग से जारी किया गया है। जिसका पंजीयन संख्या- 2020-08-000952, पंजीयन दिनांक 28.01.2020 है, जिसकी माता का नाम श्रीमती पल्लवी उपलप (PALLAVI UPLOP) है जो सत्य व सही है। वर्तमान में मेरे पुत्र का नाम अद्वय उपलप, है, जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं आधारकार्ड में दर्ज है, तथा मै अपने पुत्र का पुराना नाम अद्वय उपलप, को त्याग एवं परिवर्तन कर पुत्र का नया नाम अक्षांश उपलप (AKSHANSH UPLOP) करवाना चाहता हूँ और मै अपने पुत्र के समस्त दस्तावेजो में उसका नया नाम अक्षांश उपलप (AKSHANSH UPLOP) दर्ज रखना चाहता हूँ और भविष्य में मेरा पुत्र अक्षांश उपलप (AKSHANSH UPLOP) पिता श्री कुणाल उपलप, के नाम से जाना एवं पहचाना जाएगा।

शपथकर्ता
कुणाल उपलप

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री जगतराम नेताम | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400266/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जगतराम नेताम पिता स्व. छेरकूराम नेताम निवासी चन्द्रनगर उमरपोटी तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	341/28	0.020 हें 2001 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400153 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रामेश्वरी आ./पति अरुण कुमार निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 318/76, 318/79 रकबा 0.006, 0.0061 हें/ 1300 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400152 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका भूषणदास मानिकपुरी आ./पति केवलदास मानिकपुरी निवासी शिव मंदिर के पास डौण्डी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 298/52 रकबा 0.0130 हें/ 1375 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400155 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रश्मि राजपूत आ./पति प्रभात सिंह राजपूत निवासी पुलिस लाइन दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 527/29 रकबा 0.0114 हें/ 1235 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400154 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अरुण कुमार आ./पति मधुसुदन निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 318/74, 318/75 रकबा 0.0079, 0.0042 हें/ 1300 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400047 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका त्रिवेणी देवांगन आ./पति भूपेन्द्र कुमार निवासी पचरीपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 222/67 रकबा 0.025 हें/ 2695 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400296 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सुषमा भगत आ./पति सुरेश कुमार भगत निवासी मधुबन नगर बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 216/7 रकबा 0.010 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400151 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रुपलाल आ./पति जितेन्द्र कुमार साहू निवासी सुपेला भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 870/66 रकबा 0.0139 हें/ 1503 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

मतदान केन्द्र में पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रयास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाइड,एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें।

मतदान का प्रतिशत बढ़ाने जिले में अनूठी, अभिनव पहल

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में लोकसभा निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे की पहल पर एक अनूठी और अभिनव अभियान चलाया जा रहा है। इस अनूठी और अभिनव अभियान का नाम ÷घर आजा संगी÷ दिया गया है। इस अभिनव पहल के माध्यम से दूसरे राज्यो में गए जिले के स्थानीय श्रमिक-मजदूरों को दूरभाष (मोबाईल) के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है। श्रमिकों से संपर्क करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। स्वीप कार्यक्रम के तहत श्रमिको को मोबाईल से संपर्क कर बताया जा रहा है कि लोकतंत्र का महापर्व कबीरधाम जिले में 26 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन लोकसभा का चुनाई तिहार है, इसलिए मतदान करने अपने घर-गांव अवश्य आए। लोकतंत्र का महापर्व पांच साल में सिर्फ एक बार ही आता है। आपका एक मत एक मजबूत भारत निर्माण के लिए आवश्यक है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे द्वारा जारी संदेश, आग्रह और अपील को सुनकर अपने घर-गांव से बाहर गए श्रमिक अपने मतदान के महत्व को समझने लगे है और मतदान करने कबीरधाम लौटने भी लगे है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत घर आजा संगी कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ स्वीप नोडल अधिकारी श्री संदीप अग्रवाल ने आज बस स्टैंड में अन्य प्रदेश से मतदान के लिए आए जिले के स्थानीय मजदूरों का बैच लगाकर स्वागत किया। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी श्रमिकों को शत प्रतिशत मतदान के प्रेरित किया और अन्य व्यक्तियों को 26 अप्रैल को मतदान के लिए जागरूक करने कहा।

मतदान केंद्र जाकर मूलभूत सुविधाओं को करें चेक

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा आज यहां ज़िला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन -2024 के लिए ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों और आदर्श मतदान केंद्र सहित डाक मतपत्र आदि की जानकारी ली। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द अग्रवाल, अपर कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, तीनों विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर मूलभूत सुविधाओं को एक बार और चेक करें। कोई कमी हो तो उसे पूरा कर लें। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) फ़ार्म वितरण की भी जानकारी ली। डाक मतपत्र नोडल श्रीमती दिव्या पोटाई ने निर्वाचन कर्तव्य (ड्यूटी) पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के डाक मतपत्र से मतदान करने और बनाये गये सुविधा के केंद्र से अवगत कराया। श्रीमती पोटाई ने जानकारी देते हुए बताया कि पाँच सुविधा केंद्र बनाये गये है। इन सुविधा केंद्रों के लिए प्रभारी अधिकारी भी बनाये गये है। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में मधुमक्खी के छत्ते है, उन्हें हटा दिया गया है तो प्रमाण पत्र निर्वाचन शाखा को उपलब्ध करा दें। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही ना करें। उन्होंने मुख्यचिकित्सा अधिकारी को सभी स्वस्थ्य केंद्रों में समय पर स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी रहे और पर्याप्त मात्रा में ज़रूरी दवाईयां और चिकित्सकीय उपकरण हो यह सुनिश्चित कर लें।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जा रहा लोगों को प्रेरित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम राजनांदगांव जिले में कई हफ्तों से जारी है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरुचि सिंह के निर्देशन में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष स्वीप अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। विशेष स्वीप अभियान के तहत आज राजनांदगांव शहर के कौरिनभाठा, लखोली और चिखली में स्वीप स्क्वाड द्वारा स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

दो ट्रकों में टक्कर, हादसे में एक चालक की मौत, दूसरा गंभीर

घटना बोड़ला थाना क्षेत्र के चिल्फी रोड पर हुई

कवर्धा/नवप्रदेश। एक ट्रक का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में फंसे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रक के चालक की हालत गंभीर है।

जिले से होकर गुजरने वाले रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे मार्ग में फिर भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रतार दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई। एक ट्रक का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में फंसे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रक के चालक की हालत गंभीर है। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

घटना बोड़ला थाना क्षेत्र के चिल्फी रोड पर हुई है। एक ट्रक में शिमला मिर्ची भरी थी, जबकि दूसरा ट्रक में लोहा भरा था। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बोड़ला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चिल्फी रोड पर

बाबा देवता के पास का हुआ है। सुबह करीब 6 बजे ट्रक क्रमांक एचआर 73 ए 1571 और आइसर आरजे 11 जीसी 7004 में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में आइसर वाहन के चालक राजा भैया चौधरी निवासी कुंवरपुरा जिला जालौन उत्तर प्रदेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको डायल 112 पुलिस के मदद से उपचार के लिए बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना मिलते ही बोड़ला थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत कर शव को बाहर निकाल कर बोड़ला के मर्चुरी ले गया।

नेशनल हाइवे पर हादसे बढ़ गए हैं। रायपुर जबलपुर नेशनल हाइवे मार्ग तेज रतार दो ट्रक भीड़े है। हालांकि हादसे की वजह बारिश भी मानी जा रही है।

घटना के समय बारिश हो रही थी, जिसके चलते चालक रतार संभाल नहीं सके, जिनकी कारण टक्कर हो गई। ट्रक की केबिन देखकर ट्रकों की रतार का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिस पर सावधानी बरतने की जरूरत थी। बारिश हुई है तो और अधिक सावधानी से वाहन चालन करने की जरूरत है।

मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी दिशा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। मतदान दिवस के 48 घंटा पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, अधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी को छोड़कर मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, वायरलेस आदि की अनुमति नहीं होगी। निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 बी अनुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र के आसपास शस्त्र धारण नहीं किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि एक प्रत्याशी द्वारा अधिकतम 03 वाहन प्रयोग में लाए जा सकते हैं। जिसकी अनुमति रिटर्निंग अधिकारी (राजनांदगांव) द्वारा दी जाएगी। प्रत्येक विधानसभा के लिए 01-01 वाहन की अनुमति सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दी जाएगी। एक वाहन में अधिकतम 05 व्यक्ति की ही (वाहन चालक सहित) अनुमति होगी। यदि प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में उपस्थित नहीं है तो, प्रत्याशी की

वाहन को अन्य व्यक्ति उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। अन्य नेताओं को किसी भी प्रकार की वाहन की अनुमति नहीं होगी। निजी वाहन की उपयोग सिर्फ वाहन मालिक के द्वारा किया जाएगा, निर्वाचन में उपयोग नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को लाने अथवा ले जाने के लिए निजी वाहन की अनुमति नहीं होगी। निजी वाहन का उपयोग वाहन मालिक के द्वारा स्वयं या परिवार को मतदान केन्द्र ले जाने की अनुमति होगी, लेकिन 200 मीटर की परिधि में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतदान के अंतिम 48 घंटो के दौरान शराब की दुकाने बद रहेंगी।

मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की पोस्टर, बैनर नहीं होगा

जारी आदेश में बताया गया है कि आवश्यक सेवाओं जैसे हॉस्पिटल वाहन, एम्बुलेंस, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर आवश्यक विद्युत सेवा, पुलिस वाहन एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी को ही वाहन की अनुमति होगी। सार्वजनिक वाहन का उपयोग बीमार एवं दिव्यांग व्यक्ति के द्वारा अपने स्वयं के उपयोग के लिए किया जा सकेगा। सरकारी अधिकारी द्वारा उपयोग किये जा रहे वाहन केवल ड्यूटी स्थल जाने के लिये उपयोग किया जाएगा। मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की पोस्टर/बैनर नहीं होगा। मतदाताओं के सहयोग के लिए बीएलओ को मतदान केन्द्र के बाहर तैनात किया जाएगा।

मतदान कार्य में बाधा डालने वाले पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी के वैध निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है या दुर्व्यवहार करता है उसे किसी भी पुलिस अधिकारी या पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिकृत अन्य व्यक्तियों द्वारा उसके आदेश पर मतदान केंद्र से हटाया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति, जो किसी भी चुनाव में धोखाधड़ी से या अनधिकृत रूप से मतदान केंद्र से वोटिंग मशीन ले जाता है या ले जाने का प्रयास करता है या जानबूझकर ऐसे किसी कार्य को करने में सहायता करता है या उकसाता है। उसके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

हनुमानजी की पूजा कर प्रचार में निकले भाजपाई बिंद्रानवागढ़ से भारी लीड मिलने का किया दावा

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा की जीत का द्वार बिंद्रानवागढ़ को माना जाता है। विधानसभा चुनाव में काफी कम अंतर से भाजपा को इस सीट से हार मिली थी, लेकिन लोकसभा में कांग्रेस का कॉन्फिडेंस लेवल देखकर भाजपा भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

आज देवभोग मंडल के दिग्गज नेता बिंद्रानवागढ़ चुनाव प्रभारी दयाराम साहू के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के प्रचार में निकलने से पहले बस स्टैंड के हनुमान मंदिर में एकत्र हुए. प्राकट्य दिवस पर सभी ने हनुमान जी का विधि विधान से पूजा-अर्चना कर उनसे प्रत्याशी के जीत का आशीर्वाद भी लिया।

दया राम ने मंदिर से निकलते ही हनुमान चालीसा की चौपाई पढ़ विपक्षी पर तंज कसा. उन्होंने कहा कि रोग बाधा के साथ-साथ हनुमान जी विपक्षी बाधा को भी दूर कर देंगे. डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है. विधानसभा में बहुत कम अंतर से हार हुई है पर इसकी भरपाई हम लोकसभा में कर लेंगे. मोदी जी के हैट्रिक के लिए रूप कुमारी चौधरी को दिल्ली भेजने में बिंद्रानवागढ़ की जनता की अहम भूमिका होगी. दयाराम साहू ने बिंद्रानवागढ़ से भारी लीड मिलने का दावा किया है.

चुनाव प्रभारी दया राम साहू के साथ संयोजक की भूमिका में नरोत्तम साहू हैं, जो स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के साथ रणनीति बनाकर चुनाव का बेहतर संचालन कर रहे हैं. भाजपा प्रचार में सबसे आगे अपने कारगर रणनीति के कारण है. विधानसभा में हुई चूक से पार्टी ने सबक लेते हुए अपने नेताओं को आपसी मतभेद से दूर रखा. कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय के अलावा चुनाव संचालकों ने बूथ मैनेजमेंट पर जोर दिया है.

प्रचार में बेहतर सामंजस्य बनाया बूथ पर दे रहे हैं जोर

चुनाव प्रभारी दया राम साहू के साथ संयोजक की भूमिका में नरोत्तम साहू हैं, जो स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के साथ रणनीति बनाकर चुनाव का बेहतर संचालन कर रहे हैं. भाजपा प्रचार में सबसे आगे अपने कारगर रणनीति के कारण है. विधानसभा में हुई चूक से पार्टी ने सबक लेते हुए अपने नेताओं को आपसी मतभेद से दूर रखा. कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय के अलावा चुनाव संचालकों ने बूथ मैनेजमेंट पर जोर दिया है।

भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टी विचारों के अनुरुप ही करती है कार्य- बघेल

भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की दृष्टिकोण से भाजपा शक्तिकेन्द्रों की बैठक की कड़ी में निपनिया मंडल के खैरा शक्तिकेन्द्र और करही बाजार शक्तिकेन्द्र की बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में पार्टी नेतृत्व द्वारा पूर्व में दिये कार्य व कार्यक्रमों की समीक्षा तथा आगामी 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए कार्य योजना तैयार की गई।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री व निपनिया मंडल के चुनाव प्रभारी महाबल बघेल ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्र वादी विचारधारा वाली पार्टी है और पार्टी अपने विचारों के अनुरुप ही कार्य करती है।

अपने विचार के अनुसार राष्ट्र का निर्माण करने देश समाज व मानव के हित के लिए तीसरी बार फिर से मोदी जी का प्रधानमंत्री बनना आवश्यक है जिसके लिए हम सब को पूरे समर्पण भाव से चुनाव कार्य में लगना है और चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में लाना है तभी हमारे राष्ट्र का पुनर्उत्थान हो सकेगा और विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा इसलिए हम सभी को अपने अपने बूथ में बूथ विजय के संकल्प के बूथ जीतों चुनाव जीतो के नारे के साथ कार्यो में लग जाना है। इस बैठक में मंडल उपाध्यक्ष सुखदेव यदु, मंडल महामंत्री देवक साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष टिक्की वर्मा सुमरन धृतलहरे, गणेश, बंशुलाल, राजकुमार, झडीदास, सतीश कुमार, जगदीश साहू, धरमलाल, अनीलल पटेल, केजुराम ध्रुव, सुखीराम ध्रुव, सुरेश वर्मा, दिलीप वर्मा, होकराय वर्मा, एसूराय वर्मा, महेश, लालराम वर्मा, रुपचंद साहू, लीला रामवर्मा, लतेलुराम यदु, नगेन्द्र वर्मा सियाराम, भागवत मरावी, रामकुमार यादव, राजु प्रसाद पटेल, राजेश पटेल, रघुनन्दन, सुरजराम, मनऊ, बरातु राम पटेल, रामेश्वर, दुर्गा, सोनउ, मनीराम, जगत, संतोष यदु, जनितराम, लालराम रजक, सुमेरी लाल, अजर दास, साधुराम पटेल, उदय देवांगन, लेखराम पटेल, अरुण निषाद, कृष्णा केसरवानी, सतीस पाल कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सुविधा केन्द्र का अवलोकन कर जानी स्थिति

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सुविधा केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से निर्वाचन करा रहे मतदान अधिकारियों से मतदान के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान करने आए कर्मचारियों से बातचीत भी की। निर्वाचन कार्य में लगे अनिवार्य सेवा मतदाताओं के लिए जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में 22 अप्रैल से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान 24 अप्रैल तक किया जाएगा। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य निर्वाचन कार्य में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में लोकसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर आफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा गृह निर्वाचन क्षेत्र से दूर अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा प्रदाय की गई है।

गृह मंत्री के संज्ञान में आने के बाद भी कार्यवाही ना होना दुर्भाग्यजनक : गिरीश

भाजपाई निर्वाचन को दूषित करने आमदा हैं : कांग्रेस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल पर व्यक्तिगत आरोप लगा कर भाजपा अपनी कुत्सित मानसिकता से लगातार आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है।

भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया में अनर्गल पोस्ट डालकर वर्गों के बीच शत्रुता पैदा करने कवर्धा की घटना को लेकर शिकायत की है क्योंकि वहां भाजपाईयों पर धार्मिक उन्माद के मामले दर्ज हुए अब वहां कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर व्यक्तिगत अभद्र टिप्पणी के साथ उनके फोटो युक्त पोस्टर लगा कर निर्वाचन को दूषित करने का काम भाजपाईयों के संरक्षण में हो रहे हैं, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी की मौन सहमति भी दर्शित हो रहा है। क्योंकि निर्वाचन शाखा का यह प्रथम दायित्व होता है कि निर्वाचन से संबंधित कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट किसी चौक-चौराहे पर ना लगे यदि लगे हो तो तत्काल हटाएं, लेकिन लगने के बाद भी उन पर निर्वाचन आयोग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाना भाजपा और विघ्न संतोषियों को प्रश्रय देने के समान है। सबसे दुर्भाग्य जनक बात यह है की कवर्धा के चौक-चौराहा में लगातार पोस्टर लगाने का कार्य चलता रहा और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री गृह मंत्री विजय शर्मा के संज्ञान में आने के बाद भी वे स्थल पर रुके, लेकिन जिनके द्वारा यह कृत्य किया जा रहा था, उन पर किसी प्रकार का कोई कार्यवाही न होना अपने आप में निर्वाचन की निष्पक्षता को पूरी तरह से दूषित करती है और ऐसी स्थिति में कभी भी अप्रिय घटना से इनकार नहीं कर सकता। कवर्धा में जिस प्रकार से अभद्र पोस्टर लगाए गए उसके बाद उनके हौसले इतने बुलंद हो गए कि राजनांदगांव शहर के स्टेशन परत और गौरी नगर क्षेत्र में भी लगाना प्रारंभ हो गया, लेकिन वार्डवासियों के विरोध के बाद लड़के वहां से फरार हो गए, लेकिन पोस्टर लगाने वालों की फोटो वार्डवासियों ने मोबाइल से खींच लिया और कवर्धा की घटना का भी वीडियो और पोस्टर लगाने वाले के फोटो सहित पेन ड्राइव में शिकायत कर तत्काल पोस्टर निकलवाने एवं पुलिस गस्त बढ़ाने के साथ-साथ संलिप्तों पर अपराध दर्ज की कार्यवाही करने की मांग की गई है।

धरती फाड़कर प्रकट हुए हनुमान, बढ़ रहा आकार और ऊंचाई

जब बाबर कर रहा था भारत में लूटपाट उस समय की प्रतिमा

बालोद/नवप्रदेश। यहां जिसने भी सच्चे मन से बजरंग बली का स्मरण किया है। उसकी मनोकामना पूरी हुई है। मंदिर को दानदाताओं के सहयोग से भव्य रूप दिया जा रहा है। बालोद के ग्राम कमरौद में 400 साल पुरानी भगवान हनुमान की विशाल प्रतिमा है। इस प्रतिमा के आकार व ऊंचाई बढ़ने का दावा समिति व भक्त करते हैं। जमीन से निकलने के कारण उन्हें छत्तीसगढ़ में भूंफोड़ बजरंग बली के नाम से जाना जाता है।

लगातार बढ़ रही प्रसिद्धि को लेकर इसे पर्यटन स्थल बनाने की मांग ग्रामीण व मंदिर समिति कर रहे है। यहां जिसने भी सच्चे मन से बजरंग बली का स्मरण किया है। उसकी मनोकामना पूरी हुई है। मंदिर को दानदाताओं के सहयोग से भव्य रूप दिया जा रहा है। दानदाताओं के

सहयोग से हो रहा मंदिर का विस्तार जिले के ऐतिहासिक इस मंदिर को लेकर लोग दावा करते है कि यह मंदिर 400 साल से भी ज्यादा पुराना है। वास्तविक स्थिति व किस सदी का इसका निर्माण हुआ, पता नहीं चल पाया। शासन-प्रशासन से मंदिर के लिए जैसा सहयोग मिलना चाहिए, वैसा नहीं मिल रहा है। मंदिर समिति के उमेद, कौशल ने बताया कि यहां हर साल महाशिवरात्रि पर मेला लगता है। इस बार भी हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाएंगे। हालांकि दानदाताओं ने भव्य शिवलिंग, गार्डन व मां काली की प्रतिमा का निर्माण कराया है। जो भक्तों को आकर्षित करते हैं।

धार्मिक पर्यटन स्थल में तेजी से उभर रहा मंदिर ÷ कमरौद स्थित भूं-फोड़ हनुमान मंदिर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। भू फोड़ हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं।

आज हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में होगी विशेष पूजा बालोद जिलेभर के हनुमान मंदिरों में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष पूजा की जाएगी। विविध धार्मिक आयोजन भी होंगे। मंदिरों में तैयारी पूरी हो चुकी है। शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित शिव हनुमान मंदिर में सुबह 9 बजे श्रृंगार आरती, दीप प्रज्ज्वलन, दोपहर भोग के बाद भंडारा, संध्या 6 बजे हनुमान चालीसा और आरती की जाएगी।

आदि गौड़ ब्राम्हण समाज महिला शाखा की बबिता अध्यक्ष, लता बनीं उपाध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। आदि गौड़ ब्राह्मण समाज महिला शाखा की गत दिवस हुई बैठक में सर्वसम्मति से बबिता शरद भृगु को अध्यक्ष और लता अरुण शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। दोनो की नियुक्ति से समाज की महिलाओ में हर्ष व्याप्त है। उक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार समाज के स्टेशन रोड स्थित कुंदन भवन में महिला समाज की बैठक हुई,जिसमे समाज की अधिकांश महिलाएं उपस्थित थी।बैठक में समाज की महिलाओ ने समाज के कार्यों में नियमित रूप से अपनी भागीदारी निभाने वाली श्रीमती बबिता शरद भृगु का नाम अध्यक्ष पद के लिए सामने आया, जहा सभी महिलाओ ने करतल ध्वनि से आप प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाते हुए बबीता भृगु को समाज की जवाबदारी सौंप दी है,और महिला समाज की वे अध्यक्ष बनाई गई।उसी तरह उपाध्यक्ष के लिए लता अरुण शर्मा के नाम को भी उपस्थित महिलाओ ने अपनी मुहर लगाते हुए उन्हें उपाध्यक्ष पद से सुशोभित कर दिया है। श्रीमती बबिता और लता शर्मा को समाज की नई जवाबदारी मिलने से समाज की महिलाओ में हर्ष व्याप्त है।समाज की सक्रिय सदस्य श्रीमती लक्ष्मी पांडेय ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए दोनो नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी है और विश्वास व्यक्त किया है।

न्यूज गैलरी

26 अप्रैल, 1 व 5 को होगा लेखा निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचन अवधि के दौरान अभ्यर्थियों के लेखा निरीक्षण संबंधी समय तय किया गया है। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन अवधि में अभ्यर्थियों के तीन बार लेखा निरीक्षण दिनांक 26 अप्रैल 2024, 01 मई 2024 एवं 05 मई 2024 को नियत किया गया है। उक्त तिथि को कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5 बजे एनेक्स कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 18 व्यय लेखा कलेक्टोरेट परिसर में स्वयं या निर्वाचन एजेंट व्यय दैनंदिनी लेखा पुस्तिका एवं किये गये व्यय से संबंधित समस्त बिल या व्हाउचर के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उक्त तिथि को लेखा मिलान हेतु उपस्थित नही होने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 झ के तहत कार्यवाही की जायेगी

जिले में स्वीप अंतर्गत फैंसी ड्रेस व कैटवॉक कार्यक्रम

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज के निर्देशन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत +मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी के तहत लगातार विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता के तहत स्वीप गतिविधियों के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मतदाताओं के सक्रिय सहभागिता को सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में परियोजना, सेक्टर स्तरीय महिलाओं द्वारा फैंसी ड्रेस एवं कैटवॉक द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए संदेश दिया गया। जिसमें परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं नागरिकों की सहभागिता रही। महिलाओं द्वारा फैंसी ड्रेस एवं कैटवॉक कार्यक्रम में लगभग 1225 महिलाएं सम्मिलित हुई।

झलियापुर में ट्रैक्टर रैली निकाली

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को जिले में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ग्राम झलियापुर में ट्रैक्टर रैली निकाली गई। कृषि विभाग के उपसंचालक डीके ब्यौहार ने बताया कि ट्रैक्टर रैली के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया गया और शतप्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। साथ ही चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

अभ्यर्थियों के व्यय लेखा के मिलान प्रशिक्षण आज

जांजगीर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अभ्यर्थियों के द्वारा संधारित व्यय रजिस्टर का निरीक्षण किया जाना है व्यय प्रेक्षक महोदय से परामर्श कर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा समस्त अभ्यर्थियो के व्यय लेखों के मिलान हेतु निरीक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है, साथ ही व्यय संबंधी प्रविष्टि निर्धारित प्रारूप में किस प्रकार से किया जाना है तथा व्यय रजिस्टर का लेखा मिलान हेतु सहायक व्यय प्रेक्षकों के माध्यम से व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है, इस हेतु 24 अप्रैल 2024 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्थापित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

तेज हवाओं के साथ बारिश
मिली उमस और गर्मी से राहत

मुंगेली/नवप्रदेश। पिछले एक पखवाड़े से अप्रैल माह में दोपहर पश्चात तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के पश्चात बारिश हो रही है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आने से तेज गर्मी से जरूर राहत मिल रही है। हो रही बारिश से लोगों के स्वास्थ्य में इसका असर पड़ रहा है। सर्दी खासी के मरीज बढ़ते जा रहे है। क्षेत्र में चल रही अधिकांश गुड़ फैक्ट्रियां अस्थायी तौर पर बंद कर दी गई है जिससे गन्ने की कीमतों में मंदी आ गई है। शादी ब्याह के सीजन में बेमौसम बारिश से दुकानदारी प्रभावित हो रही है। सुबह से बदली एवं बारिश के चलते सड़के दिन भर सूनी रही।

पिछले एक पखवाड़े से सुबह बदली के पश्चात दोपहर में तेज धूप के पश्चात शाम को अचानक मौसम के करवट लेने से लोगों को गर्मी में बरसात की याद दिला रही है। तेज हवाओं के साथ आंधी चलने से बिजली भी डेढ़-दो घंटे बंद हो जाती है। अचानक मौसम बदलने और तेज हवा चलने से कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो जाने की शिकायत आम हो गई है। आज सुबह से बदली छाई रही। बदली के साथ हल्की बूंदाबांदी भी होते रही। रूक-रूक कर हो रही बारिश को लेकर किसान भी चिंतित है कि इस बार मानसून में अच्छी बारिश होगी की नहीं। तेज हवा एवं बारिश से आम एवं ग्रीष्मकालीन धान की खेती प्रभावित होने की आशंका है। मौसम में परिवर्तन का सर्वाधिक असर व्यवसायियों एवं गुड़ फैक्ट्री वालों पर नजर आ रहा है। शादी ब्याह का सीजन होने के नाम से अच्छी ग्राहकी का उम्मीद लगाए बैठे व्यापारी शाम होते ही आंधी तूफान एवं पानी के चलते ग्राहकी प्रभावित हो रही है। शादी वाले घरों में भी वाटर प्रूफ पण्डाल की व्यवस्था करनी पड़ रही है। क्षेत्र में गुड़ बनाने वाले फैक्टी मौसम परिवर्तन के चलते अस्थायी तौर पर फैक्ट्री बंद कर दिए है। जिसके चलते गन्ने की मांग घट गई है। किसानों को गन्ने का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। रोज हो रही बारिश से लोगों के स्वास्थ्य में इसका असर पड़ रहा है। सर्दी खासी के मरीज बढ़ते जा रहे है। अस्पताल में सर्दी, खांसी से प्रभावित मरीजों की लाइन लगी रहती है। बारिश एवं आंधी तूफान से गेहूं एवं आम के फसलों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। बारिश के मौसम का सर्वाधिक मार राष्ट्रीय राजमार्ग पण्डरिया रोड की गांव से आने वाले यात्रियों को पड़ता है। निर्माणाधीन सड़क में खेतों की मिट्टी डाल दिये जाने से थोड़ी सी बारिश होने पर गाड़ी फिसलन एवं दुर्घटना का भय बना रहता है। आज की हुई बारिश से भी पण्डरिया रोड की यातायात प्रभावित होते रही।

कलेक्टर ने मतदान के लिए की अपील, दिलाई शपथ

अम्बिकापुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जन शिक्षण संस्थान अंबिकापुर में महिला मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को फोकस किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भोस्कर ने कहा कि जिले में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है, इसलिए शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में आप सब की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार परिवार में एक महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षा की ओर आगे बढ़ शिक्षित होता है, उसी प्रकार परिवार में आपके द्वारा वोट करने से परिवार के अन्य मतदाता भी जागरूक होंगे। उन्होंने सभी से 07 मई मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए कहा कि अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान सभी को लोकतांत्रिक परम्पराओं को रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

शांति व्यवस्था बनाने के लिए अफसर तैनात

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के अम्बिकापुर मुख्यालय में वीवीआईपी प्रवास के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सुनील कुमार नायक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वहीं अम्बिकापुर के अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी फागेश सिन्हा तथा अम्बिकापुर के तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उमेश्वर सिंह बाज को सम्पूर्ण प्रभार सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी डी.एस.उइके तथा उपतहसील कुन्नी के नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उमेश तिवारी को एयरपोर्ट दरिमा हेतु दायित्व सौंपा गया है। आयुक्त नगर पालिक निगम अम्बिकापुर प्रकाश सिंह राजपूत, डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरगुजा नीरज कौशिक, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उदयपुर आकाश गौतम को हेलीपेड गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभा स्थल पीजी कॉलेज ग्राउंड अम्बिकापुर एवं मुख्य मंच हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीतापुर रवि राही, अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर बी आर खाण्डे, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी धौरपुर(लुण्ड्रा) ईश्वर चन्द्र यादव, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सीतापुर रामसेवक पैकरा को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

महिला दीर्घा पी जी कॉलेज ग्राउंड हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बतौली तारा कुमारी सिदार तथा नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दरिमा अंकिता पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बनसिंह नेताम तथा नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर निखिल श्रीवास्तव को पुरुष दीर्घा पी जी कॉलेज ग्राउंड हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर कमलेश कुमार मिरी को मीडिया दीर्घा पी जी कॉलेज ग्राउंड हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डधिकारी धौरपुर(लुण्ड्रा)राम सिंह ठाकुर तथा प्रभारी तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी दरिमा अजय कुमार गुप्ता की सर्किट हाउस अम्बिकापुर में ड्यूटी लगाई गई है।

लोकसभा प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने तथा 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा पूर्ण किए जाने के पश्चात सोमवार 22 अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। सामान्य प्रेक्षक श्री अमित कुमार एवं व्यय प्रेक्षक श्री गिरिराज दत्त शर्मा की उपस्थिति में नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। सोमवार को दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद अब 10 प्रत्याशी निर्वाचन लड़ेंगे। रिटर्निंग अधिकारी सरगुजा लोकसभा क्षेत्र द्वारा प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित कर दिए गए हैं।

भारतीय जनता पार्टी से चिंतामणि महाराज को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शशि सिंह कोराम को हाथ, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से डॉ एस एल उदय सिंह को आरी, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार को हाथी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से कांता मिंज को केतली, भारत आदिवासी पार्टी से श्री जेरोम मिंज को हॉकी और बॉल, निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद कच्छप को चारपाई, उर्मिला सिंह को गन्ना किसान, प्रिंस अभिषेक कुजूर को सेब और श्री रामाधार सिंह को गैस सिलेंडर का चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अमित ने अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता के पालन और उल्लंघन होने पर कार्रवाई की भी जानकारी दी। उन्होंने वरी लिस्ट के बारे में बताया जिसके तहत संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हांकित किया जाता है जिससे निर्वाचन में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। इसी तरह व्यय प्रेक्षक श्री शर्मा ने अभ्यर्थियों को व्यय सीमा और व्यय लेखा के संबंध में जानकारी दी।

मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण का किया अवलोकन

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया।

अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझने के निर्देश दिए। साथ ही संपूर्ण मतदान प्रक्रिया की जानकारी मतदान अधिकारी को दी। सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर आराध्या राहुल कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर, ससिमं नैला जांजगीर एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक-01, जांजगीर में दिए जा रहे मतदान दल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शादी का झांसा देकर दो नाबालिग से किया दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के कुन्नी चौकी अंतर्गत ग्राम लिपगी में दो नाबालिग लड़कियों को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा उनके साथ दुष्कर्म करने के मामले में चौकी पुलिस ने दो आरोपी युवकों को गिरफतार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी (1) सुखनाथ आ0 बंधन जाति चमार उम्र 22 साल साकिन ग्राम बकालो थाना प्रेमनगर (2) बलजीत चौधरी आ0 चरण चौधरी उम्र 35 साल साकिन ग्राम बिनकरा थाना लखनपुर ने 16 अप्रैल को कुन्नी चौकी क्षेत्र के ग्राम लिपगी सरगुजा से दो नाबालिग लड़कीयों को शादी का झांसा देकर दीपका थाना जिला कोरबा भगाकर ले गये जहां दीपका थाना पुलिस ने लड़के लड़कियों से पूछताछ करते हुये नाबालिग लड़कीयों सहित आरोपियों को पकड़ा।इसकी जानकारी दोनों नाबालिग लड़की के परिजनों को दिया।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

साईकोलि/महाप्र/कुस/भू.रा./2024/1924

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा पाली के 295.795 हे0 की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है जिसमें लागू सी0आई0एल0 (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) concept के आधार पर 147 भू स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है जिसमें 01 भूमि स्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिका अनुसार है –

क्र0	स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम	खाता नम्बर	खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)	कुल रकबा (एकड़ में)	उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध	विभिन्न दस्तावेज	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम	टिप्पणी
1	रामदयाल यादव वल्द नकुल बाती भी मंगली बाई बेवा नकुल/रामदयाल पिता नकुल	492	234/1, 391/1, 469/4, 469/7, 396/8, 469/2, 484/7, 469/11	0.09, 0.10, 0.19, 0.05, 0.09, 0.05, 0.11, 0.08	0.76	दीपेश कुमार पिता रामदयाल संबंध-पुत्र	नामांकन पत्र	रामदयाल पिता नकुल	दीपेश कुमार पिता रामदयाल	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
							सत्यापन	रामदयाल पिता नकुल	दीपेश कुमार पिता रामदयाल	
							घटते क्रम सूची के अनुसार क्रमांक 114	रामदयाल यादव पिता नकुल	——	
							बी-1 वर्ष 2008-09	रामदयाल यादव वल्द नकुल बति भी मंगली बाई बेवा नकुल राउत/रामदयाल पिता नकुल		
							पी-2 वर्ष 2008 से 2013	रामदयाल यादव वल्द नकुल बति भी मंगली बाई बेवा नकुल		
							ऋण पुस्तिका	रामदयाल पिता नकुल		
							वंशवृक्ष	रामदयाल पिता नकुल	दीपेश कुमार पिता रामदयाल	
							निवास प्रमाण पत्र	——	दीपेश कुमार पिता रामदयाल यादव	
							जाति प्रमाण पत्र	——	दीपेश कुमार पिता रामदयाल यादव	
							शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10वीं)	——	दीपेश कुमार पिता रामदयाल यादव	
							रोजगार पंजी	——	दीपेश कुमार पिता रामदयाल यादव	
							आधार कार्ड	रामदयाल यादव पिता नकुल यादव	दीपेश कुमार पिता रामदयाल यादव	
1	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह	83	388/1	0.57	0.57	कमला कंवर पति कलेश्वर सिंह संबंध पत्नि	नामांकन पत्र	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह	कमला कंवर पति कलेश्वर सिंह	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
							सत्यापन	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह	कमला कंवर पति कलेश्वर सिंह	
							घटते क्रम सूची के अनुसार क्रमांक 145	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह	——	
							बी- 1 वर्ष 2008-09	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह		
							पी-2 वर्ष 2008 से 2013	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह		
							नामांतरण पंजी	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह		
							ऋण पुस्तिका	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह		
							वंशवृक्ष	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह	कमला कंवर पति कलेश्वर सिंह	
							निवास प्रमाण पत्र	——	कमला पिता देवनाथ सिंह	
							जाति प्रमाण पत्र	——	कमला पिता देवनाथ सिंह	
							शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10वीं)	——	कमला पति कलेश्वर सिंह	
							रोजगार पंजी	——	कमला पति कलेश्वर सिंह	
							आधार कार्ड	कलेश्वर सिंह पिता मंगल सिंह	कमला कंवर पति कलेश्वर सिंह कंवर	
1	दुलराम पिता लक्ष्मण यादव	757	31/1, 132/1, 164/1	1.32, 0.03, 0.03	1.38	अनीता यादव पिता बिहारी लाल संबंध पोती	नामांकन पत्र	दुलराम पिता लक्ष्मण	अनिता यादव पिता बिहारीलाल	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
							सत्यापन	दुलराम पिता लक्ष्मण यादव	अनिता यादव पिता बिहारीलाल	
							घटते क्रम सूची के अनुसार क्रमांक 29	दुलराम पिता लक्ष्मण यादव	——	
							बी-1 वर्ष 2008-09	दुलराम पिता लक्ष्मण राउत		
							पी-2 वर्ष 2008 से 2014	दुलराम पिता लक्ष्मण यादव		
							नामांतरण पंजी	दुलराम पिता लक्ष्मण		
							ऋण पुस्तिका	दुलराम पिता लक्ष्मण		
							वंशवृक्ष	दुलराम पिता लक्ष्मण	अनिता यादव पिता बिहारीलाल	
							निवास प्रमाण पत्र	——	अनिता यादव पिता बिहारीलाल	
							जाति प्रमाण पत्र	——	अनिता यादव पिता बिहारीलाल	
							शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 12वीं)	——	अनिता यादव पिता बिहारीलाल	
							रोजगार पंजी	——	अनिता यादव पिता बिहारीलाल	
							आधार कार्ड	दुलराम पिता लक्ष्मण	अनिता कुमारी यादव पिता बिहारी लाल	
1	गाढ़ बाढ़ परमेशन लाल पिता बनवारी लाल बति भी दुवराज कुंवर बेवा बनवारी	298	227/5, 253/3, 342/2, 345/3, 394/7, 494/8	0.06, 0.08, 0.25, 0.21, 0.15, 0.25	1	रंजीता यादव पति परमेशन लाल संबंध-पत्नि	नामांकन पत्र	परमेशन लाल पिता बनवारी लाल	रंजीत यादव पति परमेशन लाल	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
							सत्यापन	परमेशन लाल पिता बनवारी लाल	रंजीत यादव पति परमेशन लाल	
							घटते क्रम सूची के अनुसार क्रमांक 70	गाढ़ बाढ़ परमेशन लाल पिता बनवारी लाल बति भी दुवराज कुंवर बेवा बनवारी	——	
							बी-1 वर्ष 2008-09	गाढ़ बाढ़ परमेशन लाल पिता बनवारी लाल बति भी दुवराज कुंवर बेवा बनवारीलाल		
							पी-2 वर्ष 2008 से 2013	गाढ़ बाढ़ परमेशन लाल पिता बनवारी लाल बति भी दुवराज कुंवर बेवा बनवारीलाल		
							नामांतरण पंजी	गाढ़ बाढ़ परमेशन लाल पिता बनवारी लाल बति भी दुवराज कुंवर बेवा बनवारीलाल		
							वंशवृक्ष	परमेशन लाल पिता बनवारी लाल	रंजीत यादव पति परमेशन लाल	
							निवास प्रमाण पत्र	——	रंजीत यादव पति परमेशन लाल	
							जाति प्रमाण पत्र	——	रंजीत यादव पिता टिकैत राम	
							शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10वीं)	——	रंजीत यादव पिता टिकैत राम यादव	
							रोजगार पंजी	——	रंजीत यादव पिता टिकैत राम यादव	
							आधार कार्ड	परमेशन लाल पिता बनवारी लाल	रंजीत यादव पति परमेशन लाल	

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/24-25/26 स्टाफ अधिकारी (भू राजस्व), एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र

सभी राजनीतिक दल दिशा-निर्देशों के अनुरूप करें कार्य- सौरभ स्वामी

जांजगीर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जांजगीर-चांपा क्षेत्र लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी, व्यय प्रेक्षक पवन कुमार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई है। डाक मतपत्र के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करने के दौरान सूचना दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप या कन्ट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। राज्य एवं जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेंगी। लोकसभा स्तर पर भी एमसीएमसी कमेटी गठित की गई है। मतदान समाप्ति के समय से 48 घण्टे पूर्व की अवधि में प्रकाशित किये जाने वाले विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन आवश्यक है। इस दौरान सी-विजिल, वोटर हेल्प लाईन, सुविधा एवं अन्य आवश्यक पोर्टल के संबंध में जानकारी दी गई। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थी 95 लाख रूपए से अधिक व्यय नहीं कर सकते हैं। इस दौरान खाते के सत्य प्रतिलिपि को भी प्रस्तुत करना है। लेखा पंजी की जांच अभ्यर्थी को लेखा दल से कराना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आवश्यक कार्य किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा अंतर्गत कुल 18 अभ्यर्थियों के मध्य निर्वाचन होगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने बताया कि मतदान कार्य में लगे मतदान कर्मियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य श्रेणी अंतर्गत पोस्टल बैलट की सुविधा प्रदान की गई है। भारत निर्वाचन आयोग से स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी एवं भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को डाकमत पत्र की सुविधा प्रदान की गई है।

शातिर चोर बैंक से एटीएम कार्ड चोरी कर कई शहरों से निकाल रहा रूपए

बैंक प्रबंधन के उड़े होश

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा।। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से एटीएम कार्ड चोरी अनोखा मामला सामने आया है. शातिर चोर बैंक से एटीएम कार्ड चोरी कर देश के अलग-अलग शहरों से एटीएम से पैसा निकलकर मस्ती कर रहा है. मामला का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित किसान और हितग्राही बैंक पहुंचकर मैनेजर को सूचना दी कि उनके बैंक खाते से पैसे निकल रहे हैं. फिर मामले में पता चला कि 3 वर्ष पूर्व बने एटीएम कार्ड खाताधारकों को दिया ही नहीं गया था. वहीं खाताधारकों का एटीएम कार्ड बैंक से चोरी हो गई है जिसका उपयोग शातिर चोर कर रहा है.

यह पूरा मामला बेमेतरा के बेरला ब्रांच स्थित जिला सहकारी बैंक का है. जहां विगत दिनों रात्रि में चोर बैंक में घुसकर एटीएम कार्ड उड़ा ले गया था. सामान बिखरा देख बैंक मैनेजर ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी. तब बैंक मैनेजर को पता नहीं था कि बैंक से एटीएम की भी चोरी हुई है. इस घटना को लेकर पीड़ित किसान और बैंक खाताधारक ने बेरला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है. वहीं चोरी की पूरी घटना का वीडियो फुटेज बैंक मैनेजर ने पुलिस को सौंप दिया है.

लेकिन सप्ताह भर बाद भी चोर पुलिस के हाथ से बाहर है. पीड़ितघटना को लेकर बैंक प्रबंधक पर नाराजगी जाहिर करते हुए खाताधारकों ने कहा कि जब 3 वर्ष पूर्व हमारा एटीएम कार्ड बनकर आ गया था तो हमें सौंपा क्यों नहीं गया. ये कहीं ना कहीं बैंक की लापरवाही है. बैंक का काम संदेह के दायरे में है.

न्यूज गैलरी

कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 17 मई तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजीव गांधी बाल भविष्य योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र, नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वी तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एंव इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफ्ल होने के लिए सघन तैयारी कराई जाती है। जिसके लिए कक्षा 09वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है।

सत्र 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई 2024 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। भरे गये आवेदन में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई तक किया जा सकेगा। प्रवेश चयन प्राक्कयन परीक्षा 9 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित । ऑनलाइन लिंक में जाकर आवेदन भर सकते है। योजना के संबंध में जानकारी के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ट्रायबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन का भी अवलोकन किया जा सकता है।

चिरौंजी गुठली के समर्थन मूल्य में वृद्धि संग्राहकों में खुशी

गरियाबंद/नवप्रदेश। चिरौंजी गुठली संग्रहण सीजन 2024 अंतर्गत गरियाबंद वनमंडल को कुल 6000 क्विंटल संग्रहण का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है । संग्रहण लक्ष्य प्राप्ति हेतु वनमंडल के द्वारा पूरे जिले में 30 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से संग्रहण केन्द्र स्थापित किया गया है । पूर्व में चिरौंजी गुठली की दर ग्रेड-1 का दर 126 रूपये एवं ग्रेड-2 का दर 115 रूपये प्रति किग्रा निर्धारित किया गया था। गरियाबंद वनमंडल के भौगोलिक क्षेत्रों में बे-मौसम बारिश से चिरौंजी गुठली के फसल का भारी नुकसान होने के कारण चिरौंजी गुठली का उत्पादन घटा है, जिससे स्थानीय बाजार दर में वृद्धि हुई है ।वनमंडलाधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह के निर्देशानुसार एवं श्री अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पूरे जिले में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संग्राहकों से संपर्क कर चिरौंजी गुठली की उपलब्धता एवं बाजार दर का सर्वेक्षण कराया गया । सर्वे में पाया गया कि शासन द्वारा निर्धारित दर एवं बाजार दर में काफी अंतर होने के कारण वनमंडलाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित रायपुर को उक्त वनोपज के संग्रहण दर में वृद्धि हेतु लेख किया गया।

मतदाताओं को दी गई सी विजिल एप की जानकारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की अगुवाई मे सी विजिल एप के संबंध में भारत स्काउट गाइड जिला संघ खैरागढ़ के नेतृत्व में आत्मानंद विद्यालय के स्काउट गाइड ने सिजिल एप के संबंध में ऑनलाइन शिकायत की जानकारी देते आम मतदाताओं को अवगत कराया । इस एप्लीकेशन का उपयोग कर रैली ,सभा आदि की अनुमति के लिए भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है , यह ऐप एंड्राइड मोबाइल से डाउनलोड किया जा सकता है। नागरिकों के अधिकार , आचार संहिता उलंघन के मामले में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने व शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए सी विजिल एप एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत लाइव फोटोग्राफ, वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकते हैं।

सभी भाजपा नेता मेरे ही नाम की माला जप रहे: भूपेश

पूर्व सीएम भूपेश ने शहर मे जनसंपर्क कर किया सभा को संबोधित

भाजपा के आरोपो पर दिया जवाब, मुददो पर किया जमकर हमला

खैरागढ़/नवप्रदेश। चुनाव प्रचार अभियान के तहत शहर मे जनसंपर्क करने पहुँचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहर के राजीव चौक मे आयोजित सभा मे भाजपा पर जमकर हमला बोला और विभिन्न सभाओं मे गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथसिंह, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आरोपों का जवाब भी दिया । बघेल ने कहा कि उन्हे पूर्व मुख्यमंत्री हूए पांच माह हो गए है लेकिन भाजपा की मोदी सरकार को भूपेश बघेल से ही इतना डर है कि वे केवल भूपेश बघेल पर राजनितिक आरोप लगाकर अपनी रोटी सेंकने मे लगे है । छग मे पहुचने वाले सभी भाजपा नेता केवल भूपेश बघेल के नाम की माला जपकर जनता को बरगलाने मे लगे है । सभा मे बघेल ने कहा कि प्रदेश मे पिछले पांच साल की सरकार मे उत्साह का वातावरण कायम रहा । खैरागढ़ मे भी जिला निर्माण का उत्साह सभी

के चेहरे मे दिख रहा है । जिसे दो घंटे मे ही भूपेश सरकार ने पूरा किया था । बघेल ने कहा कि भूपेश सरकार मे किसानो की कर्जमाफी सरकार बनते ही दो घंटे मे की गई थी । 68 सीटें देने वाली जनता का पिछले पांच साल की सरकार मे हर मांग पूरी की गई । धान खरीदी 15 से 20 क्विंटल बढ़ाई गई । समर्थन मूल्य वादे के अनूरूप 25 सौ रू किया गया । चार किश्त मे बोनस देने से प्रदेश के किसी किसान को साल भर कर्ज लेने की स्थिति नही आई । किसानो के साथ श्रमिकों, मजदूरो, भूमिहीनों और बेरोजगारो को राशि देने वाली भूपेश सरकार ही थी ।

हर आरोपो का दिया जवाब

सभा मे पूर्व सीएम बघेल ने भाजपा के हर आरोपो का जवाब देते कहा कि शराब घोटाले का आरोप लगाने वाली भाजपा की सरकार उसी फैक्ट्री से शराब सप्लाई करवा रही है । उसी होलोग्राम कंपनी से होलोग्राम मंगा रही है । प्लेसमेंट एजेंसी भी वही है। पहले घोटाला हूआ तो साय सरकार क्यों चूप है दो साल से इसमें मोदी सरकार भी कार्यवाही नही कर पाई । बघेल ने गोबर घोटाले को केवल राजनितिक बताते कहा कि आम लोगो ने गोबर बेचा उसकी राशि उनके खाते मे सीधे भुगतान की गई । गोबर घोटाले के नाम पर साय सरकार ने प्रदेश भर के गौठानों को बंद कर दिया । गाय के नाम पर वोट मांगने वाली भाजपा गौ मांस बेचने वालो से 250 करोड़ का चंदा ले चुकी है । राइसमिल मे मिलिंग चार्ज बढ़ाने पर भाजपा द्वारा आरोप लगाने पर बघेल ने कहा कि मिलिंग चार्ज बढ़ाने के बाद राज्य मे राइसमिलो की संख्या बढ़ी । धान खरीदी के धान सीधे राइसमिल भेजे गए इससे सरकार को दो हजार करोड़ की बचत हो गई । इस साल अब तक समितियों से सरकार धान नही उठा पाई है।

हक के लिए हमर राज पार्टी ने कांकेर लोस से उतारा अपना प्रत्याशी: नेताम

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। । लोकसभा चुनाव में हमर राज पार्टी ने भी कांकेर लोकसभा में अपना प्रत्याशी उतारा है। हमर राज पार्टी के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे अकबर कोर्राम, लोकसभा प्रत्याशी विनोद नागवंशी भानुप्रतापपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

अरविंद नेताम ने कहा समाज को राजनीति में आना पड़ा। राष्ट्रीय पार्टियां आदिवासी जनप्रतिनिधियों के द्वारा समाज की बातों को उठाना तो चाहते हैं पर है पार्टी उनकी आवाज को दबा देते है। इसके पीछे का उद्देश्य यही है कि जो समाज को आना पड़ा। राजनीति के माध्यम से सांसद विधायक जनप्रतिनिधि बनने के साथ समाज की विभिन्न समस्याओं मांगो के लिए संघर्ष किया जाएगा। हमर राज पार्टी बनाया गया है इसके माध्यम से प्रदेश व देश में आदिवासी क्षेत्र में पेशा कानून का सख्ती से पालन कराने, झूठी जाति प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी करने वाले पर कार्यवाही, खदान क्षेत्र में डीएमएफपैसा का उपयोग हो, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत पिछड़ा हुआ है शासकीय अस्पताल में केवल रिफर केंद्र बन गया है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रही, तमाम समस्याओं को लेकर यह पार्टी बनी है और अल्प समय ही हुआ है आने वाले समय में लगातार अमर राज पार्टी अपने उद्देश्यों के लिए काम करेगी। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री आदिवासी बनाए गए हैं आदिवासियों के लिए कितना काम करेंगे इस सवाल पर अरविंद नेताम ने कहा हां यह सच है पहली बार छत्तीसगढ़ में असली आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया गया है उस समाज के लोगों ने मुलाकात की है और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की गई है उनकी भी पार्टी से बाध्यताएं हैं। इस असमंजस की स्थिति में निजात पाने के लिए समाज हर संभव सामने खड़ा रहेगा ।और जो भी समस्या होगी उसको मिलाकर हल किया जाएगा। कांग्रेस के राहुल गांधी की वर्तमान में में कांग्रेस को कहां पाते है, इस पर नेताम ने कहा राहुल गांधी अपना सभी शक्तियां अपने पास रखना चाहते हैं, पर वह जिम्मेदारियां से भाग जाते हैं।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में दिये निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रयास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए सभी को टीमवर्क के साथ काम करने के लिए आदेशित किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से कतार लगवाने एवं कुर्सियों की व्यवस्था निर्देश जारी किये गये है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड, एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें। कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होना चाहिए।

विधायक के गृह वार्ड सहित सोनेसरार वार्ड में पेयजल आपूर्ति ठप्प

खैरागढ़/नवप्रदेश। गर्मी की शुरूआत मे ही शहर मे पेयजल व्यवस्था बनाने पालिका को मशक्कत करनी पड़ रही है । शुरूआती गर्मी के दौरान ही कई वार्डो मे लो प्रेशर, बोर बंद होने पर्याप्त सप्लाई व्यवस्था नही होने की शिकायतें रोज बढ़ रही है । रविवार को विधायक यशोदा वर्मा के वार्ड अमलीपारा मे ही शाम को पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई । शहर के अमलीपारा और सोनेसरार वार्ड मे रविवार शाम और सोमवार सुबह पेयजल आपूर्ति नही हो पाई । बताया गया कि यहाँ जिस बोर से पेयजल आपूर्ति होती है । उस बोर के किनारे लगे बिजली ट्रांसफार्मर जल गया । रविवार दोपहर मे वार्ड की पानी टंकी भरने के दौरान हूए ट्रांसफार्मर मे फाल्ट के चलते बोर नही चल पाया । जिसके बाद पानी टंकी नही भरा और बोर भी नही चल पाया । रविवार को दोनो वार्डो मे शाम को पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई । सोमवार सुबह भी वार्ड के नलों मे पानी नही आने से वार्डो मे पानी के लिए हाहाकार मच गया । वार्डवासियों ने इसकी सूचना पालिका को रविवार शाम को ही दी थी । पालिका कर्मचारियों ने इसके लिए विद्यूत विभाग को विधिवत सूचना देकर ट्रांसफार्मर मे सूधार कार्य कराने कहा । लेकिन रविवार अवकाश का हवाला देकर मरम्मत कार्य नही होने के चल ते सोमवार सुबह पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई ।

पानी टैंकरों से बनाई अस्थाई व्यवस्था

सोमवार सुबह वार्ड के नल नही खुलने से वार्डवासियों को समय पर पानी नही मिल पाया । अमलीपारा वार्ड पार्षद गिरजा चंद्राकर ने इसकी सूचना पालिका मे देकर पानी टैंकरों की व्यवस्था बनाई । पालिका से दो टैंकर पानी भी पहुँचा लेकिन वार्डवासियों को टैंकरों से पानी लाने मशक्कत करनी पड़ी । यही हाल सोनेसरार वार्ड का रहा । यहाँ भी वार्डवासियों को पानी टैंकर और निजी बोर के भरोसे पेयजल व्यवस्था की गुंजाइश बनानी पड़ी । शिकायत के बाद सोमवार दोपहर को विद्यूत विभाग की टीम ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने पहुँची थी । शाम तक मरम्मत कार्य जारी था । पालिका प्रशासन का दावा है कि सोमवार शाम को पेयजल सप्लाई सामान्य हो गई ।

इधर गर्मी में पेयजल दिक्कत दूर करने जूटी पालिका

गर्मी मे जल आवर्धन योजना के पूरे नही होने के चलते पालिका प्रशासन अभी से शहर मे पेयजल संकट की किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारी मे जूट गई है । फिलहाल शहर के बीस वार्डो मे 22 बोर के माध्यम से पेयजल की सप्लाई की जा रही है । बोर की सफाई, पंपों की मरम्मत, शिकायत वाले जगहो पर अतिरिक्त व्यवस्था सहित अन्य प्रारंभिक तैयारी को पूरा किया जा रहा है ।

शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर के नेतृत्व में निकाली गई टार्च रैली

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में टार्च रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 2 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी के साथ बरसते पानी के बीच पैदल चलकर पूरी की गई।

इस रैली में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार से संबधित महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिला, दिव्यांग महिला, छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन,

खिलाड़ी,प्रबुद्ध नागरिक,सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली अंबेडकर पहुंचने पर कलेक्टर श्री चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने कहा किऐसे तो गर्मी का मौसम है फिर भी यदि ऐसे 7 मई को यदि बरसात भी हो तो भी हमें मतदान करना है। इसी संदेश को लेकर आज हमने टार्च रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है।

दिव्यांग-वृद्ध 527 मतदान केन्द्रों के लिए 199 वाहन

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय परिसर से दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के नागरिकों को मतदान स्थल तक लाने-ले जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा मतदान रथ को हरी झंडी दिखाकर रावाना किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कबीरधाम जिले में दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) मतदाताओं के लिए 527 मतदान केन्द्रों को चिन्हांकित

किया गया है। इन 527 मतदान केन्द्रों में 199 निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री महोबे ने आज जिले के सभी चार विकासखंड मुख्यालय के लिए कुल 08 विशेष रथ को रावाना किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि मतदान दिवस के दिन 1950 में डायल कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) उम्र के मतदाता इस निःशुल्क मतदाता रथ का लाभ ले सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि विकासखंड मुख्यालय के अलावा जिन-जिन ग्राम पंचायतों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) के मतदाता निवासरत् है, ऐसे मतदाता स्थानीय सचिव से संपर्क कर मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क रथ (वाहन) सुविधा का लाभ ले सकते है। चिन्हांकित मतदाताओं को सूचना देने के लिए ग्राम सचिव को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

दिव्यांग व 85 प्लस मतदाताओं के लिए तैयार किया जा रहा 10 मतदान रथ

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर प्रत्येक जनपद पंचायत में दो-दो मतदान रथ तथा प्रत्येक नगरीय निकायों में एक-एक इस प्रकार कुल 15 मतदान रथ रवाना किया जाएगा। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर लिया गया है। तथा उनके मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उसके आवास स्थल तक पहुंचाने निःशुल्क परिवहन सुविधा की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले में 6 हजार 310 दिव्यांग मतदाता, वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) आयु वर्ग के 1453 मतदाता है। ऐसे मतदान केन्द्र को चिन्हांकित किया गया है। जहां इन वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) और दिव्यांग मतदाताओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन को वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांग मतदाता रथ का नाम दिया गया है। जिसका हेल्पलाईन नम्बर - 1950 है। इसके अलावा सक्षम एप्प के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

चुनाव सरगुजा लोकसभा सीट

छग बनने के बाद राजा के गढ़ पर कमल का दबदबा, कभी था कांग्रेस का दबदबा

सरगुजा/नवप्रदेश। आजादी के बाद हुए दो चुनाव में सरगुजा सीट से दो सांसद चुने जाते थे. एक आरक्षित वर्ग और एक सामान्य वर्ग का प्रतिनिधि संसद पहुंचता था.लेकिन परिसीमन के बाद सरगुजा लोकसभा को एसटी वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया.इस सीट पर शुरुआती लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा.लेकिन 1977 में बीएलडी के लरंग साय ने कांग्रेस का विजय रथ रोका.इसके बाद फिर कांग्रेस और बीजेपी बारी-बारी से ये सीट जीतते रहे.इस लोकसभा सीट पर गोंड,उरांव और कंवर समाज की आबादी ज्यादा है. दोनों दलों ने इसी समाज से प्रत्याशी भी उतारे हैं.लोकसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल और हवाई सुविधा का अभाव है अलग राज्य बनने के बाद नहीं खुला कांग्रेस का खाता - जब 2000 में छत्तीसगढ़ अलग राज्य बना तो 2004 से लेकर 2019 तक इस सीट पर बीजेपी का कब्जा है. नंदकुमार साय, मुरारीलाल,कमलभान सिंह और रेणुका सिंह ने सरगुजा लोकसभा सीट पर बीजेपी का

झंडा बुलंद रखा. साल 2024 में बीजेपी ने इस सीट पर चिंतामणि महाराज को मैदान में उतारा है.वहीं चिंतामणि के मुकाबले कांग्रेस की शशि सिंह चुनाव मैदान में हैं. चिंतामणि महाराज,बीजेपी 2008 में बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा. 2013 में कांग्रेस ने उन्हें सरगुजा की लुंड्रा विधानसभा से चुनाव मैदान में उतारा,जिसमें चिंतामणि को जीत मिली. इसके बाद 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने फिर से उन पर भरोसा जताया.कांग्रेस के भरोसे पर खरा उतरते हुए चिंतामणि महाराज ने बीजेपी के सिद्धनाथ पैकरा को शिकस्त दी.लेकिन 2023 विधानसभा चुनाव से पहले जब बृहस्पति सिंह और टीएस सिंहदेव के बीच विवाद हुआ,तो उन्होंने बृहस्पति खेमे का मोर्चा संभाला. लिहाजा राजा साहब की नाराजगी और फिर कार्यकर्ताओं की मांग पर चिंतामणि का टिकट कट गया।

पलायन श्रमिकों को मतदान के लिए भेज रहे बुलावा

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मतदान मे लोगो की शतप्रतिशत भागीदारी करने जिले से पलायन कर बड़े शहरों मे गए श्रमिकों ग्रामीणों को भी बुलावा भेजकर मतदान के लिए आने की अपील की जा रही है । जिला प्रशासन द्वारा घर आजा संगी कार्यक्रम के तहत पलायन हुए श्रमिकों से वीडियो कॉल के माध्यम से मतदान दिवस पर अपने गांव या शहर आकर मतदान करने कहा जा रहा है। कार्यक्रम जिले में शतप्रतिशत मतदान लक्ष्य को प्राप्त करने चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत, जिले के बीएलओ और पलायन हुए श्रमिकों के रिश्तेदारों से संपर्क कर उन्हें फोन, वीडियो कॉल या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक पलायन हुए श्रमिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले भर मे अभियान जारी है। जिले से पलायन करके बड़े शहरो मे रह रहे 86 श्रमिकों से अब तक संपर्क कर उन्हे मतदान के लिए बुलावा भेजा गया है।

सरकार की कमाई में इजाफा, डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 17.7 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन केंद्रीय बजट अनुमान से 1.35 लाख करोड़ रुपये या 7.4 प्रतिशत अधिक है, जो मजबूत राजकोषीय स्थिति को दर्शाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि देश में मजबूत आर्थिक विकास जारी है।

कॉर्पोरेट टैक्स और पर्सनल इनकम टैक्स सहित शुद्ध डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 2023-24 में 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 16.64 लाख करोड़ रुपये था। 2023-24 के केंद्रीय बजट में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य 18.23 लाख करोड़ रुपये तय किया गया था और बाद में संशोधित अनुमान (रिवाइज्ड) में इसे बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (प्रोविजनल- रिफंड से पहले) 23.37 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 1.48 प्रतिशत की वृद्धि है।वित्त वर्ष 2023-24 में कुल कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन (प्रोविजनल) 11.32 लाख करोड़ रुपये है और पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये के सकल कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन की तुलना में 13.06 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन (रिवाइज्ड) 9.11 लाख करोड़ रुपये है और पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन की तुलना में 10.26 प्रतिशत अधिक है। यह अर्थव्यवस्था में मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है जिसके कारण कॉर्पोरेट मुनाफा बढ़ा है और व्यक्तिगत आय में वृद्धि हुई है।वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन (एसटीटी सहित) 12.1 लाख करोड़ रुपये है और पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के सकल पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन (एसटीटी सहित) की तुलना में 24.26 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत की वृद्धि है।

कर संग्रह में उछाल ने राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखने में मदद की है और अर्थव्यवस्था के व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत किया है। कम राजकोषीय घाटे का मतलब है कि सरकार को कम उधार लेना होगा जिससे बड़ी कंपनियों के लिए उधार लेने और निवेश करने के लिए बैंकिंग प्रणाली में अधिक पैसा बचेगा। इसके चलते उच्च आर्थिक विकास दर और अधिक नौकरियों का सृजन होता है। कम राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति दर को भी नियंत्रित रखता है जो अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करता है।

कमाई का मौसम, वैश्विक संकेत से तय होगा बाजार का रुझान

नई दिल्ली। अगले हफ्ते बाजार का रुझान कमाई के मौसम और वैश्विक संकेतों से तय होगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अगले सप्ताह अमेरिका से जीडीपी, पीएमआई डेटा और बेरोजगारी दावों के आंकड़े ये जानकारी देंगे कि फेड की नीति क्या रहेगी। इसके आलावा, भारतीय पीएमआई डेटा और चौथी तिमाही के कंपनियों के नतीजे आने वाले हफ्ते में बाजार के रुझान को आकार दे सकते हैं।

पिछले सप्ताह के अंत में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच लार्ज कैप में अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला था और भारतीय बाजारों में सुधार हुआ। उन्होंने कहा, हालांकि, घरेलू बाजार पूरे सप्ताह हुई गिरावट की भरपाई नहीं कर पाया।

वैश्विक स्तर पर नज़र रखने की जरूरत है क्योंकि मध्य पूर्व में स्थिति नाजुक बनी हुई है। इसके अलावा, अपेक्षा से अधिक मुद्रास्फीति, मजबूत खुदरा बिक्री और तेल की ऊंची कीमतों के कारण अमेरिकी दर में कटौती लंबी खींचती जा रही है। यह डॉलर सूचकांक, अमेरिकी बांड यील्ड और सोने की कीमत में उल्लेखनीय उछाल से साफ पता चलता है। नायर ने कहा कि बैंकिंग और आईटी जैसे क्षेत्रों में मुनाफावसूली देखी गई। नायर ने कहा कि मिड और स्मॉल-कैप शेयरों में भी गिरावट आई है, जिससे वैल्यूएशन को लेकर जो चिंताएं थीं, वो उजागर हुई हैं। चौथी तिमाही की कमाई की उम्मीदों में कमी और कमजोर आईटी नतीजे बाजार को कमजोर कर सकता है। एफआईआई जोखिम लेने से बच रहे हैं, यह प्रवृत्ति पिछले सप्ताह से देखी जा रही है।मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक संकेतों के साथ-साथ कमाई के मौसम पर भी निवेशकों का फोकस रहेगा। इसके अलावा, निवेशक अमेरिका और भारत के विनिर्माण और सर्विसेज पीएमआई डेटा, यूएस की पहली तिमाही की जीडीपी संख्या और जापान के पालिसी स्टेटमेंट पर भी नज़र रखेंगे।

एयरटेल ने पेश किया दुनिया घूमने वाले ग्राहकों के लिए किफायती इंटरनेशनल रोमिंग पैकेज

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (÷एयरटेल÷) ने आज विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ रु 133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24×7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है। इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल अपने यात्रा की अवधि चुननी होगी और एक ही पैक के माध्यम से वे दुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी का आनंद ले सकते हैं।

एसकेएफ व्यावसायिक वाहन मैकेनिकों को इनोवेटिव कैंपेन के माध्यम से सशक्त बनाने की ओर अग्रसर

रायपुर। परिवहन समाधानों की एक अग्रणी प्रदाता, SKF इंडिया ने बड़े ही गर्व से एक व्यापक राष्ट्रव्यापी ट्रक एक्टिवेशन अभियान, इंस्टॉल कॉन्फिडेंस, इंस्टॉल SKF शुरू करने की घोषणा की है, जो विशेष रूप से व्यावसायिक वाहनों के मैकेनिकों के लिए तैयार किया गया है। यहट्रक 24-25 अप्रैल को बिलासपुर के मैकेनिक कम्युनिटीको जागरूक करेग। उसके बाद ट्रक 26 और 27 को भिलाई औररायपुर में आगमन करेगा। इस पहल का पहला उद्देश्य है व्यावसायिक वाहनों (ष्ट्ङ्क) के लिए SKF की पेश की गई सुविधाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना, जो परिवहन क्षेत्र में स्थिरता को मज़बूत बनाते हुए मैकेनिकों के जीवन को सुव्यवस्थित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाते हैं। SKF ऑटोमोटिव इंडिया और दक्षिण पूर्व एशिया के निदेशक अलगेसन थसारी का कहना है÷SKF में, हम उन उद्योगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, जिस समाज का हम हिस्सा हैं, और जिस ग्रह पर हम सभी निवास करते हैं। SKF ट्रक एक्टिवेशन अभियान निर्माताओं और मैकेनिकों के बीच की दूरी को मिटाने, सहयोग को बढ़ावा देने और परिवहन उद्योग को निरंतर सेवा देते हुए उनके भीतर सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। इन पहलों के माध्यम से, हम न सिर्फ मैकेनिकों को सशक्त बनाना चाहते हैं, बल्कि एक-दूसरे पर निर्भर समाज की ओर अपनी सामूहिक यात्रा को भी आगे बढ़ाना

चाहते हैं।खास तौर पर डिज़ाइन किए गए ट्रक के अंदर, स्व्यस्न मैकेनिकों को ष्ट्ङ्क के लिए सुविधाएं प्रदर्शित करेगा, उन्हें SKF मैकेनिक पार्टनरशिप प्रोग्राम पर शिक्षित करेगा जो उन्हें आकर्षक उपहार जीतने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। ट्रक उस ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल वृद्धि के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा, जो मैकेनिकों को अपने पेशे में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए नये-नये रुझानों और जानकारी से सुगठित करेगा।एक रोचक ङ्कक्र (वर्चुअल रियलिटी) अनुभव SKF ट्रक में मैकेनिकों के इंतज़ार में है, जहां उन्हें एक दुनिया का अहसास होगा जहां वे स्व्यस्न उत्पादों और उनके एप्लिकेशनों की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जान सकते हैं।अपने उद्देश्य के अनुरूप - साथ मिलकर, आइए हम एक निरंतर बेहतर भविष्यस की फिर से कल्पना करें%, स्व्यस्न विचारवान और स्वच्छ समाधान विकसित करने के लिए समर्पित है जो लोगों और हमारे ग्रह दोनों के लिए एक स्थायी और बेहतर भविष्यच तैयार करने में

SKF के बारे में

SKFनये-नये समाधानों का एक विश्व-अग्रणी प्रदाता है जो उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ बनने में मदद करता है। उत्पादों को हल्का, अधिक कुशल, टिकाऊ और मरम्मत योग्य बनाकर, हम अपने ग्राहकों को उनके रोटेटिंग उपकरण के प्रदर्शन में सुधार करने और उनके पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने में मदद करते हैं। रोटेटिंग शाफ्ट से जुड़ी हमारी पेशकश में बीयरिंग, सील, लुब्रिकेंट प्रबंधन, स्थिति की निगरानी और सेवाएं शामिल हैं। 1907 में स्थापित, स्व्यस्न लगभग 130 देशों में अपना प्रतिनिधित्व करता है और दुनिया भर में इसके लगभग 17,000 वितरक स्थान हैं।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन पेश करने की घोषणा की

बैंगलोर। टोयोटा फॉर्च्यूनर किसी परिचय का मोहताज नहीं है और इस सबसे प्रशंसित एसयूवी की सफलता पर खुशी मनाने के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारतीय बाजार में फॉर्च्यूनर का लीडर एडिशन पेश किया। अपनी जानी-मानी विशेषताओं के आधार पर, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन कई ऐड-ऑन सुविधाओं के साथ विशिष्ट डिजाइन लाता है।

टोयोटा फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन : फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन अपने भिन्न स्टाइल तत्वों और अपनी प्रभावशाली उपस्थिति के साथ अलग दिखता है। गतिशील फ्रंट और रियर बम्पर स्पॉइलर की विशेषता वाला यह वाहन साहस और परिष्कार की आभा प्रदर्शित करता है, जिससे नेतृत्व का वास्तविक सार दिखाई देता है।

खेल, मनोरंजन

भारतीय जंप रोप टीम में छत्तीसगढ़ के 10 खिलाड़ियों का चयन

रायपुर। भारतीय जंप रोप फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जापान के क्वासाकी में 24 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक आयोजित एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय जंप रोप फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए भारतीय जंप रोप दल के खिलाड़ियों की सूची जारी की गई जिसमें छत्तीसगढ के 10 खिलाड़ियों ने जगह बनाई, प्रेस को जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन के सचिव अखिलेश दुबे ने बताया की यह अबतक की सबसे बड़ी उपलब्धि है की बड़ी संख्या में भारतीय टीम में राज्य जंप रोप (रस्सी कूद) के जंपर ने स्थान बनाया हैं।

हर्ष का विषय हैं की इस बार राज्य के खिलाड़ियों के लिए हर संभव मदद करने के लिए जर्मन स्थित कंपनी कालेस्त्रिक्स ने जापान जाने के लिए होने वाले खर्च को उठाने का बीड़ा उठाया यह कंपनी एक ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म प्रदान करती है जो परियोजना लागत, बजट और कंपनी के संचालन का प्रबंधन करती है। इसमें वैश्विक लागत नियंत्रण, परियोजना प्रबंधन, एआई डेटा विश्लेषण, और अनुकूलन योग्य वर्कफ्लो के लिए उन्नत उपकरण शामिल हैं, जो संगठनात्मक स्तरों में दक्षता और निर्णय लेने को बढ़ावा देते हैं।भारतीय जंप रोप टीम में स्थान बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार हैं- राजदीप सिंह हरगोत्रा, ऋतिक वर्मा, गोपश चंदानी, आयुष सोनी, हर्ष मानिकपुरी, हिमांशु मानिकपुरी, हिमांशु कश्यप, युवराज साहू, रूद्र दत्त, भावेश सिन्हा।एशियन जंप रोप टीम में इंडिया टीम में शामिल खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संघ के सदस्यों ने बधाई दी।

खेल : पुरुष पहलवान बिना ओलंपिक कोटा लिए लौटेंगे

बिश्केक। भारत के पुरुष फ्री स्टाइल पहलवानों के बाद ग्रीको रोमन में भी फ्लॉप शो जारी रहा। रविवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सभी पुरुष पहलवान खाली हाथ लौटेंगे। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। उन्होंने दो बार खुद को उठाए जाने से बचाया। बल्कि कुछ समय के लिए वह मुकाबले में आगे भी चल रहे थे। लेकिन दो बार उन्हें दिए गए अंकों को वापस ले लिया गया क्योंकि उज्बेकिस्तान के शिविर ने रेफरी के फैसले को चुनौती दी। और अंत में सुनील को बर्डीमुरातोव से हार मिली। अंशु (67 किग्रा) उज्बेकिस्तान के अबरोर अताबाएव से क्वालीफिकेशन मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता से दो मिनट से भी कम समय में हार गए। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

ब्लॉकबस्टर फिल्म हनुमान का जलवा अब भी बरकरार

साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म होने का तमगा हासिल करने वाली हनुमान का जलवा अब भी कायम है। मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने अब तक कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। इस फिल्म की कहानी से लेकर वीएफएक्स तक लोगों को खूब पसंद आए थे। दक्षिण भारत के अलावा हिंदी भाषी राज्यों में भी फिल्म ने जबर्दस्त कमाई की थी। अब इस फिल्म ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। दरअसल, फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने 100 दिन पूरे कर लिए हैं। फिल्म ने तेलुगु राज्यों के 25 केंद्रो में 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस बात की जानकारी खुद फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने दिया है। उन्होंने लिखा, इस अद्भुत यात्रा का हिस्सा जो लोग भी बने उनके लिए मेरा दिल अत्यधिक कृतज्ञता से भरा हुआ है। सिनेमाघरों में हनुमान के 100 दिन का जश्न मनाना एक ऐसा क्षण है, जिसे मैं जीवन भर याद रखूंगा। इस मील के पत्थर के लिए मैं दर्शकों का आभारी हूं।इन दिनों दो से दो से तीन सप्ताह तक चलने वाली तेलुगु फिल्मों के बीच हनुमान का सिनेमाघरों में 100 दिन तक प्रदर्शित होते रहना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। इस फिल्म में तेजा सज्जा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनकी अदाकारी फैंस को खूब पसंद आई थी। प्रशांत इन दिनों इस फिल्म के सीक्वल जय हनुमान पर काम कर रहे हैं। हाल ही में इसका एक पोस्टर भी जारी किया गया था, जिसे देखकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए थे।

रमित टंडन ने 11वें नंबर के खिलाड़ी क्रोयूइन को हराया

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में प्लेटिनम स्क्वॉश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर कर दिया। टंडन ने फ्रांस के विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा। एलियास इस भारतीय के खिलाफ पिछले दोनों मैच जीते हैं। टंडन ने 48 खिलाड़ियों के ड्रॉ के पहले दौर में मिस्र के दुनिया के 62वें नंबर के अली हुसैन को मात दी थी।

बलराज नौकायन में पेरिस ओलंपिक का टिकट पाने वाले पहले भारतीय

नई दिल्ली। बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। वह 7ः01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान पर रहे। हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरुआत के बाद दबदबा बनाया। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6ः59.46) ने स्वर्ण और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया।

लाइटवेट डबल स्कल्स में चूके ः पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं। लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालीफाई नहीं कर सका। भारत ने पिछले टोक्यो ओलंपिक में इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था। उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह की

भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही जबकि इसमें शीर्ष दो जोड़ी कोटा हासिल करती हैं। भारत इस तरह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में नौकायन में एक ही स्पर्धा में हिस्सा लेगा। अर्जुन लाल और अरविंद सिंह ने टोक्यो ओलंपिक में लाइटवेट डबल स्कल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वे 11वें स्थान पर रहे थे। एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराए जा रहे हैं। इसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

चोटिल आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

रावलपिंडी। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज आजम खान दाईं पिंडली की मांसपेशियों में चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि आजम को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बल्लेबाजी अभ्यास के दौरान चोट का एहसास हुआ। स्कैन में उनकी पिंडली की मांसपेशियों में चोट के बाद उन्हें 10 दिन के आराम की सलाह दी गई है। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पीसीबी मेडिकल पैनल की देखरेख में रहेंगे। सीरीज से चूकना आजम के लिए एक बड़ा झटका है, जो आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए पाकिस्तान की टीम में जगह बनाने के दावेदारों में से एक हैं।

विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट का टीजर जारी

डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल से फैंस के दिलों का जीतने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी आने वाले समय में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में नजर आने वाले हैं। बीते दिनों से इस मूवी को लेकर एक्टर का नाम चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच सच्ची घटना से प्रेरित द साबरमती रिपोर्ट का एक और लेटेस्ट टीजर रिलीज कर दिया गया है।

इस टीजर में साफ दिखाया गया है कि ये फिल्म एक दर्दनाक हादसे की दिल दहलाने वाली कहानी को बयां कर रही है। आइए एक नजर द साबरमती रिपोर्ट के इस लेटेस्ट टीजर पर डालते हैं।

कुछ समय पहले निर्देशक रंजन चंदेल के डायरेक्शन में बनने वाली द साबरमती रिपोर्ट का अनाउंसमेंट वीडियो लॉन्च किया गया था। तब से इस मूवी को लेकर फैंस की उत्सुकता काफी बढ़ी हुई है। अब उनकी ये एक्साइटमेंट और भी अधिक बढ़ने वाली है, क्योंकि मेकर्स की तरफ से द साबरमती रिपोर्ट का नया टीजर रिलीज किया गया है। निर्माता एकता कपूर के बालाजी मोशन पिक्चर बैनर तले बनने वाली इस फिल्म के टीजर में साल 2002 में गुजरात में हुई खौफनाक ट्रेन हादसे की कहानी को दिखाया गया है। इस घटना की सच्चाई बताने में मीडियाकर्मियों ने किस तरह से भूमिका अदा की, उसे द साबरमती रिपोर्ट के टीजर में साफतौर पर दर्शाया गया है।

पीएम के आगमन के चलते चार घंटे पहले ही रास्ते बंद, एयरपोर्ट जाने वाले हलाकान

कई दिन पहले टिकटें बुक कराने वालों ने कैंसिल कराने किया संपर्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय प्रवास के मद्देनजर राजधानी में चाक चौबंद व्यवस्था है। खासकर से एयरपोर्ट रोड में सुरक्षा जवानों की तैनाती करने के साथ विशेष सुरक्षा बलों की मदद से सर्विलांस टीम मुस्तैद है। इसी बीच पुलिस ने एयरपोर्ट के रास्ते में आम लोगों की आवाजाही रोकने के इंतजाम किए गए हैं। पीएम के माना एयरपोर्ट के पहुंचने के चार घंटे पहले ही वीआईपी रोड से लेकर राजभवन मार्ग में आम लोगों को आवाजाही बैन करने का फैसला लिया गया। पीएम का काफिला गुजरने के दौरान वाहन चालकों की आवाजाती पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया।

पीएम का काफिला एयरपोर्ट से रवाना होने के पहले पुलिस ने पहले ही वीआईपी रोड, टेमरी, फुंडहर, टेमरी, वीआईपी तिराह्, तेलीबांधा, आंनद नगर चौक और एसआरपी चौक तक आम लोगों की आवाजाही रोकने निर्देश दिए थे। दोपहर बाद ही यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ा दिया गया। दिनभर सामान्य दिनों की अपेक्षा यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

पुलिस के मुताबिक दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर पीएम मोदी का कार्यक्रम तय है। इसके मुताबिक दोपहर 2 बजे रायगढ़ एयरपोर्ट पर पीएम का विमान लैंड करेगा। 2.10 बजे रायगढ़ एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे। बाराद्वार हेलीपैड जांजगीर-चांपा में हेलीकॉप्टर लैंड करने के बाद आम सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 3.30 बजे बजे बाराद्वार से रवाना होंगे। हेलीपेड से तुरंत श्याम तराई गांव रवाना होंगे। शाम 5.40 बजे तक श्याम तराई गांव में आम सभा को संबोधित करेंग। इसके बाद धमतरी हेलीपैड से रायपुर के लिए उड़ान भरेंग।

रायपुर में दिखा प्रधानमंत्री मोदी का क्रेज

हनुमान जंयती के के मौके पर पीएम मोदी के रायपुर आगमन को लेकर युवाकों में खासा क्रेज देखने को मिला। अधिवक्त संघ की ओर से सदस्तय भगवानू नायक ने भी बधाई दी।

दो घंटे पहले ही ट्रैफिक व्यवस्था का बदलाव

24 अप्रेल 2024 को सुबह 10 बजे तक राजभवन के आसपास चारों ओर निम्नानुसार मार्ग में में यातायात व्यवस्था प्रभावित रहेग। कालीमाता मंदिर तिराहा से राजभवन की ओर,खजाना चौक से राजभवन की ओर पुराना पीएचक्यू तिराहा से राजभवन की ओर पर किसी भी तरह की रैली आयोजन बर्बदास्त नहीं किया जाएगा।

पीएम के राजभवन में रुकने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री के राजभवन में रूकने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत किया।

शिकायत में कहा गया कि दिनांक 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का रायपुर आगमन हो रहा है और उनका रात्रि विश्राम राजभवन में प्रस्तावित है जो कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल का निवास स्थान है।

राज्य के संवैधानिक प्रमुख के निवास पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का रात्रि विश्राम करना सीधे-सीधे पूरे राज्य के मतदाताओं को और पूरी सरकारी मशीनरी को प्रभावित करेगा और यह निष्पक्ष चुनाव की परिस्थितियों को दूषित करेगा।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार होते हैं और उनकी सुरक्षा की आवश्यकताएं भी होती हैं जिन्हें हम सब बखूबी समझते हैं और उन्हें हर हालत में पूरा किया जाना चाहिए, लेकिन प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार प्रजातंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मूलभूत बातों से ऊपर नहीं है। यदि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के नाम पर वे राज्य के संवैधानिक प्रमुख के शासकीय निवास राजभवन में रूकते हैं तो इससे पूरे छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित होगी। आखिर राज्यपाल ही तो निर्वाचन कार्य में लगी हुयी पूरी कार्यपालिका के प्रमुख हैं और इससे चुनावी कार्य में लगे सारे सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों की निष्पक्षता प्रभावित होगी और चुनाव का वातावरण सत्ताधारी दल के पक्ष में प्रदूषित किया जायेगा। यह निश्चित रूप से निष्पक्ष चुनाव की परिस्थितियों को प्रभावित करने की भाजपा की चाल है जिसका हम विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि निर्वाचन आयोग प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम के लिए उनकी गरिमा और उनकी सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप राजभवन की जगह किसी और उपयुक्त और विधि विधान के अनुरूप स्थान में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए शासन को निर्देशित करे। यह निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है और निर्वाचन आयोग इस संबंध में तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता से निर्णय लेकर कार्यवाही करे यह निर्वाचन की निष्पक्षता के हित में होगा।

पूर्व में जब-जब राज्य सरकार के मुख्यि मुख्यमंत्री चुनावों के दौरान आचार संहिता लगी होने के बावजूद निर्वाचन आयोग की अनुमति से शासकीय विश्राम गृहों में रूकते रहें हैं तब-तब निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त निर्वाचन पर्यवेक्षकों ने वहां उपस्थित रहकर यह सुनिश्चित किया है कि वे किसी भी राजनैतिक या चुनाव कार्य से जुड़े शासकीय व्यक्ति से न मिले।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रवास के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी के विश्राम के लिए निर्धारित शासकीय परिसर में किसी भी राजनैतिक या चुनाव कार्य से जुड़े शासकीय व्यक्ति से प्रधानमंत्री मुलाकात न करे इसे भी निर्वाचन आयोग को सुनिश्चित करना चाहिए।

भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा का भूपेश पर बड़ा हमला

- भूपेश बघेल को वोट देना यानि छत्तीसगढ़ को लूटने वाले नवाज खान, सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई को वोट देना
- सौम्या पर मौन रहकर भूपेश ने भ्रष्टाचार स्वीकारा
- सौम्या, नवाज, अकबर,ढेबर सबके मुखिया भूपेश बघेल

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने आज कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पूर्व अधिकारी सौम्या चौरसिया की गिरफ़्तारी पर वे खामोश क्यों है?

बार-बार सौम्या चौरसिया की जमानत रद्द हो रही हैं वह आपकी उपसचिव रही हैं ऐसे यह संभव ही नहीं हैं की इस भ्रष्टाचार में आप लिप्त नहीं हैं। श्री वर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल बताए छत्तीसगढ़ की गरीब जनता से हुई लूट में कितना प्रतिशत भूपेश बघेल का हैं, और कितना प्रतिशत सौम्या का, भूपेश बघेल बताए?

चाहे नवाज खान हो या सौम्या चौरसिया या फ़िर अनिल टूटेजा या फ़िर विनोद वर्मा या आपके विभाग के अधिकारी समीर विश्नोई ये सभी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में या तो जेल में हैं या तो बेल पर और इनसे आपका सीधा संबंध रहा है तो क्या आप इन सबके ऊपर लगे आरोपों में हिस्सेदार नहीं हैं?

उन्होंने भूपेश बघेल से सीधा प्रश्न किया कि अगर हिस्सेदारी नहीं है, तो इन सबकी वकालत क्यों की ? लगातार आपके बयान आते रहें की आप इनके साथ में खड़े रहें।

जब शुरुवाती दौर में सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई की गिरफ़्तारी हुई तब आपने चीख-चीख कर उनके निर्दोष होने के दावे किए लेकिन आज लगभग 16 से 18 महीने हो गए उन्हे कोर्ट ने जमानत नहीं दी हैं,अब मौन क्यो है? मुख्यमंत्री रहते अपनी ही जनता से लूट पर अपने कार्यवाही करने की जगह भ्रष्टाचारियों का साथ दिया क्या आप इस पर शर्मिंदा नहीं हैं?

यह सवाल करते हुए श्री भरत वर्मा ने कहा ये सभी तथ्य बताते हैं की छत्तीसगढ़ के आदिवासियों, अनुसूचित जाति के साथियों पिछड़े वर्ग के लोगों के हक पर जो डाका डाला गया।

उसमें भूपेश बघेल भी एक पार्टनर रहे, ऐसे में भूपेश बघेल को वोट देना यानि छत्तीसगढ़ को लूटने वाले नवाज खान, सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई को वोट देना।

ग्राम भालुचुवा के तीन पंच सहित दर्जनों लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में एक ओर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जनसम्पर्क कर तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है वही दूसरी ओर अपना कुनबा बढ़ाने में भी लगे हुए है । छत्तीसगढ़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी को मिली बड़ी सफलता के बाद लगातार काँग्रेस में भगदड़ मची हुई है लोग बहुत संख्या में भारतीय जनता पार्टी एवं मोदी जी के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश कर रहे है । इसी कड़ी में भोरमदेव मंडल के ग्राम भालूचुवा से तीन पंच सहित दर्जनों लोगों ने जिला अध्यक्ष अशोक साहू, महामंत्री संतोष पटेल श्रीकान्त उपाध्याय के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली । जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने भाजपा पट्टा पहनाकर ग्रामीणों को भाजपा में शामिल।किया ।

चन्द्र कुमार दिवाकर पंच,सरदार सिंह लहरे,कमल दास लहरे पंच, राम भरोसे लहरे पंच,बालक दास ,हीरा सिंह,अगर दास,राजकुमार डहरे, ग्राम पटैल, चैत राम बंजारे,रोहित दिवाकर ने भाजपा प्रवेश कर पार्टी के प्रति अपना विश्वास जताया ।

हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना व भंडारा

बेमेतरा/नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रीराम भक्त समिति द्वारा प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी बेमेतरा स्थिति राम मंदिर प्रांगण में प्रातः भगवान हनुमान की पूजा अर्चना के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभी श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में प्रसादी प्राप्त किए। जिसमें आयोजन समिति के पीयूष शर्मा, शिवम दीवान, आकाश सलूजा, गौरव दागा, आयुष साहू, सत्यम शर्मा, ऋत्विक तिवारी, भानुप्रताप साहू, जय मेघवानी, जतिन मेघवानी, बादल जोशी, शिवम साहू, राहुल साहू, मनीष साहू आदि उपस्थित थे।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही, तीन कर्मचारियों पर गिरी निलंबन की गाज

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण में सूचना दिए जाने के बाद भी अनुपस्थित रहने एवं निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओ सूचना का जवाब समाधान कारक नहीं देने के कारण तीन कर्मचारियों पर निलंबन की कार्यवाही की है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कबीरधाम श्री जनमेजय महोबे द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के नियम 134 तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत दंडनीय होने से तीन कर्मचारियों को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की कार्यवाही दो शिक्षक एलबी एवं एक प्रधान पाठक के ऊपर की गई है। निलंबन अवधि में संबंधित कर्मचारियों को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा कर्मचारियों का मुख्यालय संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है की संसदीय क्षेत्र लोकसभा राजनांदगांव के लिए दूसरे चरण पर 26 अप्रैल को मतदान होना है।

जादूगर सम्राट अजूबा का शो देखने उमड़ी भीड़, स्कूली बच्चों ने भी देखा रोमांचक जादू

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले कई दिनों से शहर के लोगों को अपनी जादुई करिश्मों से दिवाना बनाने वाले जादूगर सम्राट अजूबा का जादू* सिर चढ़कर बोल रहा है द्य जादूगर सम्राट अजूबा ने बताया कि जब से यह जादू रायपुर में दिखा रहे हैं लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला है द्य समाज का ऐसा कोई वर्ग नहीं है जो हमारे जादू का कायल नहीं हुआ। हमारी कोशिश होती है कि हम अपने जादू से लोगों का मनोरंजन कर उन्हें जादू दुनिया से परिचित कराएं द्य इसमे हमारी पूरी टीम काम करती है द्य सभी का प्रयास रहता है कि अच्छा से अच्छा जादू दिखाकर लोगों का मनोरंजन कर। हमारा जादू शो 5 मई तक आपके शहर में रहेगा लेकिन अगर दर्शकों का भरपूर प्यार मिला तो शो को एक सप्ताह बढ़ाकर 12 मई तक कर सकते हैं। हमारे शो में रोजाना कुछ न कुछ नए नए कारनामें देखने को मिलेंगे द्य आखिरी समय में आप सपरिवार पधारिये और जादूगर अजूबा के विश्व स्तरीय शो का आनंद उठाईये द्य रोजाना 3 शो चलते हैं - 1 बजे, 4 बजे एवं शाम 7 बजे प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है। जिसका टिकट आप ऑनलाइन www. jadug arajooba.com से या ऑफ्लाइन रंग मंदिर परिसर में बने टिकट काउन्टरश्च से ले सकते हैं द्य रोजाना शो को देखने स्कूल के बच्चे एवं ग्रुप संस्थाओं के लोग पहुँच रहे हैं जिन्हें जादूगर अजूबा की तरफसे विशेष छूट दिया जा रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज पंडरिया विधानसभा में



राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल पंडरिया विधानसभा के ग्रामों में आज 24 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी श्री भूपेश बघेल पंडरिया विधानसभा के ग्रामों में दोपहर 12 बजे से कुम्ही, पाढ़ी, बदना, कामठी, कोदवा, अमलडीहा, कापादाह, किसुनगढ़ में जनसंपर्क करेंगे।

रतन टाटा को किया गया प्रतिष्ठित कीस मानवतावादी सम्मान 2021 प्रदान

मुंबई। प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी, टाटा समूह के चेयरमैन एमेरिटस रतन टाटा को सोमवार को प्रतिष्ठित कीस मानवतावादी सम्मान 2021 से सम्मानित किया गया। मुंबई में उनके निजी आवास पर आयोजित किया गया था पुरस्कार समारोह जिसमें उन्हें कीट-कीस-कीम्स के प्रो.अच्युत सामंत द्वारा सम्मानित किया गया। यह सामाजिक विकास और अनुकरणीय कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की एक महत्वपूर्ण मान्यता है।

इस समारोह में टाटा समूह के अध्यक्ष एन.चंद्रशेखरन और तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज सहित अन्य लोग उपस्थित थे। यह पुरस्कार KIIT और KISS के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत द्वारा प्रदान किया गया। स्वास्थ्य कारणों से, टाटा सार्वजनिक उपस्थिति से बच रहे हैं, जिसके कारण उनके घर पर समारोह की निजी व्यवस्था की गई है।

आमतौर पर प्रशंसा स्वीकार करने में संकोच करने वाले रतन टाटा, KISS मानवतावादी सम्मान के महत्व को पहचानते हुए, डॉ. अच्युत सामंत के व्यक्तिगत अनुरोध के बाद इस पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए सहमत हुए। इस पुरस्कार की घोषणा 2021 में की गई थी, लेकिन तब COVID महामारी के कारण यह पुरस्कार रतन टाटा प्राप्त करने में असमर्थ थे।

अपनी स्वीकृति में टाटा ने KISS और इसके संस्थापक डॉ. सामंत के प्रति आभार व्यक्त किया। 'मैं यह सम्मान पाकर बेहद खुश हूं। यह मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण है', उन्होंने टिप्पणी की।

डॉ. सामंत ने कहा, 'रतन टाटा भारत में एक सम्मानित नाम है, और वह वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। आज उन्हें इस सम्मान से सम्मानित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। रतन टाटा के सामाजिक कार्य और नेतृत्व ने मुझे बचपन से ही प्रभावित किया है। मेरे पिता टाटा कंपनी के कर्मचारी थे। तब से, मैं रतन टाटा का सम्मान करता हूं और उन्हें पसंद करता हूं । जब मैं सिर्फ चार साल का था, मेरे पिता की एक ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु हो गई'' उन्होंने कहा।

2008 में डॉ. अच्युत सामंत द्वारा शुरू किया गया, KISS मानवतावादी सम्मान KIIT और KISS का सर्वोच्च सम्मान है जो दुनिया भर में मानवीय कार्यों की भावना को मूर्त रूप देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता देने के लिए समर्पित है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के पिछले प्राप्तकर्ताओं में वैश्विक नेताओं का एक विविध समूह, नोबेल पुरस्कार विजेता और विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय व्यक्ति शामिल हैं, जो इस पुरस्कार की व्यापक अंतरराष्ट्रीय अपील और सम्मान को प्रदर्शित करते हैं। इस अवसर पर KISS के लगभग 40,000 छात्रों ने रतन टाटा के स्वस्थ, लंबे और रोग मुक्त जीवन की कामना की।

अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते आरोपी को किया गया गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ, शराब, चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये दिनांक 23 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर टीम गठित कर आरी कोनारी चौंक के पास ग्राम आरी, थाना डोंगरगांव के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया।